जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**A 'Snake' In Our Yard?**

What Sergey Gorokhovsky, or Sergio Gor, the new United States Ambassador to India, has going for him is this: he has President Donald Trump's ear. And that makes him an extremely valuable commodity for New Delhi

Add Sweetness To Your Celebrations

# भारत ने ट्रंप से डील करने के लिए ''मर्करी पब्लिक अफेयर्स'' की सेवाएं लीं

## यह पोलिटिकल लॉबिइंग फर्म है जिसकी वाइट हाउस में गहरी पैठ है

- ट्रंप के साथ टैरिफ वॉर में अब भारत ने अपने सबसे महत्वपूर्ण हथियार को काम में लिया है और वह है ''पोलिटिकल लॉबिइंग'' इसके लिए मर्करी पब्लिक अफेयर्स से 1.96 करोड़ रु. में तीन माह का करार किया है।
- वाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप की प्रभावशाली चीफ ऑफ स्टाफ सूज़ी वाइल्स से मर्करी की निकटता जग जाहिर है। सूज़ी मर्करी के लिए काम कर चुकी हैं।
- भारत के अलावा डेनमार्क, इक्वाडोर, आर्मेनिया व दक्षिण कोरिया ने भी इस फर्म की सेवाएं ली हैं।
- अमेरिका में लॉबिइंग बेहद महत्वपूर्ण है। आर्थिक रुप से विपन्न पाकिस्तान भी 6 ऐसी फर्मों पर प्रति माह 5.2 करोड़ रु. खर्च करता है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। टैरिफ (आयात शुल्क) को लेकर लड़ाई अब केवल व्यापारिक मंचों और शिखर सम्मेलनों तक सीमित नहीं रही - यह वॉशिंगटन के प्रभाव वाले क्षेत्रों तक पहुँच चुकी है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक की भारी ड्यूटी लगाए जाने की संभावना के बीच, नई दिल्ली ने अपने सबसे प्रभावशाली राजनीतिक हथियार ''लॉबिइंग'' को सक्रिय कर दिया है। वाइट हाउस से गहरे संबंध रखने वाली एक दूसरे नम्बर की हाई-पावर्ड फर्म को हायर करके भारत ने साफ संकेत दे दिया है कि वह अपने आर्थिक हितों या वॉशिंगटन में अपनी रणनीतिक पकड़ को बिना लड़े कमज़ोर नहीं होने देगा।

यूएस फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (एफएआरए) के तहत हुए अनिवार्य खुलासों के अनुसार, वॉशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने ''मरकरी पब्लिक अफेयर्स'' नामक फर्म के साथ तीन महीने का अनुबंध किया है, जिसकी कुल लागत 225,000 (लगभग 1.96 करोड़) है। यह अनुबंध 15 अगस्त से प्रभावी है और इसके तहत मरकरी को संघीय लॉबिइंग, मीडिया आउटरीच, सोशल मीडिया रणनीति, विज्ञापन, और भारत की सार्वजनिक छवि का डिजिटल ऑडिट करना है, जो नवंबर के मध्य तक चलेगा।

इस व्यवस्था को खास बनाने वाली बात यह है कि मरकरी का वर्तमान वाइट हाउस से बेहद नजदीकी संबंध है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की प्रभावशाली चीफ ऑफ स्टाफ सूज़ी वाइल्स पहले मरकरी के वॉशिंगटन और फ्लोरिडा कार्यालयों की प्रमुख रह चुकी हैं और ट्रम्प के 2024 के चुनाव अभियान की अगुआई भी कर चुकी हैं। यह व्यक्तिगत और संस्थागत संबंध भारत को वॉशिंगटन के व्यक्तित्व-प्रधान सत्ता गलियारों में अधिक प्रभावशाली बना सकता है।

भारत इस राह पर अकेला नहीं है। ट्रम्प की सत्ता में वापसी के बाद डेनमार्क, इक्वाडोर, आर्मेनिया और दक्षिण कोरिया जैसे कई देशों ने भी मरकरी को हायर किया है। हालांकि नई दिल्ली के लिए स्थिति ज्यादा गंभीर है, क्योंकि नया टैरिफ ढांचा अमेरिकी बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकता है, एक ऐसे समय में जब द्विपक्षीय व्यापार भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की रीढ़ बन चुका है।

मरकरी के साथ हुआ यह समझौता वॉशिंगटन में भारत की पहले से मजबूत लॉबिइंग उपस्थिति में एक और कड़ी जोड़ता है। सन् 2023 से भारत ने सालाना 1.8 मिलियन (लगभग 15.7 करोड़) की फीस पर दायर कर रखा है, जिसका नेतृत्व ट्रम्प के पूर्व सलाहकार जेसन मिलर कर रहे हैं। यह अनुबंध रणनीतिक सलाह, सरकारी संपर्क और भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, विशेषकर ऐसे समय में जब वॉशिंगटन भारत की विदेश नीति,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पंचायत चुनाव जल्दी कराने के कोर्ट के आदेश पर रोक लगी

जयपुर, 25 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट की एकलपीठ की ओर से गत 18 अगस्त को प्रदेश की पंचायतों के चुनाव जल्दी कराने और करीब डेढ़ दर्जन प्रशासकों को पद से हटाने पर रोक लगाने के आदेश पर खंडपीठ ने रोक लगा दी है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित ने यह आदेश राज्य सरकार की अपील पर दिए। अदालत ने कहा कि समान बिंदु पर खंडपीठ के समक्ष मामला लंबित है।

अपील में अतिरिक्त महाधिवक्ता कपिल प्रकाश माथुर ने बताया कि एकलपीठ ने गत 18 अगस्त को पंचायतों के चुनाव जल्दी कराने के

- हाईकोर्ट की एकलपीठ के आदेश की क्रियान्विति पर डबल बैंच ने रोक लगाई।

आदेश देते हुए याचिकाकर्ता प्रशासकों को पद से हटाने पर रोक लगाई थी। अपील में कहा गया कि पूर्व में पंचायतों के तीन चरणों में चुनाव हुए थे। ऐसे में संबंधित सरपंचों का कार्यकाल भी अलग-अलग चरणों में पूरा हो रहा है। राज्य सरकार सभी पंचायतों के चुनाव एक साथ कराना चाहती है। इसलिए कार्यकाल पूरा कर चुके सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त कर दिया गया। यह व्यवस्था अस्थाई तौर पर और पंचायतों के दैनिक कामकाज को सुचारू चलाने के लिए की गई थी। वहीं बाद में कुछ प्रशासकों की शिकायत मिलने पर उन्हें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'धनखड़ के बारे में सच-झूठ की व्याख्या विपक्ष की राय पर आधारित नहीं होनी चाहिए'

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के ''हाउस अरैस्ट'' की चर्चा पर यह बात कही

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, धनखड़ के त्यागपत्र में साफ लिखा था वे स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दे रहे हैं। इसमें ज्यादा सोच विचार की जरुरत नहीं है।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने केन्द्रीय गृह मंत्री शाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शाह के स्पष्टीकरण से धनखड़ की गैर मौजूदगी पर रहस्य और गहरा हो गया है।
- जयराम रमेश ने कहा कि शाह यह नहीं बता पाए कि किसानों के हितैषी और इतने मुखर नेता धनखड़ से इस्तीफा देने के बाद कोई संवाद क्यों नहीं हो पा रहा है।
- ज्ञातव्य है कि धनखड़ ने मानसून सत्र के पहले ही दिन स्वास्थ्य कारणों से अचानक इस्तीफा दे दिया था, तब से वे सार्वजनिक जीवन से गायब हैं।

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 25 अगस्त। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने और उसके बाद सार्वजनिक रूप से पूरी तरह गायब रहने को लेकर आज केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की तो भ्रम और गहरा गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि शाह की टिप्पणी ने पूर्व उपराष्ट्रपति के इस्तीफे और उनकी गैर मौजूदगी से संबंधित रहस्य को और उलझा दिया है।

जयराम रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''श्री जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई, 2025 की रात को अचानक और अप्रत्याशित रूप से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। यह अभूतपूर्व था एक दिन बाद, प्रधानमंत्री ने बस उन्हें अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामना दी। आज गृह मंत्री ने कुछ और कहने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने रहस्य को और गहरा ही किया है।'' उनकी यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा कि धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया और विपक्ष को इस मुद्दे को तूल नहीं देना चाहिए।

समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में शाह ने कहा, धनखड़ साहब का इस्तीफा पत्र अपने आप में स्पष्ट है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री, अन्य मंत्रियों और सरकार के सदस्यों के प्रति अपने अच्छे कार्यकाल के लिए हार्दिक आभार भी व्यक्त किया है।

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए इस आरोप कि धनखड़ को नज़रबंद कर दिया गया है, निराधार हैं।

उन्होंने कहा, ''सच और झूठ की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डूंगरपुर में भारी बारिश, बेणेश्वर धाम टापू बना

## माही बांध के गेट खोले जाने के बाद से बेणेश्वर धाम के चारों तरफ पानी भर गया है

- प्रशासन ने वहां फंसे श्रद्धालुओं को निकाला और मौके पर प्रशासनिक अधिकारी को तैनात किया ताकि हालात पर नज़र रखी जा सके।
- डूंगरपुर जिले के सभी बांध और तालाब लबालब हो गए हैं तथा कई बांध ओवर फ्लो हो रहे हैं।
- कागदर नदी उफान पर है, जिससे देव सोमनाथ पुल पर एक से दो फीट पानी बह रहा है।
- डूंगरपुर शहर में भी बारिश से हालात खराब हैं। सड़कों पर दो से तीन फीट पानी है। स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि में छुट्टी कर दी गई है।

डूंगरपुर, 25 अगस्त (निसं)। जिले भर में पिछले दो दिन लगातार तेज व मध्यम गति की बारिश हो रही है, जिसके कारण जिले के कई तालाब व बांध अपनी भराव क्षमता को पार कर चुके हैं। वहीं जिले का प्रमुख आस्था का केंद्र बेणेश्वर धाम तीन दिन से टापू बना हुआ है। जबसे माही बांध के गेट खोले गए तबसे जिले का सबसे बड़ा धर्मस्थल बेणेश्वर धाम के चारों ओर पानी ही पानी है। तीन दिन पूर्व वहां पर बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री फंस गए थे, जिन्हें प्रशासन ने सुरक्षित निकाला। सोमवार को यही हालत रही, मौके पर प्रशाशनिक अधिकारी नियुक्त है, ताकि कोई जनहानि न हो। प्रशासन ने बेणेश्वर धाम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

वहीं जिले के सबसे बड़े बांध सोम कमला आम्बा के सात गेट 1-1 मीटर खोले गये हैं तथा आसपास के काश्तकारों को सावधान कर दिया गया है। इधर लगातार बारिश के चलते पुराने शहर में सड़कें दरिया बन गई है। सड़कों पर 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। डूंगरपुर में भारी बारिश के अलर्ट के चलते सोमवार को स्कूल, मां बाडी केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां रही।

डूंगरपुर शहर के पुराना विजय स्कूल की चार दीवारी का कुछ हिस्सा ढह गया है। हालांकि स्कूल में छुट्टी की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई है। जिले के कनबा इलाके में सबसे अधिक साढे तीन इंच बरसात हुई है, जबकि डूंगरपुर और देवल में ढाई-ढाई इंच बरसात हुई है। अमरपुरा सहित 7 छोटे-बड़े बांध व तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। कागदर नदी से लगातार पानी की आवक के कारण जहां देवसोमनाथ पुल पर एक से दो फीट पानी बह रहा है, इसलिए दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जंतर-मंतर पर फिर डटे किसान

नई दिल्ली, 25 अगस्त। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की मांग को लेकर किसान एक बार फिर प्रदर्शन करने की राह पर हैं। सोमवार को जंतर-मंतर पर हजारों किसानों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार से एमएसपी की मांग की। किसानों का कहना है कि एमएसपी किसानों के लिए मूल अधिकार के समान है जिसके बिना खेती को लाभकारी नहीं बनाया जा सकता। किसानों की मांग है कि केंद्र सरकार उन्हें कर्ज से मुक्ति दे और एमएसपी को कानूनी अधिकार घोषित

- किसानों ने सरकार से एमएसपी देने की मांग की है।

करे जिससे उन्हें अपनी ही फसलों के लिए सही दाम पाने के लिए बार-बार आंदोलन न करना पड़े।

किसानों की महापंचायत में पंजाब से आए सुखविंदर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने पिछले 10-11 वर्षों के कार्यकाल में देश के बड़े उद्योगपतियों के लाखों करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर चुकी है। लेकिन पूरे देश के किसानों का पूरा कर्ज 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक नहीं है। ऐसे में केंद्र सरकार को किसानों को एकमुश्त कर्ज से मुक्ति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सुदर्शन रेड्डी पर शाह की टिप्पणी पूर्वाग्रह से भरी गलत व्याख्या है'

## सुप्रीम कोर्ट के 7 पूर्व न्यायाधीशों सहित 18 पूर्व जजों ने अमित शाह के खिलाफ हस्ताक्षरित बयान जारी किया

- शाह के खिलाफ बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश जस्टिस चेलमेश्वर, मदन बी.लोकुर, कुरियन जोसेफ, अभय ओका, गोपाल गौडा व विक्रमजीत सेन शामिल हैं।
- सेवानिवृत न्यायाधीशों के समूह ने कहा कि एक उच्च राजनैतिक पदाधिकारी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या करने से न्यायाधीशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।
- ज्ञातव्य है कि अमित शाह ने कहा था कि सुदर्शन रेड्डी ने सल्वा जुडुम खत्म करने का फैसला न दिया होता तो नक्सलवाद 2020 में ही खत्म हो जाता।

नई दिल्ली, 25 अगस्त। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सलवा जुडूम फैसले को लेकर विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे बचना ही समझदारी होगी। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसेफ, मदन बी. लोकुर और जे. चेलमेश्वर सहित 18 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के समूह ने यह भी कहा कि एक उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से शीर्ष अदालत के फैसले की पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या से न्यायाधीशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

दरअसल, शाह ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि सलवा जुडूम फैसले के बिना वामपंथी उग्रवाद 2020 तक समाप्त हो गया होता।

18 पूर्व न्यायाधीशों द्वारा हस्ताक्षिरत बयान में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सलवा जुडूम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की सार्वजनिक रूप से गलत व्याख्या करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह फैसला कहीं भी, न तो स्पष्ट रूप से और न ही इसके पाठ के किसी भी निहितार्थ के माध्यम से, नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन करता है। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ए के पटनायक, अभय ओका, गोपाल गौड़ा, विक्रमजीत सेन, कुरियन जोसेफ, मदन बी. लोकुर और जे. चेलमेश्वर भी हैं।

सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने कहा, भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रचार अभियान वैचारिक हो सकता है, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना से बचना चाहिए। किसी उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की पूर्वाग्रह पूर्ण व्याख्याता गलत व्याख्या का सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को हिला सकता है।

सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति के पद के सम्मान में नाम-निंदा से बचना ही समझदारी होगी। सुप्रीम कोर्ट के सात सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के अलावा उच्च न्यायालयों के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीशों गोविंद माथुर, एस. मुरलीधर और संजीव बनर्जी ने भी बयान पर हस्ताक्षर किए। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश, सी. प्रवीण कुमार, ए. गोपाल रेड्डी, जी. रघुराम,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री ने सांसदों, विधायकों, प्रत्याशियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन किया

## उन्होंने प्रदेश के विकास के कार्यों के लिये प्रतिबद्धता से काम करने का आव्हान किया

- पहले दिन मुख्यमंत्री आवास पर हुए गहन मंथन में कोटा, झालावाड़-बारां, टोंक सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, उदयपुर, राजसमन्द, चितौड़, भीलवाड़ा व बांसवाड़ा के जनप्रतिनिधी शामिल हुए।

जयपुर, 25 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान2047 के संकल्प को तेजी से साकार करने के क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर कोटा, झालावाड़-बारां, टोंक-सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, उदयपुर, राजसमन्द, चित्तोड़गढ़ , भीलवाड़ा एवं बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसदों एवं प्रत्याशियों तथा इन संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों, प्रत्याशियों तथा भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ गहन मंथन किया। इस दौरान शर्मा ने राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए उनसे प्रदेश के विकास के कार्यों के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुशासन के माध्यम से सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर जनसेवा के नए कीर्तिमान स्थापित किए है। संवाद के दौरान सांसद-विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों ने राज्य सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में ऐतिहासिक निर्णयों से अभूतपूर्व बदलाव आए है। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, सीपी जोशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज सरकार और संगठन बेहतर समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। सांसद और विधायक सहित संगठन के पदाधिकारी राज्य सरकार की अभूतपूर्व उपलब्धियों से गौरवान्वित हैं।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कोटा, झालावाड़-बारां, टोंक-सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, उदयपुर, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़ , भीलवाड़ा एवं बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसदों, विधायकों, प्रत्याशियों तथा भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ गहन मंथन किया।*

संवाद कार्यक्रम के पश्चात पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजेन्द्र राठौड ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नवाचार करते हुए जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच में संवाद कार्यक्रम रखा। संवाद कार्यक्रम के दौरान राज्य के 5 हजार गांवों को गरीबी मुक्त करने पर चर्चा की गई। इस हेतु प्रत्येक मापदंड के आधार पर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाएगा।

राठौड़ ने कहा कि जनकल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसी क्रम में हम 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन करने जा रहे है। साथ ही, 29 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक सांसद खेल महोत्सव आयोजित करने की रूपरेखा भी बनाई है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि कार्यक्रम में यह भी तय किया गया है कि सभी विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों के मरम्मत और नवीन निर्माण कार्यों की सूची तैयार करके भेजेंगे। जिससे वहां शीघ्र कार्य शुरू हो सके।

## संघ का तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम आज से

नई दिल्ली, 25 अगस्त। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। संघ ने शताब्दी वर्ष मनाने की तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए दिल्ली में तीन दिवसीस संवाद कार्यक्रम करने का एलान किया गया। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोमवार को कार्यक्रम की जानकारी दी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि आरएसएस शताब्दी वर्ष दो अक्तूबर विजयादशमी से शुरू होगा। शताब्दी वर्ष पर संघ के विचारों को समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य से दिल्ली में तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 26, 27 और 28

- संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी के सम्बंध में यह कार्यक्रम दिल्ली में हो रहा है, जिसमें मोहन भागवत भी हिस्सा लेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**विश्व इतिहास में प्रत्येक महान और महत्त्वपूर्ण आन्दोलन उत्साह द्वारा ही सफल हो पाया है। –एमर्सन**

# सुशासन के लिए अधिक आवश्यक क्या - नियम या नीयत?

भारत का संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में से एक है। यहां पर अनेक प्रकार के कानून, नियम, प्रक्रियाएं और दिशा निर्देश बने हुए हैं। इन सबके उपरांत भी अभी तक भारत में असमानता इतनी अधिक क्यों है? सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ वांछित, वंचित वर्ग तक क्यों नहीं पहुंचता है? क्यों भ्रष्टाचार दिन-प्रतिदिन अधिक फल फूल रहा है?

सरकार का हर निर्णय इसी कथित उद्देश्य से लिया जाता है कि उससे भ्रष्टाचार कम होगा और आम जन को अपने कार्य करवाने में सुविधा मिलेगी। उसे अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वास्तव में ऐसा होता किसी को दिखाई नहीं देता। यहां तक कि जैसे-जैसे डिजिटाइजेशन और कंप्यूटराइजेशन बढ़ता गया, वैसे-वैसे भ्रष्टाचार भी कम होने के स्थान पर बढ़ता गया।

सरकार के सभी विभागों की समान स्थिति है, चाहे वे आधारभूत संरचना के निर्माण में लगे हों, शिक्षा, स्वास्थ्य प्रदान करने के काम में लगे हों, गरीबी उन्मूलन के कार्य में लगे हों या सामाजिक कल्याण और न्याय की विभिन्न योजनाओं को लागू करने के काम में लगे हों। सरकार ने बजट की कमी के कारण यह तय किया कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको देने के स्थान पर केवल गरीब लोगों की पहचान करके उन्हें ही लाभान्वित किया जाय। इस उद्देश्य से 1978 में अंत्योदय योजना प्रारंभ की गई तो गांव के पांच सबसे गरीब परिवारों की पहचान करके योजनाओं का लाभ उन्हें देने का निर्णय लिया गया। चूंकि यह निर्णय गांव के लोगों के समक्ष लिया जाता था, अधिकांशतया वही लोग अंत्योदय परिवारों में चयनित किए गए जो वास्तव में गरीब थे। इस योजना का लाभ भी बड़ी सीमा तक निर्धन व्यक्तियों तक पहुंचा।

बाद में जब बीपीएल योजना प्रारंभ हुई तो उसमें बहुत सारे मापदंड बना दिए गए जिनके आधार पर सर्वे किया गया और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले (बी पी एल) लोगों की सूची बनाई गई। जब बीपीएल में चयनित लोगों को लाभ देने का प्रश्न आया तो देखा गया कि कई प्रभावशाली और अपेक्षाकृत संपन्न व्यक्ति भी बीपीएल की सूची में सम्मिलित हो गए। जो वास्तव में गरीब थे और जिनकी कोई पहुंच सरकारी अधिकारियों तक नहीं थी, उनमें से अधिकांश सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गए। इसके लिए योजना को दोष नहीं दिया जा सकता अपितु जिन लोगों ने बीपीएल का सर्वे किया उनकी नीयत सही नहीं थी। यदि वे गरीब लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मानसिकता रखते, तो सरकारी धन का दुरुपयोग होने से बचा जा सकता था।

यही हाल सरकार द्वारा गरीबों को 5 किलो राशन बांटने की योजना का हो रहा है। ये समाचार लगातार पढ़ने में आते हैं कि कई आयकर दाता भी मुफ्त राशन का लाभ उठा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि स्थानीय स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों को उनके क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति का पता न हो। किंतु जब उनकी नीयत ही ठीक नहीं है तो फिर उसका लाभ भी गलत लोगों को ही मिलेगा। नीयत का प्रश्न तब अधिक प्रासंगिक होता है जब चयनित व्यक्तियों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ देना हो, जबकि उसके पात्र उससे कहीं अधिक संख्या में हों। जो व्यक्ति अपने प्रभाव के कारण गरीबों की सूची में सम्मिलित हो जाएंगे वे लाभ लेने में सबसे आगे रहेंगे और वास्तविक वंचित व्यक्ति उसी स्थिति में रह जाएंगे।

परिवहन विभाग में जब लाइसेंस देने का काम ऑनलाइन नहीं हुआ था, तब शायद कई लोग बिना एजेंट की सहायता से भी अपना लाइसेंस परिवहन कार्यालय में जाकर बनवा लेते थे। अब, जब से ऑनलाइन लाइसेंस बनाने का कार्य प्रारंभ हुआ है तब से एजेंट व्यवस्था समाप्त होने के स्थान पर और मजबूत हो गई है। जब विभाग यह दावा करता है कि घर बैठे आप सारा काम कर सकते हैं तो अधिकांश लोग एजेंटों से काम करवाने हेतु क्यों मजबूर हैं? कारण स्पष्ट है, ऑनलाइन व्यवस्था ऐसे बनेर है कि उस पर काम करना ही संभव नहीं है। इसका मुख्य कारण विभागीय अधिकारियों की विकृत मानसिकता ही है। अधिकांश सरकारी अधिकारी केवल टाइम पास करने या पैसा बनाने की नीयत से ही सरकारी नौकरी में आते हैं।

स्थानीय निकाय जैसे जेडीए, यूआईटी, नगर निगम आदि से अधिकांश नागरिकों का वास्ता पड़ता है। सब काम जैसे नक्शा पास कराना हो, किसी व्यापार का लाइसेंस लेना हो, कन्वर्शन कराना हो वह संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की 'सेवा पूजा' किए बगैर संभव नहीं है। हमारे एक मित्र ने एक नगर निगम में जब भू उपयोग परिवर्तन का प्रार्थना पत्र दिया तो उस पर 70 बार आपत्तियां लगाई गईं। उनसे कहा गया कि आप 10 लाख रुपए एजेंट को देते तो आपका काम तत्काल हो सकता था। यह सब दोष नियमों का नहीं केवल मात्र नीयत का है। अधिकांश विभागों में जहां ऑनलाइन की व्यवस्था है, वहां का पोर्टल काम ही नहीं करता। यही हाल हेल्प लाइन नंबर का है। मेरा व्यक्तिगत अनुभव यह है कि सरकारी काम में न पैसे की कमी आड़े आती है न नियम। जो बात आड़े आती है, वह है अधिकारियों की नीयत।

नरेगा में भ्रष्टाचार को रोकने की दृष्टि से सारे कामों की सूची ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध की गई। इसके बावजूद नरेगा देश की भ्रष्टतम योजना में से एक बनकर रह गई है, क्योंकि इसमें काम करने वाले लोगों की नीयत अच्छी नहीं है। इस कानून में प्रावधान है कि 15 दिन में काम न मिलने पर ग्रामीण को बेरोजगारी भत्ता मिलना चाहिए। यह सभी को पता है कि नाम मात्र के लोगों को ही बेरोजगारी भत्ता मिलता है, क्योंकि उनके पास ऐसा कोई साधन नहीं है कि वे यह सिद्ध कर सकें कि उन्होंने किस तिथि को काम के लिए आवेदन किया था? स्थिति और विकट तब हो जाती है जब जिनके पास शिकायत करनी होती है, वही इस भ्रष्टाचार के दुष्चक्र में भागीदार हो जाते हैं।

> **जिस गति से आजकल सरकार द्वारा निर्मित भवन, सड़क और पुल टूट रहे हैं, उससे यह तो स्पष्ट है कि तकनीक में बहुत अधिक विकास के बावजूद इंजीनियरों/अधिकारियों की खराब नीयत के कारण ऐसा हो रहा है। चूंकि हर काम में अधिकारियों/इंजीनियरों द्वारा कमीशन लिया जाता है। स्वीकृत राशि का बहुत कम हिस्सा वास्तव में काम पर खर्च होता है।**

शिक्षा के क्षेत्र में तो नीयत का महत्व सबसे अधिक है। शिक्षा में संख्यात्मक विस्तार और गुणात्मक सुधार के नाम पर कंप्यूटर के माध्यम से 'दर्पण' 'डाइस', 'अपार' जैसे सॉफ्टवेयर बनाए गए ताकि बच्चों की संख्या और उनके स्तर का ऑनलाइन मॉनिटरिंग किया जा सके। किंतु वास्तविकता यह है कि इससे शिक्षा के स्तर का कतई संबंध नहीं है। इसके विपरीत शिक्षकों का पूरा समय डेटा एंट्री करने में ही निकल जाता है। जहां पहले ही शिक्षक कम हों, वहां इस अनावश्यक काम में लगने के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। आज का दसवीं पास विद्यार्थी तीन चार दशक पूर्व के पांचवी पास विद्यार्थी की अपेक्षा भाषा और गणित की जानकारी में कहीं पीछे है। इसी प्रकार, आज का स्नातक, कुछ दशक पहले के हाई स्कूल के समकक्ष भी नहीं है। किसी की नीयत शिक्षा में सुधार करना नहीं अपितु केवल कागज़ी खाना पूर्ति मात्र रह गया है। नियमानुसार 75% से कम उपस्थिति वाले बच्चों को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जा सकता, किंतु यह सर्व ज्ञात है कि किसी भी सरकारी विद्यालय एवं महाविद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 10-20% भी नहीं रहती है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की इसी मानसिकता के कारण कोचिंग व्यवसाय फलफूल रहा है।

सरकार ने सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए कई विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, महाविद्यालय, विद्यालय आदि खोलने की घोषणा तो कर दी किंतु उसकी नीयत वास्तव में शिक्षा प्रदान की नहीं थी। यदि वास्तव में ऐसा होता तो पहले वे उपयुक्त संख्या में शिक्षकों की व्यवस्था करते। आज कई ऐसे 12वीं के विद्यालय हैं जहां विषयों के शिक्षक नहीं हैं। मेडिकल कॉलेजों में उन्हीं शिक्षकों को हर जगह निरीक्षण के समय दिखा दिया जाता है। जो शिक्षा विभाग निजी विद्यालयों को मान्यता देने के नाम पर कई प्रकार के प्रमाण पत्र लेता है, उसी के स्वयं के विद्यालय छत ढह जाने से कई बच्चों की जान ले लेते हैं। खराब नीयत के लिए जवाबदेही की कमी भी बहुत बड़ा कारण है।

जिस गति से आजकल सरकार द्वारा निर्मित भवन, सड़क और पुल टूट रहे हैं, उससे यह तो स्पष्ट है कि तकनीक में बहुत अधिक विकास के बावजूद इंजीनियरों/अधिकारियों की खराब नीयत के कारण ऐसा हो रहा है। चूंकि हर काम में अधिकारियों/इंजीनियरों द्वारा कमीशन लिया जाता है। स्वीकृत राशि का बहुत कम हिस्सा वास्तव में काम पर खर्च होता है। अतः, पुल सड़क टूटने का कारण कमीशन की नीयत ही है। इसके विपरीत रियासत कालीन निर्माण आज भी ज्यों के त्यों खड़े हुए है।

सैटेलाइट से आजकल किसी भी क्षेत्र पर निगरानी संभव है। इसके बावजूद यदि वन क्षेत्र में कटाई हो रही है, नदी के बहाव में अवैध निर्माण हो रहे हैं, अवैध खनन निरंतर बढ़ रहा है, पहाड़ कट कर रहे हैं तो इसके लिए जिम्मेदार केवल एक ही बात को माना जा सकता है, वह यह कि संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अच्छी नीयत के साथ काम नहीं कर रहे हैं।

अधिकांश लोक सेवक, वे मंत्री हों चाहे अधिकारी, इस उद्देश्य से इस क्षेत्र में नहीं आते हैं कि उन्हें जनता के हित के साधन में माध्यम बनना है। कई बार तो लगता है कि उनकी नीयत सामान्य जनता को प्रताड़ित और परेशान करके धनोपार्जन की है। वे 'लोक सेवा' में आए ही इसलिए हैं कि वे जनता से अधिकाधिक सुविधा शुल्क वसूल कर सकें। यदि ऐसा नहीं होता तो क्यों हमारे शहरों की कच्ची बस्तियों में लोग नारकीय जीवन जीने के लिए अब भी अभिशप्त होते?

सवाल यह उठता है कि अच्छी नीयत वाले सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या धीरे-धीरे कम क्यों होती जा रही है? उत्तर स्पष्ट है - समाज में प्रतिष्ठा, सम्मान और प्रोत्साहन उन्हीं को मिल रहा है जो येन-केन-प्रकारेण अधिक संपत्ति और धन अर्जन कर लेते हैं। स्वाभाविक है, जो अच्छी नीयत से काम करते हैं वे जनता की दुआएं भले ही प्राप्त कर लें किंतु संपन्न नहीं बन सकते। युवा पीढ़ी, जब गलत मानसिकता से काम करने वाले व्यक्तियों को प्रतिष्ठित होते हुए देखती है तो वह भी वैसा ही करने के लिए प्रवृत्त हो जाती है।

हाल ही में संचालित की जा रही एस आई आर की प्रक्रिया के लिए भी कहा तो यही गया कि यह मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए है, किंतु वास्तव में इसका छद्म उद्देश्य कुछ विशेष वर्ग के लोगों को मतदाता सूचियों से बाहर करने का ही था। चुनाव आयोग संस्था तो संवैधानिक है, किंतु उसने सत्ताधारी दल के इशारे पर ऐसा किया, यह मानना गलत नहीं होगा। साफ है इस पूरी प्रक्रिया के पीछे लिखित उद्देश्य कुछ भी हो किंतु लागू करने वालों की नीयत में तो खोट है ही।

इसी प्रकार, सरकार ने शासन में नैतिकता और शुचिता लाने के उद्देश्य से संसद में एक विधेयक, 30 दिन से अधिक जेल में रहने वाले मंत्रियों/मुख्यमंत्रियों/प्रधानमंत्री को पद से हटाने के लिए प्रस्तुत किया, किंतु विपक्ष इसे विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने की नीयत से लाया गया बता रही है। वैसे भी यह पारित होना संभव नहीं लगता क्योंकि इसके लिए संसद में दो तिहाई बहुमत चाहिए, जो सरकार के पास नहीं है।

संक्षेप में हम यही कह सकते हैं कि सुशासन तब ही संभव है जब उसे लागू करने वाले सरकारी कर्मचारियों, विशेष कर उच्च पदों पर बैठे हुए मंत्री और अधिकारियों की नीयत साफ हो। उनकी नीयत जनता का भला करने की हो, केवल अपनी स्वार्थ सिद्धि की नहीं। वर्तमान में तो सभी दल एवं अधिकांश नौकरशाह मिलकर जनता के पैसे को अपनी कमाई का माध्यम समझ कर ही काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अच्छी नीयत वाले लोगों के हाथ में प्रशासन और शासन सौंपे बिना सुशासन की बात कोरी कल्पना ही रहेगी, चाहे कितने ही नियम क्यों न बना लिए जाएं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# राजस्थान रेत का विस्तार नहीं, अवसरों का पिटारा



**डॉ. सुबोध अग्रवाल**

थार के रेगिस्तान और दूर-दूर तक रेत के धोरों के लिए पहचाना जाने वाला राजस्थान आज औद्योगिक निवेश की विपुल संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश हो गया है। औद्योगिक निवेश के लिए देसी-विदेशी निवेशकों के लिए राजस्थान प्रमुख डेस्टिनेशन बन गया है। राजस्थान का भौगोलिक परिदृश्य, जिसे कभी निवेश के लिए बाधा माना जाता था, आज अवसरों का पिटारा बन गया है। थार का रेगिस्तान अब केवल रेत का विस्तार नहीं, बल्कि सौर और नवीकरणीय ऊर्जा का वैश्विक केंद्र बन गया है। प्रदेश हरित विकास का नया अध्याय लिख रहा है तो धरती की गर्भ में छिपी खनिज संपदा ने राजस्थान में खनन विकास की नई इबारत लिखना शुरु कर दिया है। गत दिसंबर, 24 में आयोजित राइजिंग राजस्थान इसका जीता-जागता उदाहरण है कि आरआर समिट के दौरान ना केवल देसी-विदेशी निवेशकों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया अपितु समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेष समझौते हस्ताक्षिरत किये हैं। यह आज के बदलते राजस्थान की तस्वीर है।

राज्य की औद्योगिक विकास यात्रा को चार महत्वपूर्ण आयामों में विभाजित कर आसानी से समझा जा सकता है। एक थार के रेगिस्तान से नवीन अवसर तक: सौर और पवन ऊर्जा राजस्थान को हरित ऊर्जा केंद्र बना रही है। दूसरा, बंजर भूमि से औद्योगिक विकास तक: बाड़मेर आज प्रति व्यक्ति आय में अग्रणी है और जैसलमेर भारत की सीमेंट राजधानी के रूप में उभर रहा है। तीसरा, चुनौतियों से ताकत तक: कोटा के जल संसाधन ऊर्जा भंडारण और शिक्षा हब दोनों को गति दे रहे हैं। तो चौथे, खनिज संपदा से आर्थिक शक्ति तक: पोटाश, यूरेनियम, हाइड्रोकार्बन, क्रिटिकल मिनरल और अन्य खनिज प्रदेश की अर्थव्यवस्था का भविष्य तय कर रहे हैं।

इसी के साथ यह भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बनने का बड़ा कारण यह है कि राजधानी दिल्ली और अन्य प्रमुख केन्द्रों से कनेक्टिविटी और यहां की कानून व्यवस्था व लोगों का व्यवहार। शांति, सद्भाव और सहजता राजस्थान की पहचान है। मानव संसाधन की सहज उपलब्धता उद्यमियों के लिए और अधिक आसान हो जाती है। कहा जाता है और कुछ हद तक सही भी है कि राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक बार नौकरी या किसी अन्य कारण से रहने के लिए आने वाला फिर यहीं का होकर रह जाता है। राजधानी दिल्ली से सबसे निकटतम शांत और बेहतर कानून व्यवस्था वाला प्रदेश राजस्थान है। एनसीआर का विस्तार राजस्थान और इसकी सीमाओं से लगते हुए हो रहा हैं। एक्सप्रेस वे और नेशनल हाईवे के विस्तार से प्रदेश के किसी भी कोने तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

आज देश में नवीकृत उर्जा के उत्पादन में राजस्थान शीर्ष पर है तो अब सोलर के लिए आवश्यक उपकरण तैयार करने वाले उद्योगों को भी राजस्थान में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बालोतरा के पचपदरा में तैयार हो रही हिन्दुस्तान पेट्रोलियम राजस्थान रिफाइनरी शुरु होते ही तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। यहां पर पेट्रोकेमिकल जोन विकसित किया जा रहा है। बाड़मेर जैसलमेर जिसे कभी काले पानी की सजा के रुप में देखा जाता था तेजी से विकसित क्षेत्र होते जा रहे हैं। लगभग असंभव को संभव बनाते हुए बाड़मेर के विकास को इसी से समझा जा सकता है कि आज राजस्थान में परकेपिटा आय में बाड़मेर शीर्ष स्थान पर आ गया है।

बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर से बीकानेर तक तपती धरती आज नवीकृत ऊर्जा खासतौर से सोलर उर्जा के उत्पादन बढ़ा रही है। नवीकृत ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान में अभी भी संभावनाओं को इसी से समझा जा सकता है कि 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में करीब करीब 80 प्रतिषत निवेश प्रस्ताव नवीकृत उर्जा क्षेत्र के प्राप्त हुए है। राज्य सरकार रीको के माध्यम से भूमि भी उपलब्ध कराने के साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, 2024 के तहत आकर्षक प्रोत्साहन भी दे रही है। सिंगल विण्डो सिस्टम से निवेशकों के लिए राजस्थान में उद्योगों की स्थापना आसान हो रही है। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने के प्रति मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा स्वयं बड़े प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए हो रही प्रगति की समीक्षा प्रतिमाह अपने स्तर पर कर रहे हैं। मुख्य सचिव स्तर पर 200 करोड़ तक के निवेश प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा प्रति सप्ताह की जा रही है तो इससे कम के निवेश प्रस्तावों की समीक्षा नियमित रुप से संबंधित विभागों द्वारा की जा रही है। यह सब राजनीतिक ईच्छा शक्ति से ही संभव हो पा रहा है।

योजनावद्ध प्रयासों से प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। बाड़मेर-जैसलमेर को जहां राजस्थान में काले पानी की सजा से कम नहीं माना जाता था, आज वहीं बाड़मेर प्रदेश में परकेपिटा के हिसाब से शीर्ष पर आ गया है तो वो दिन दूर नहीं जब जैसलमेर सीमेंट के उत्पादन में देश की राजधानी बन जाएगा। पचपदरा में रिफाइनरी अब आ रही है पर इससे पहले ही बाड़मेर और आसपास के क्षेत्र में आर्थिक दृष्टि से तेजी से विकास हुआ है। इस सबके पीछे एक बड़ा कारण तपती धरती को वरदान में बदलकर नवीकृत ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देने और प्रदेश में खनिजों की विपुल संपदा को एक्सप्लोर करने से संभव हो पाया है।

वैसे राजस्थान में सभी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के योजनावद्ध प्रयास किये जा रहे हैं। कोटा में पानी की प्रचुरता के कारण नवीकृत ऊर्जा को संरक्षित कर उपयोग करने की विपुल संभावनाएं हो गई है तो शिक्षा नगरी के रुप में कोटा की अलग पहचान बन चुकी है। जैसलमेर में सीमेंट ग्रेड लाइमस्टोन के विपुल भण्डार मिलने के साथ ही कच्चे तेल और गैस के भण्डार मिलने से पूरा सिनेरियो ही बदल रहा है। बीकानेर में पोटाश के विपुल भण्डार है तो राजस्थान में यूरेनियम के साथ ही क्रिटिकल मिनरल, गारनेट आदि आदि बहुतायत में है। राजस्थान की धरा के गर्भ में अथाह और विविध प्रकार की खनि संपदा है।

सोने-चांदी और लेड जिंक सहित कई मिनरलों में तो राजस्थान शीर्ष पर आ गया है। पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी प्रदेश बन गया है। देसी-विदेशी विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद राजस्थान बनता जा रहा है। राजस्थान के सेंड डून्स, गढ़-किले से लेकर मंदिर गलियारें पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। पर्यटन के कारण होटल व्यवसाय ने तेजी से विस्तार किया है तो जयपुर और राज्य के अन्य प्रदेशों तक सहज पहुंच के चलते आज राजस्थान मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भी तेजी से पहचान बनाता जा रहा है। हेरिटेज होटलों के साथ सभी आर्थिक वर्ग की पहुंच की होटल्स की उपलब्धता है। राजधानी दिल्ली के नजदीक होने से दिल्ली आने वाला और नहीं तो जयपुर का ही चक्कर लगा लेता है। राजस्थान के एंटिक और रत्न व्यवसाय की धमक समूची दुनिया में है। औद्योगिक निवेशोन्मुखी माहौल का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि राजस्थान में जापानी जोन अलग से विकसित है और सफलता पूर्वक औद्योगिक उत्पादन हो रहा है।

देखा जाए तो राजस्थान में प्रचुर मात्रा में संसाधन होने के साथ ही राज्य सरकार की स्पष्ट उद्योगोन्मुखी नीति, राजनीतिक इच्छाशक्ति और निवेशक-अनुकूल माहौल भी है। यही कारण है कि राजस्थान आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक वृद्धि का धुरी बनता जा रहा है। आने वाला समय राजस्थान का है और राजस्थान अब केवल पर्यटन ही नहीं, बल्कि ऊर्जा, खनिज, शिक्षा और उद्योगों का केंद्र भी हो गया है।

**–डॉ. सुबोध अग्रवाल,**
**( आईएएस )**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**राजस्थान सरकार**

# मंगला आरती के साथ 641वें रामदेवरा मेले का विधिवत शुभारंभ

- **प्रदेश सहितज अनेक राज्यों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी की समाधि के दर्शन कर मन्नत मांगी**
- **प्रशासन के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बाबा की समाधि पर पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की**

**जैसलमेर/पोकरण/रामदेवरा, (नि.सं.)।** पश्चिमी राजस्थान के लोकदेवता बाबा रामदेवजी की अवतरण तिथि भादवा शुक्ला द्वितीया के पावन अवसर पर सोमवार अलसुबह मंगला आरती के साथ 641वें रामदेवरा मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर परसा राम सैनी ने बाबा की समाधि पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर साम्प्रदायिक सद्भाव, एकता और शांतिपूर्ण आयोजन का संदेश दिया। उन्होंने देश-प्रदेश से आए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित व सुव्यवस्थित मेले की कामना की।

पुजारी पं. कमलकिशोर छंगाणी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का दुग्ध, दही, शहद, इत्र और पंचामृत से अभिषेक किया गया। मेवा-मिष्ठान व मिश्री का भोग अर्पित कर समाधि पर नई चादर चढ़ाई गई और भोग आरती संपन्न हुई। अतिथियों ने इत्र व प्रसाद चढ़ाकर बाबा की अखण्ड जोत के दर्शन किए तथा पवित्र जारी का जल श्रद्धालुओं को आचमन हेतु प्रदान किया। मंगला आरती के समय हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा की समाधि के दर्शन कर स्वयं को धन्य माना। कई श्रद्धालु दर्शन के लिए रातभर कतार में खड़े रहे। अलसुबह मंदिर के मुख्य द्वार खुलते ही बाबा के जयकारों की गूंज से निज मंदिर परिसर उत्साह और श्रद्धा से भर उठा। मंदिर परिसर, गलियों और आसपास के क्षेत्रों में नगाड़ों और लोक भजनों की मधुर ध्वनि गूंजती रही।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपखंड अधिकारी लाखा राम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण सैन, विकास अधिकारी हनुमान राम, सहायक निदेशक प्रवीण प्रकाश चौहान, बाबा वंशज गादीपति भोमसिंह तंवर, सांकडा पंचायत समिति के प्रधान भगवत सिंह तंवर, रामदेवरा सरपंच समुन्द्रसिंह तंवर सहित अन्य अधिकारी और मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बाबा की समाधि पर पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। अतिरिक्त जिला कलक्टर परसा राम सैनी एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कतारबद्ध श्रद्धालुओं से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा, सफाई और सुविधा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित हों। सीसीटीवी निगरानी, भीड़ प्रबंधन और सफाई कर्मचारियों की तैनाती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



**लोकदेवता बाबा रामदेवजी की समाधि के भक्तों ने दर्शन किये।**

# खेतों में पानी की डिग्गियों में सैकड़ों मछलियों की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के केसरीसिंहपुर कस्बे के पास गांव 16-17 एच घंजातिया में किसानों की कृषि भूमि में बनी पानी की डिग्गियों में अज्ञात कारणों से भारी संख्या में मछलियां मरने लगी हैं। सोमवार सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो डिग्गियों की सतह पर सैकड़ों मरी हुई मछलियां और बाकी को तड़पते हुए देखा गया। यह नजारा देखकर किसानों में चिंता की लहर दौड़ गई।

गांव के किसान लखविंदर सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह जब वे खेत में पहुंचे तो डिग्गी की सतह पर बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां दिखीं। वहीं सैकड़ों मछलियां ऊपर आकर सांस लेने की कोशिश कर रही थीं। उन्होंने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा डिग्गियों में जहरीली दवा या रसायन डाला गया हो सकता है, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। घटना की सूचना मिलने पर वेटरनरी विभाग के डॉक्टर महावीर अग्रवाल मौके पर पहुंचे और डिग्गी का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रारंभिक जांच के आधार पर किसान की आशंका को खारिज करते हुए बताया कि मछलियों की मौत का कारण पानी में ऑक्सीजन का स्तर कम होना है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अक्सर तब उत्पन्न होती है जब गर्मी अधिक हो, पानी स्थिर हो और उसमें जैविक अपशिष्ट जमा हो जाए। इससे पानी में घुली ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है, जिससे मछलियों को सांस लेने में परेशानी होती है।

डॉ. अग्रवाल ने किसानों को सलाह दी कि वे डिग्गियों में चूना (चूना पत्थर) डालें, जिससे पानी का पीएच स्तर संतुलित होगा और ऑक्सीजन लेवल बढ़ेगा। इससे मछलियों को राहत मिलेगी। किसानों ने तत्काल प्रभाव से डिग्गियों में चूना डालना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि यह पहली बार है जब इतनी भारी संख्या में मछलियों की मौत हुई है।

## राशिफल मंगलवार 26 अगस्त, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, हस्त नक्षत्र बुधवार प्रातः 6:04 तक, साध्य योग दिन 12:04 तक, गर करण दिन 1:55 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। भद्रा रात्रि 2:50 से आरम्भ होगी। आज हरितालिका तीज व्रत, मन्वादि है। आज कलंक चौथ है। आज चन्द्र दर्शन निषेध है। चन्द्रास्त रात्रि 8:36 पर होगा। आज साम श्रावणी उपाकर्म (सामवेदियों की राखी) है। आज रोट तीज, गौरी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:18 से 10:53 तक, लाभ-अमृत 10:53 से 2:04 तक, शुभ 3:39 से 5:15 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:50



**मेष**

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**मिथुन**

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी, उचित सफलता मिलेगी।




**सिंह**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।




**कन्या**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**तुला**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।




**वृश्चिक**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



**धनु**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।




**मकर**

नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।



**मीन**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आमेर किले का निरीक्षण किया

## उन्होंने पिछले दिनों बारिश में ढही रामबाग की दीवार का जायजा लिया



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के ऐतिहासिक आमेर किले का दौरा किया और हाल ही में ढही हुई रामबाग की दीवार का जायजा लिया।

- उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किले की सुरक्षा और मरम्मत का काम तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए
- आधुनिक संरक्षण के लिए आमेर किले में दिया कुमारी ने अधिकारियों के साथ चर्चा की, विकास और सुधार पर बातचीत की
- राजस्थान की धरोहरों के संरक्षण पर दिया कुमारी ने जताई प्रतिबद्धता

**जयपुर ( कासं )।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के ऐतिहासिक आमेर किले का दौरा किया और हाल ही में ढही हुई रामबाग की दीवार का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को किले की सुरक्षा और मरम्मत का काम तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद, उपमुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक विस्तृत बैठक की। इस बैठक में आमेर किले के विकास और संरक्षण पर चर्चा हुई। बैठक में किले की दीवारों और अन्य संरचनाओं के रखरखाव, पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों, यातायात और साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बात की गई। अधिकारियों ने वर्तमान स्थिति और प्रस्तावित सुधारों के बारे में जानकारी दी, जिस पर दिया कुमारी ने अपने सुझाव दिए और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सभी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इन धरोहरों के सुधार और विकास के लिए आम लोगों और विशेषज्ञों की राय को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रयासों से राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक नई पहचान मिलेगी और पर्यटकों का अनुभव और भी बेहतर होगा। इस अवसर पर पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार, महल अधीक्षक राकेश छोलक, पुरातत्व निदेशक पंकज धीरेन्द्र, आमेर विकास प्राधिकरण और ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधि सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गयाना के जार्जटाउन शहर में कृत्रिम अंग व कैलीपर निर्माण का स्थायी केन्द्र खुलेगा

## जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और वेस्टइण्डीज़ के देश गयाना के बीच एम.ओ.यू. हुआ



वेस्टइण्डीज़ के देश गयाना में कृत्रिम अंग और कैलीपर के निर्माण का स्थायी केन्द्र खोलने के लिए एमओयू पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की दिल्ली शाखा के चेयरमैन प्रेमेन्द्र राज मेहता तथा गयाना के स्वास्थ्य मंत्री फ्रैंक एंथनी ने हस्ताक्षर किए ।

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) और वेस्टइण्डीज़ के देश गयाना के बीच एक एम.ओ.यू. के अन्तर्गत गयाना के जार्जटाउन शहर में कृत्रिम अंग और कैलीपर के निर्माण का एक स्थायी केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इस केन्द्र की स्थापना में बी.एम.वी.एस.एस. तकनीकी सहयोग देगा और जार्जटाउन में स्थायी केन्द्र की स्थापना करने में गयाना के स्वास्थ्य मंत्रालय को सभी तकनीकी सहायता प्रदान करेगा ।

बी.एम.वी.एस.एस. की ओर से इस एम.ओ.यू. पर प्रेमेन्द्र राज मेहता जो बी.एम.वी.एस.एस. की दिल्ली शाखा के चेयरमैन हैं तथा गयाना के स्वास्थ्य मंत्री फ्रैंक एंथनी ने हस्ताक्षर किए । एम.ओ.यू. के अन्तर्गत बी.एम.वी.एस.एस. गयाना सरकार को जयपुर फुट और कैलीपर निर्माण के लिए आवश्यक सामान और उपकरण उपलब्ध कराएगा । इसके अलावा गयाना से भेजे गए तकनीशियनों को जयपुर स्थित केन्द्र में प्रशिक्षित करेगा। गयाना में केन्द्र की स्थापना के लिए बी.एम.वी.एस.एस. द्वारा एक विशेषज्ञ जार्जटाउन भेजा जाएगा जो केन्द्र की स्थापना अपनी निगरानी में करेगा। उल्लेखनीय हैं कि वर्तमान में जार्जटाउन में इस समय भारतीय कम्पनी कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इन्टरनेशनल लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से एक शिविर का संचालन हो रहा हैं । इस शिविर के लिए कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इन्टरनेशनल आर्थिक सहयोग दे रहा हैं । शिविर का आयोजन भारतीय उच्चायोग और गयाना सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से सम्भव हो पाया हैं ।

उल्लेखनीय हैं कि वर्ष 2024 में दूसरे भारत-कैरी-कॉम सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैरीकॉम देशों को सात प्रमुख क्षेत्रों में सहायता की पेशकश की थी । इसके क्षमता निर्माण, कृषि और खाद्य सुरक्षा क्रिकेट संस्कृति, समुद्री अर्थव्यवस्था और समुद्री सुरक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य और अन्य सेवा शामिल हैं ।

स्वास्थ्य सेवा के अन्तर्गत कृत्रिम पैर लगाने का शिविर लगाया गया। फिज़ी के प्रधानमंत्री सितीवेनी रोलका जो भारत दौर पर अभी दिल्ली में हैं की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने फिज़ी में दूसरे जयपुर फुट शिविर लगाकर फिज़ी के विकलांगों को लाभ पहुँचाने की घोषणा की । बी.एम.वी.एस.एस. की छः सदस्यीय तकनीकी टीम जार्जटाउन में विकलांगों को कृत्रिम पैर लगाने गई हुई हैं।

# पद्मश्री गीता चंद्रन ने भरतनाट्यम के माधुर्य से कलाप्रेमियों को किया मंत्रमुग्ध

**जयपुर ।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार की शाम कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पद्मश्री से सम्मानित ख्यातनामा भरतनाट्यम नृत्यांगना गीता चंद्रन ने अपने नृत्यवृक्ष डांस कलेक्टिव के साथ काव्य कथा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सभागार दर्शकों से खचाखच भरा रहा और हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज छाई रही।

शिव स्तुति की दिव्यता, गोविंद वंदना की भक्ति, ओंकारकारिणी की ऊर्जा, वसंत ऋतु की काव्यात्मकता और सूरदास के पदों पर आधारित रामायण की लोरी-इन सभी भावनात्मक और आध्यात्मिक पक्षों को गीता चंद्रन ने अपनी विशिष्ट शैली में मंचित किया। संध्या का समापन ऊर्जावान तिल्लाना के साथ हुआ, जिसे दर्शकों ने खड़े होकर सराहा।

गीता चंद्रन के साथ नृत्यवृक्ष की प्रतिभाशाली कलाकार राधिका कथल, मधुरा भ्रुशुंडी, सौम्या लक्ष्मी नारायणन और यादवी शकधर मेनन ने भी मंच पर सामंजस्य और भावनात्मक गहराई का सुंदर योगदान दिया। जीवंत संगीत के साथ उनकी सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों के अनुभव को और अधिक प्रभावशाली बना दिया।

प्रस्तुति के उपरांत गीता चंद्रन ने कहा कि भरतनाट्ययम उनके लिए केवल नृत्य नहीं, बल्कि प्रार्थना, दर्शन और काव्य का जीवंत संगम है।

# 'इम्यूनोग्रिट करेगा अजरता-अमरता के वरदान को सिद्ध'


**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध कर दिया है कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में वर्णित अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता-अमरता का वरदान मात्र मिथ्या नहीं हैं, इसमें सत्यता भी निहित है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अष्टवर्ग एवं अन्य प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि इम्यूनोग्रिट पर किए गए शोध के द्वारा सिद्ध कर दिया है कि इस औषधि के द्वारा असमय आने वाले बुढ़ापे को प्रभावी रूप से धीमा किया जा सकता है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि तनाव, चिंता, प्रदूषण और गलत जीवनशैली हमें असमय बुढ़ापे की ओर ले जा रही है। आजकल 35-40 वर्ष की आयु में चेहरे पर झुर्रियां, माथे पर लकीरे होना आम बात हो गई है। एलोपैथिक चिकित्सा और महंगे-महंगे इंजेक्शन द्वारा लोग इस समस्या का अस्थाई समाधान खोजने में लगे हैं।

परन्तु इस समस्या का हल भी हमारे पौराणिक ग्रंथों में ही निहित है, हमने अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों को वर्तमान युग के अनुरूप, वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ इम्युनोग्रिट के रूप में प्रस्तुत किया है। आयुर्वेद के अनुसार अष्टवर्ग जड़ी-बूटियां बलवर्धक, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली एवं आयु को बढ़ने से रोकने वाली विशेषताओं से निहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद की शक्ति को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। यह हमारी परंपरा और हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञान है। अब वह समय दूर नहीं जब भारत ही नहीं, पूरा विश्व आयुर्वेद को अपनी चिकित्सा पद्धित के रूप में मान्यता देगा।

इम्यूनोग्रिट औषधि विदारीकंद, मेदा, शतावरी, ककोली, क्षीरककोली, रिद्धि, वाराहीकंद, बला, सफ़ेद मूसली, शुद्ध कौंच, अश्वगंधा से बनी है, जिन्हें हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथों में बुढ़ापे को मंद करने वाला माना गया है।

पतंजलि अनुसन्धान संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह शोध उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है जो बढ़ती आयु और उस कारण त्वचा पर असमय होने वाली झुर्रियों से चिंतित हैं। इम्यूनोग्रिट मात्र एक हर्बल सप्लीमेंट नहीं, अपितु एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित आयुर्वेदिक समाधान है, जो आने वाले वर्षों में एंटी-




एजिंग उपचार की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा यह प्रयास पुष्टि करता है कि जब परंपरा और विज्ञान साथ आते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इस अध्ययन में पाया गया कि इम्यूनोग्रिट बुढ़ापे के कारण त्वचा की कोशिकाओं में होने वाले बदलावों को नियंत्रित करने में कारगर है। यह शोध जिसमें वृद्धावस्था को भी धीमा करने की शक्ति से निहित इम्यूनोग्रिट औषधि के बारे में बताया गया है, अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

# ज्वैलरी की मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में हुई नकबजनी का भंडाफोड, तीन गिरफ्तार

**जयपुर।** माणकचौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीस अगस्त को चाकसू का चौक स्थित ज्वैलर की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में हुई नकबजनी का भंडाफोड़ करते हुए वहां काम करने वाले नौकर सहित तीन लोगों को पकडा है। जिसमें एक बाल अपचारी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त ऑक्सीजन गैस सिलिंडर, गैस कटर सहित अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीस अगस्त को चाकसू का चौक स्थित ज्वैलरी की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में हुई नकबजनी के मामले में काम करने वाले नौकर राहुल प्रजापत निवासी अरावली विहार जिला अलवर खो नागोरियान और मनीष प्रजापत निवासी अलवर हाल खोनागोरियान को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस वारदात में शामिल एक अन्य बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। आरोपित राहुल प्रजापति वर्तमान में ज्वेलरी मैन्युफैक्चरिंग युनिट पर काम करता है। तथा उसके बड़े भाई मनीष प्रजापत ने भी पूर्व मे एक माह तक इस यूनिट में काम किया था। काम करने के दौरान गोल्ड ज्वेलरी की अत्यधिक मात्रा को देखकर तथा दोनो भाइयों के कर्ज होने के कारण चोरी करने का प्लान बनाया । चूंकि करोडो रुपये की ज्वैलरी गोदरेज के सेफ में रहती थी । जिसको काटकर ज्वैलरी चोरी करना एक चैलेंज था।

# हाईकोर्ट ने जांच अधिकारी को जेल भेजने की चेतावनी दी

## माफी मांगने पर पालना के लिए मिला एक दिन का समय

- दुष्कर्म मामले में अदालती आदेश के बावजूद आरोपी की कॉल डिटेल कोर्ट में पेश नहीं करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दुष्कर्म मामले में अदालती आदेश के बावजूद आरोपी की कॉल डिटेल अदालत में पेश नहीं करने पर अलवर के राजगढ़ थाने के जांच अधिकारी को जेल भेजने की चेतावनी दी। आखिर में जांच अधिकारी के माफी मांगने पर अदालत ने प्रकरण की सुनवाई एक दिन के लिए टालते हुए जांच अधिकारी को संबंधित रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश शंकर लाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच अधिकारी से पूछा कि गत 12 अगस्त के आदेश की पालना में आरोपी के फोन की कॉल डिटेल से जुडा रिकॉर्ड पेश क्यों नहीं किया। इस पर जांच अधिकारी ने कहा कि वह रिकॉर्ड नहीं लाए हैं। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कहीं वह आरोपी को बचाने के लिए तो ऐसा नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने जांच अधिकारी को जेल भेजने की चेतावनी देते हुए हुए कहा कि 26 अगस्त को रिकॉर्ड पेश किया जाए, वरना कोर्ट अपने स्तर पर आदेश देगी।

पीडिता के वकील बाबूलाल बैरवा ने बताया कि याचिकाकर्ता ने पीडिता के साथ दुष्कर्म किया था। वहीं बाद में उसका विवाह तय होने पर उसके मंगेतर को भी फोन कर जान से मारने की धमकी दी। जिसके चलते शादी के कुछ दिन पहले ही मंगेतर ने विवाह करने से इनकार कर दिया। वहीं सामाजिक रिवाजों के चलते आनन फानन में दूसरे लडके से पीडिता का विवाह कराया गया। पीडिता के वकील ने अदालत में आरोप लगाया की जांच अधिकारी ने आरोपी को बचाने के उद्देश्य से अनुसंधान किया है और आदेश के बावजूद अदालत में रिकॉर्ड पेश नहीं किया।

# देवनारायण पदयात्रा में शामिल महिला को पुलिस बस ने कुचला

- सोमवार सुबह साढ़े पांच जल महल के सामने हुआ हादसा

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में सोमवार अल-सुबह एक पुलिस बस ने देव नारायण पदयात्रा में शामिल एक महिला भक्त को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके महिला गिर पड़ी और बेहोश हो गई। इससे गुस्साएं पदयात्रियों ने बस को रोक लिया और बस चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। पदयात्रियों का आरोप है बस चालक ने शराब पी रखी थी और उसके मुंह से बदबू आ रही थी।

एएसआई सोहन लाल के अनुसार सोमवार सुबह साढ़े 5 से 6 बजे के बीच जल महल के सामने से देव नारायण भगवान की पदयात्रा निकल रहीं थी।

तभी आमेर की ओर से आ रही एक पुलिस बस ने अलवर निवासी सरसो देवी (32) पत्नी रामनारायण गुर्जर को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। एंबुलेंस की सहायता से उसे एसएमएस के ट्रोमा वॉर्ड में भर्ती कराया गया।

गुस्साए पदयात्रियों ने विरोध करते हुए बस को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। बस चालक के मुंह से शराब की बदबू आने से पदयात्री और ज्यादा भडक गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को साइड में खड़ा करवाकर पुलिसकर्मियों को अन्य वाहनों से ड्यूटी पॉइंट के लिए रवाना किया।

# कांस्टेबल को बर्खास्त करने वाला 41 साल पुराना आदेश रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग के 41 साल पुराने उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत याचिकाकर्ता की कांस्टेबल पद से सेवाएं समाप्त कर दी गई थी। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को सेवानिवृत्त परिलाभ के लिए उसकी सेवानिवृत्ति की उम्र तक सेवा में मानने को कहा है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश रमेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को बर्खास्त करने और बाद में उसकी अपील खारिज करने के दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। वहीं समान मामले में वह अदालत से बरी भी हो गया। ऐसे में उसका बर्खास्तगी आदेश और अपीलीय अधिकारी का आदेश रद्द किया जाता है।

याचिका में अधिवक्ता संदीप भगवती ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता साल 1979 में कांस्टेबल नियुक्त हुआ था। वहीं विभाग में उसके खिलाफ शिकायत दी गई कि उसका वास्तविक नाम मोहन लाल है और उसने अपने भाई रमेश के दस्तावेजों से नौकरी हासिल की है। इस शिकायत पर विभाग ने जनवरी, 1984 में उसे निलंबित और बाद में जून माह में बर्खास्त कर दिया। इसके खिलाफ पेश विभागीय अपील भी नवंबर, 1984 में खारिज कर दी गई। याचिका में कहा गया कि उसे 17 सीसीए के तहत छोटा दंड देने के बजाए बर्खास्तगी जैसा बडा दंड दिया गया। इस दौरान उसे सुनवाई का भी पूर्ण अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा समान आरोप में उसके खिलाफ आपराधिक मामला भी चला। जिस पर सुनवाई करते हुए 31 मार्च, 2000 को कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। इसके बाद उसने साल 2002 में यह याचिका दायर की। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता ने करीब 18 साल की देरी से याचिका दायर की है। विभागीय अपील के आदेश को तत्काल चुनौती नहीं दी गई। ऐसे में देरी के आधार पर याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को बर्खास्त करने और विभागीय अपीलीय आदेश को रद्द करते हुए उसे सेवानिवृत्ति की उम्र तक सेवा में मानने को कहा है।

# प्रसार की आमसभा में कैडर रिव्यू समेत कई मुद्दों पर चर्चा

## 15 से 21 अप्रैल तक मनाएंगे जनसंपर्क सप्ताह, राज्य सरकार की योजनाओं का करेंगे सघन प्रचार



पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ( प्रसार ) की वार्षिक आमसभा रविवार को सूचना केन्द्र जयपुर में आयोजित हुई।

**जयपुर ।** पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) की वार्षिक आमसभा रविवार को सूचना केन्द्र, जयपुर के सभागार में आयोजित हुई। प्रसार अध्यक्ष डॉ. हरिशंकर आचार्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार अजय, उपाध्यक्ष (क्षेत्रीय) धर्मेन्द्र मीणा, उपाध्यक्ष (मुख्यालय) चंद्रशेखर पारीक, महासचिव अभय सिंह भाटी, सचिव मोहित जैन मौजूद रहे। वहीं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. आशीष खंडेलवाल, हेमंत सिंह, आलोक आनंद, कविता जोशी, छोटू लाल जीनगर, वीर सेन, आशीष जैन, सुरेन्द्र बगवाड़ा, संतोष कुमार, दिनेश शर्मा, राकेश कुमार, मनीष कुमार आदि ने भी विचार रखे। बैठक में जनसंपर्क विभाग के कैडर रिव्यू एवं सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव तैयार करने, सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के स्थाईकरण, प्रतिवर्ष 15 से 21 अप्रैल तक जनसंपर्क सप्ताह आयोजित करने तथा जनसंपर्क दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में जयपुर में आयोजित करने, विभागीय कार्यालयों में संसाधनों की वृद्धि सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जनसंपर्क मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा हुई और कैडर रिव्यू से जुड़े प्रस्ताव साझा तरीके से तैयार करते हुए उच्च स्तर तक प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। संगठन की अब तक की गतिविधियों, सदस्यता शुल्क, विभिन्न कमेटियों के गठन, फोटोग्राफर संवर्ग तथा जयपुर के न्यू गेट स्थित रंगमंच कार्यालय के विभागीय हित में बेहतर उपयोग के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रसार द्वारा सरकार की युवा कल्याण की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चलाए जाने वाले 'युवा संकल्प' अभियान और जनसंपर्क सप्ताह के दौरान प्रदेष के सभी जिलों में पूरे सप्ताह सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार का विषेष अभियान चलाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# पैक्स व केवीएसएस पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण

**जयपुर ।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारी संस्थाएं उनसे की जाने वाली अपेक्षा के अनुरूप पारदर्शी तरीके से कार्य कर सदस्यों और किसानों का हित सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तर पर सामने आने वाले गैप्स समितियों की रैंकिंग और परफॉर्मेंस पर असर डालते हैं, ऐसे में निर्धारित मापदण्डों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर रैंकिंग पैरामीटर्स पर खरा उतरने का प्रयास किया जाए।राजपाल सोमवार को नेहरू सहकार भवन में राज्य के सभी पैक्स एवं केवीएसएस हेतु आयोजित एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रही थीं।



प्रदेश के कई नेशनल और स्टेट हाई-वे अभी भारी बारिश से जलमग्न है। जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भी सोमवार को काले बादल मंडराए तो ऐसा लगा कि मौसम विभाग की भारी बारिश को लेकर जारी की गई चेतावनी अगर सही रही तो ये भी जलमग्न होगा, परंतु लेकिन बादल जैसे छाए बरसे नहीं। फोटोः दिनेश भारद्वाज

# जालोर में मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर, चांदना गांव टापू बना

## जवाई बांध में 47.60 फीट पानी की आवक हुई, पानी तेज गति बहने से चांदना गांव पानी से घिरा

**■ सुमेरपुर में जवाई नदी के तेज बहाव मे एक जीप बह गई। रपट पर मौजूद लोगों व पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत से जीप में सवार लोगों को बचाया**

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले में मानसून की सक्रियता के चलते रविवार रात्रि को मूसलाधार बारिश के चलते नदी नाले उफान पर नजर आये। वहीं कई जगह नदियों व नालों में पानी की आवक तेज होने से रास्ते भी अवरुद्ध हो गये। जालोर शहर के कई कॉलोनियों में पानी भर जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जवाई बांध में 47.60 फीट पानी की आवक हुई। शाम करीब आठ बजे जवाई नदी जालोर के सांकरना पुलिया से नीचे गुजर रही नदी को देखने लोगों की भीड़ नजर आई। वहीं सुमेरपुर में जवाई नदी के तेज बहाव मे एक जीप बह गई। रपट पर मौजूद लोगों व पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत से जीप में सवार लोगों को बचाया।


जालोर में रविवार रात्रि बारिश का दौर शुरु हुआ जो सोमवार अल सुबह करीब छह बजे तक मूसलाधार बारिश होने से चारो ओर पानी ही पानी नजर आने लगा है। जालोर के निकट चांदना गांव में पानी तेज गति से बहने से गांव टापू बन गया। वही जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते चांदना गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। गांव का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। इसके अलावा पचानवा जवाई नदी मे पानी की आवक तेज गति होने से मार्ग अवरुद्ध हो गये। वहीं जालोर के निकट आकोली नदी, खारी, सुकडी नदी सहित कई नदी नालों में तेज बारिश के चलते पानी वेग के साथ बहने से नदी के किनारे दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। भेटाला, नबी, सहित कई गांवों के नालों में भी पानी की आवक देखी गई। वहीं वणधर, बांडी सिणधरा सहित जिले के समस्त बांधों में भी लगातार बारिश के चलते जगह-जगह पानी भर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जालोर की जीवनरेखा कही जाने वाली जवाई नदी में पानी की आवक नजर आई। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब के पीछे स्थित कॉलोनियों जलमग्न हो गई।

जालोर में लगातार मूसलाधार बारिश के चलते नगरपरिषद व पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों की पोल खोल कर रख दी है। तेज बारिश के चलते तिलकद्वार, सूरजपोल, लाल पोल से पानी पूरे वेग के साथ बहता नजर आया। तेज बारिश के चलते खेत खलिहानों में पानी भर जाने से चहूँओर पानी ही पानी नजर आने लगा है।

### बारिश से पहाड़ दरका

**मानपुरा माचेड़ी, (निसं)।** दो दिन में हुई झमाझम बरसात से कई जगह जलभराव की स्थिति हो गई तो खेतों में बाजरे की फसल पसर गई। वहीं दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर सेवड़ माता मंदिर के पास का पहाड़ दरक गया, जिससे पत्थर सड़क पर आकर जमा हो गए व यातायात बाधित हो गया। गनीमत रही कि पत्थरों की चपेट में कोई वाहन नहीं आया।

जानकारी के अनुसार रविवार रात्रि को क्षेत्र में हुई भारी बारिश से गत देर रात्रि को दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर सेवड़ माता मंदिर के पास का पहाड़ दरक गया और पहाड़ से पत्थर लुढ़क कर हाइवे की सर्विसलेन पर आ गिरे। गनीमत रही कि पत्थरों की चपेट में कोई वाहन नहीं आया। सुबह मौके पर हाइवे पेट्रोलिंग व एनएचएआई के कर्मचारी पहुंचे और पत्थरों को सड़क से हटवाया। वहीं भारी पत्थरों को क्रेन के द्वारा सड़क से हटवाया गया। क्षेत्र के मानपुरा माचेड़ी, चंदवाजी, रुण्डल, बिलौची सहित कस्बा गांवों के कई खेतों में बरसात से बाजरे की फसल को नुकसान हुआ है। खड़ी फसल खेतों में पसर गई है।



**जालोर के निकट आकोली नदी में पानी आने से नदी के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई।**

# तीन भाइयों पर दोस्तों ने चाकू से हमला किया

**■ तीनों चचेरे और ममेरे भाई हैं, हमला करने वाले पुराने दोस्त थे**

**बीकानेर, (निसं)।** यहां रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया में तीन भाइयों पर दो लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। तीनों चचेरे और ममेरे भाई हैं। हमला करने वाले पुराने दोस्त थे, लेकिन बातचीत बंद होने के कारण नाराज थे और अचानक रास्ते में रोककर हमला कर दिया। एक घायल का रात में ही इमरजेंसी में ऑपरेशन करना पड़ा, जबकि दो अन्य का भी ट्रोमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

घायल युवक नीरज के पिता महिपाल ने बताया कि शिवा और उसके साथ एक युवक ने उनके बेटे नीरज, भतीजे मनमोहन और साले के बेटे अशोक को रास्ते में रोक लिया। आपस में बोलचाल हुई और बाद में हमला कर दिया। इस दौरान तीनों भाइयों के चाकू से चोट लगी। मनमोहन के छाती पर चाकू से वार किया गया, जिससे चाकू के आगे के नुकीले हिस्से से छाती की चमड़ी कट गई। वहीं जाते-जाते नीरज पर भी चाकू से वार किया। नीरज के फेफड़े के पास ही चाकू लगा है, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिपाल ने बताया कि रात में ही ट्रोमा सेंटर में ऑपरेशन किया गया। अशोक के भी चोट लगी है। महिपाल ने बताया कि हमला करने वाले शिवा से पुरानी पहचान थी। उसकी संगत को सही नहीं मानते हुए मनमोहन और नीरज को उनके साथ रहने से मना किया था। इसी कारण नाराज होकर शिवा और उसके एक अन्य साथी ने ये हमला कर दिया। फिलहाल, कोटगेट पुलिस ने मौका मुआयना करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कर ली है। अब शिवा की तलाश की जा रही है।

# बजरी माफ़िया ने आतंक मचाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बड़लियास थाना इलाके में बजरी माफ़िया का आतंक देखने को मिला है। अवैध बजरी ले जा रहे करीब आधा दर्जन ट्रैक्टर ने सुठेपा गांव मे बिजली के खंभे तोड़ डाले और गांव के बस्ती के घरों की दीवारों और दरवाजों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पूर्व सरपंच रमेश चन्द्र शर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया, हादसे के बाद बजरी भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली मौक़े पर ही फँस गए और ट्रैक्टर छोड़ चालक मौके से भाग छूटे। सूचना पर थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बजरी माफिया ओर पुलिस के ख़िलाफ़ आक्रोश जताया और बजरी माफिया के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# कार पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में सागवाडा रोड पर सरकण के पास एक कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया है। मंडावरा अरनोद जिला प्रतापगढ़ निवासी रघुराज सिंह पत्नी नंद कुंवर, सास कैलाश कुंवर निवासी मऊ खेरी मंदसौर एमपी और साला दिग्विजय सिंह चारों कार से गुजरात के अहमदाबाद में इलाज के लिए जा रहे थे। सरकण के पास आते ही कार अनियंत्रित हो गई। हादसा में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चारों घायल हो गए। 108 एम्बुलेंस से चारों को डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद सास कैलाश कुंवर को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीनों को इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।


**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक :- नपनि/मेला/2025-26/01 दिनांक :- 21/08/2025

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

नगरपरिषद निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भी राष्ट्रीय दषहरा मेला 2025 दिनांक 22/09/2025 से दिनांक 02/10/2025 तक आयोजित किया जाएगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम को आकर्षक बनाने हेतु राष्ट्रीय दषहरा मेला 2025 में आयोजित किए जाने वाले निम्न कार्यक्रमों हेतु सुयोग्य फर्मो/इवेंट कम्पनी/लोक कला मण्डलों इत्यादि प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है :-

**1. अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन 2. भारत वर्ष में ख्यातनाम बॉलीवुड गायक मय दल कार्यक्रम 3. लाफ्टर कार्यक्रम 4. रामलीला कार्यक्रम 5. आर्केस्ट्रा कार्यक्रम 6. मेले योग्य अन्य कोई विशेष कार्यक्रम**

उक्तानुसार प्रस्ताव नगर परिषद् निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से दिनांक 01/09/2025 से दिनांक 08/09/2025 तक प्राप्त किए जाएंगे तथा प्राप्त प्रस्तावों पर छंटनी उपरान्त योग्य प्रस्तावों पर दिनांक 12/09/2025 को विचार किया जायेगा। अतः प्रस्तावक अपने प्रस्तावों के साथ अनुभव प्रमाण पत्र एवं पूर्व में धार्मिक स्थलों/मेला/उत्सव इत्यादि में प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रमों की विडियो/डी.वी.डी./फोटो एलबम/प्रमाण-पत्र आदि सहित निर्धारित स्थल एवं समय पर व्यक्तिगत रूप उपस्थित होवें। उक्त विज्ञप्ति एवं शर्ते पोर्टल वेबसाइट **www.sppp.rajasthan.nic.in** पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/8695 प्रशासक आयुक्त


# बरसात से गोगुंदा में केलूपोश मकान गिरा, परिवार को बचाया

**■ उदयपुर जिले बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त, कई जगह मार्ग बाधित**

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, जिसके चलते जिला कलेक्टर ने सोमवार को स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी थी। बीती रात और सोमवार सुबह उदयपुर जिले के कई भागों में मध्यम से तेज बारिश होने से कई जगह नदी-नालों में बहाव तेज हो गया है। पीछोला झील के कैचमेंट में स्थित 60 फीट पूर्ण भराव स्तर वाला आकोदडा बांध ओवरफ्लो हो गया। इससे अब मानसी वाकल बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। गोगुंदा उपखंड क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है। यहां वीरपुरा के आदूजी का वास गांव में भरभराकर केलूपोश मकान गिर गया। मकान गिरने के समय रतन सिंह उनकी पत्नी व तीनों बच्चे मकान के अंदर थे। शोर मचने पर ग्रामीणों ने उनकी पत्नी व बच्चों को बाहर निकाला। गनीमत रही किसी को ज्यादा चोट नहीं आई। मकान में रखा घरेलू सामान, कपड़े, बिस्तर व अनाज मलबे में ढेर हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर सरपंच कालू लाल गमेती, उप सरपंच निर्भयसिंह मौके पर पहुंचे। सरपंच ने पटवारी व सचिव को घटना की सूचना देकर उचित मुआवजा देने की मांग की।

वहीं जल संसाधन विभाग ने उदयपुर आकोदडा बांध के भी गेट खोल दिए हैं। उसके गेट 25 सेंटीमेंटर खोले हैं। वहां से पानी सीधे कोडियात, सीसारमा होकर उदयपुर आ रहा है। मदार के दोनों तालाबों पर चादर चलने से मदार नहर से आ रहे पानी से 13 फीट पूर्ण भराव स्तर वाला फतहसागर अब महज करीब 10 इंच और खाली है। आवक को देखते हुए जल्द ही फतहसागर का झरना देखने को मिल सकता है। सीसारमा से आवक बढ़ने पर स्वरूपसागर के चारों गेट खोलने के बावजूद इस पर चादर चलने का क्रम जारी है। उदयपुर में थूर की पाल पर चादर चल रही है और पिछोला झील में पानी की आवक बढ़ने के कारण स्वरूपसागर झील के चारों गेट रविवार को खोले गए हैं, ताकि पानी उदयसागर झील में जा सके। उदयसागर के डूब क्षेत्र में पानी बढ़े उससे पहले ही रात को दो गेट खोल रखे हैं। करीब 3.3 फीट के गेट वहां खोल रखे हैं।

झाडोल क्षेत्र में कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश होने से वहां कई नदियां उफान पर हैं। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा-झाडोल मार्ग पर सोम नदी उफान पर है और नदी का पानी हाईवे पर बह रहा है। खेरवाडा तहसील के हिंका ग्राम पंचायत का अकोट गांव में बारिश से तीन घर और दुकानें डूब गई। मेवाड़ भील कोर परेड ग्राउंड के सामने पुलिया पर पानी के तेज बहाव के कारण पुलिया बह गई है। जवास-झुंथरी गांव जाने वाला मार्ग भी पूरी तरह से बाधित हो गया है। जिले के ओगणा बांध में अच्छी मात्रा में पानी की आवक हुई है जिससे 42 फीट क्षमता वाले बांध का जलस्तर 35 फीट तक पहुंच गया है। ओगणा का मोहम्मद फलासिया बांध और नागमाला तालाब छलक गए हैं और मोहम्मद फलासिया नाला उफान पर चल रहा है। फलासिया सीएचसी में डॉक्टर के क्वार्टर की बालकनी पर पीछे की दीवार गिर गई हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है। गोरण में एक केलूपोश घर क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन बारिश के कारण घर मालिक अपने भाई के घर में सो रहा था जिससे वह बाल-बाल बच गया। मोखी के समीप एक पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई है। ओगणा की वाकल, झाड़ोल की मानसी और उंडासिया नदी उफान पर चल रही हैं। झाडोल-ओगणा मार्ग पर बदराना नदी में उफान के कारण मार्ग बाधित हो गया है। जलसंसाधन विभाग के अनुसार शाम 5 बजे समाप्त 12 घंटों में उदयपुर शहर में 16 मिलीमीटर बारिश हुई। स्वरुपसागर में 11, देवास में 21, नाई में 14, गोगुन्दा में 7, मदार में 5 तथा बागोलिया में 2 मिलीमीटर बारिश हुई।

# 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**■ फायरिंग मामलों में वांछित था, हत्या समेत छह संगीन केसों में नामजद है आरोपी**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार के इनामी बदमाश अंशुल नंदीवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नेतेवाला बायपास पर टेंट की दुकान में फायरिंग कर एक व्यक्ति की हत्या करने और चूनावढ़ क्षेत्र में गाड़ी में तोड़फोड़ कर फायरिंग करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर पहले से पांच केस दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार 16 जनवरी 2024 को नवदीप सिंह निवासी अक्कावाली ने चूनावढ़ थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह और बलकरण सिंह शाम को श्रीगंगानगर से घर लौट रहे थे। रास्ते में एक कार रोड पर खड़ी कर रास्ता रोका गया। कार के आगे लखवीर सिंह और उसके 6 साथी खड़े थे। उन्होंने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए नवदीप और बलकरण गाड़ी में छिप गए, लेकिन हमलावरों ने आगे और पीछे से तलवार और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसी दौरान पीछे से एक वाहन की लाइट पड़ने पर आरोपी फरार हो गए। इस मामले में चूनावढ़ थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस हमले में अंशुल नंदीवाल मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया, जो वारदात के बाद से फरार था। अंशुल नंदीवाल पर एक अन्य मामले में भी गंभीर आरोप हैं। उसने अपने साथियों के साथ नेतेवाला बायपास पर स्थित एक टेंट की दुकान में फायरिंग कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस मामले में सदर थाना श्रीगंगानगर में मुकदमा दर्ज है। इन दोनों मामलों में फरार चल रहे अंशुल नंदीवाल की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी को चूनावढ़ थाने की पुलिस टीम ने थानाधिकारी मलकीयत सिंह के निर्देशन में हेड कॉन्स्टेबल कंवरपाल सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से पकड़ा। आरोपी से पूछताछ जारी है।


**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक :- नपनि/स्टोर/मेला/25-26/13 - 14 दिनांक :- 21/08/2025

**निविदा सूचना**

नगरपरिषद निम्बाहेड़ा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए अनुभवी फर्मो/ठेकेदारो से निर्धारित प्रपत्र में ऑफ लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण **sppp.rajasthan.gov.in** के NIB Code DLB2526A4959 पर भी देख सकते है :-

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 13 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 40.50 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 22.08.2025 से 29.08.2025 प्रातः 10 बजे तक |
| ऑफलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक | 29.08.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक |
| ऑन लाईन राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | 29.08.2025 समय प्रातः 10.00 बजे तक |
| बिड खोलने की दिनांक | 29.08.2025 समय दोपहर 4.00 बजे |
| UBN | DLB2526SS0B15395, 15396, 15397, 15398, 15400, 15401, 15402, 15403, 15404, 15405, 15406, 15407, 15408 |

राज.संवाद/सी/25/8698 प्रशासक नगर परिषद निम्बाहेड़ा आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**सा. नि. वि. खण्ड नाथद्वारा जिला राजसमन्द राजस्थान**

क्रमांक : 25 दिनांक : 13.08.2025

**निविदा सूचना संख्या 08/2025-26**

**NIB: PWD202526A2699**

पुलिया मरम्मत व कंस्लटेंसी कार्य हेतु ईच्छुक संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में अन्य विवरण उपापन वेबसाईट (http://www.eproc.rajasthan.gov.in और http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल अनुमानित राशि 332.86 लाख रुपया है।

**UBN No.- 1.** PWD2526WSOB09990, 2. PWD2526WSOB09991, 3. PWD2526WSOB09992 4. PWD2526WSOB09993, 5. PWD2526WSOB09994

(भानु प्रकाश माथुर)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड नाथद्वारा

DIPR/C/12098/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांकः 1566-1574 दिनांकः 14/08/2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 05/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सड़क मरम्मत कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

**UBN No. 1. PWD2526WSRC09725, 2. PWD2526WSRC09726**

(के. के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/11969/2025



**EXECUTIVE ENGINEER PWD DN-DAUSA**

File No. 3032-37 Date 12/08/25

**Notice Inviting Bid No-14/2025-26**

Bids for Remaining/Construction of Building work under PWD Division Dausa District Dausa of Nit No. 14 Year 2025-26 of Procurement are invited from interested bidders upto 11.00 AM (time) 29-08-2025 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://www.eproc.rajasthan.gov.in, "http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and "http://www.pwd.rajasthan.gov.in" departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 268.15 Lacs

1. UBN No. PWD2526WSOB 9808
2. UBN No. PWD2526WSOBO9810
3. UBN No. PWD2526WSOB 09812
4. UBN No. PWD2526WSOBO9815
5. UBN No. PWD2526WSOB 09816
6. UBN No. PWD2526WSOB09817

(Phool Singh Meena)
Executive Engineer
PWD Division-Dausa

DIPR/C/12078/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, रेगुलेशन खण्ड-तृतीय, बज्जू (बीकानेर)**

क्रमांकः- 733-36 दिनांकः- 19/08/2025

**निविदा सूचना संख्या : EE/01 OF YEAR 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्याः EE/01OF YEAR 2025-2026 में 13.10-लाख से 143.82 लाख के विभिन्न कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। राज्य सरकार द्वारा जल संसाधन विभाग एव निर्माण विभाग के प्रथम श्रेणी में नियमानुसार (समय समय पर संधोधित) प्रभावी आदेशों के तहत पंजीकृत ठेकेदारों एवं रेगुलेशन इकाई में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में ई- प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण वेब साईड http://www.sppp.rajasthan.gov.in, http://watereresources.rajasthan.gov.in http:/eproc.rajasthan.gov.in तथा http://dipr.rajasthan.gov.in देखे जा सकते है इच्छुक संवेदकों को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईड http:/eproc.rajasthan.gov. in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है एंव निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में डाउनलोड/अपलोड किये जा सक्तें है। सभी विवरण इस कार्यालय में भी देखे जा सकते है। (NIB01/2025-26 / IGB2526A0049 & IGB2526WSOB00169 to 76 uploading date 20.08.2025)


अधिशाषी अभियन्ता,
रेगुलेशन खण्ड तृतीय, इंगानप बज्जू

DIPR/C/12146/2025


# सड़क पर गोवंश मांस मिलने की आशंका पर हंगामा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में रविवार देर रात सड़क पर गोवंश के मांस के अवशेष मिलने से तनाव फैल गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि किसी ने जानबूझकर गोवंश का वध करके उसके टुकड़े सड़क पर फेंके हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि यह मांस गोवंश का नहीं है बल्कि नगर निगम की कचरा गाड़ी से गिरा है जो मांसाहारी दुकानों का कचरा लेकर बलीचा डंपिंग यार्ड जा रही थी।

जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 11.30 बजे पालीवाल भवन के सामने मुख्य मार्ग पर मांस से भरा कट्टा सड़क पर गिरा हुआ पाया गया, जिसके बाद हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने इसे गोवंश का मांस बताकर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष सन्नी पोखरना की शिकायत पर मामला दर्ज होने के बाद स्थिति शांत हुई। पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच करके आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला के अनुसार सड़क पर बिखरे मांस के अवशेषों की जांच पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश जैन और नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा द्वारा की गई, जिसमें प्राथमिक जांच में यह गोवंश का मांस नहीं पाया गया। पुलिस ने विस्तृत जांच के लिए सैंपल एफएसएल भेजे हैं।



**डूंगरपुर जिलेभर में दो दिन से लगातार तेज व मध्यम गति की बारिश का दौर चल रहा है, जिसके कारण कई तालाब व बांध भराव क्षमता को पार कर चुके हैं। वहीं जिले के सबसे बड़े बांध सोम कमला आम्बा के सात गेट एक-एक मीटर खोले गये हैं तथा आसपास के काश्तकारों को सावधान कर दिया गया है।**


**कार्यालय, अधीक्षक, सामूहिक चिकित्सालय संघ, अजमेर**

क्रमांक-1241/लेखा-8/जलानेचि/2025 दिनांक-21/8/2025

**ई-टेण्डर (UBN No.MCA2526SLOBQ0094)**

इस चिकित्सालय हेतु मेडिकेटिड गैस आपूर्ति एवं सिलेण्डर से संबंधित रिपेयरिंग कार्य हेतु ई-निविदा के माध्यम से ई-प्रक्योरमेन्ट प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा कार्य का विवरण | मेडिकेटिड गैस आपूर्ति एवं सिलेण्डर से संबंधित रिपेयरिंग कार्य हेतु एक वर्ष हेतु (2025-27) |
| 02 | निविदा मूल्य | 200.00 लाख |
| 03 | निविदा संख्या एवं प्रकाशन की तिथी | 1241 12-8-25 |
| 04 | प्री-बिड दिनांक / समय | दि0 18-8-25 प्रातः 10.30 बजे अधीक्षक कक्ष |
| 05 | निविदा डाउनलोड की दिनांक/समय | दि0 12-8-25 प्रातः 10.00 बजे |
| 06 | निविदा अपलोड की दिनांक/समय | दि0 19-8-25 प्रातः 10.00 बजे से दि0 8-9-25 को दोपहर 03.00 बजे तक |
| 07 | भौतिक रूप से निविदा शुल्क, बिड सिक्यूरिटी राशि, निविदा प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराने का समय | दि0 8-9-25 को दोपहर 03.00 बजे तक |
| 08 | तकनीकी बिड खोलने की दिनांक/समय | दि0 9-9-25 को दोपहर 03.00 बजे |

निविदाएं खोलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने पर निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जावेंगी। अपूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएं एवं सशर्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी।

अधीक्षक
सामूहिक चिकित्सालय संघ
अजमेर

DIPR/C/11757/2025



**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

बाड़मेर -344001, दूरभाष :- 02982-220674

**अल्कालिक ई-निविदा सूचना**

अन्य विवरण जैसे निविदा मुलय, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले। सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढने की जानकारी आदि केवल वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** पर उपलब्ध करायी जायेगी।

| TN | Works | UBN No. |
|---|---|---|
| TN-25 | ('ए) रीडवा के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस रीडवा के लिए 10.00 किमी 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) जैसलमेर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन चान्दन,जैसलमेर में रीडवा जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 3.60 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर-2025 | JVV2526 WSOE00451 |
| TN-26 | ('ए) मुन्ना टिब्बा के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस मुन्ना टिब्बा के लिए 23.00 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) जैसलमेर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन मोहनगढ़ में मुन्ना टिब्बा जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 6.5 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025 | JVV2526 WSOE00452 |
| TN-27 | ('ए) केशव नगर के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस केशव नगर के लिए 4.5 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) जैसलमेर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन ग्रामीण में केशव नगर जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 6.5 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025 | JVV2526 WSOE00453 |

राज.संवाद/सी/25/8680 संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045


# पेयजल की किल्लत, ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़े

**■ ककोड़ गांव में पानी की समस्या को लेकर सोमवार को ग्रामीण टंकी के पास पहुंचे और प्रदर्शन किया**

**टोंक, (निसं)।** उनियारा उपखंड के ककोड़ कस्बे में ग्रामीणों ने पेयजल से परेशान होकर पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार ककोड़ गांव में पानी की समस्या को लेकर सोमवार को ग्रामीण टंकी के पास पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ महिलाएं और युवक पानी की टंकी पर चढ़ गए, जहां बाद में प्रशासक (सरपंच) ने उनकी समस्या सुनी तथा उन्होंने बीसलपुर पेयजल परियोजना के अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों से बातचीत कर जल्द समाधान करने की मांग की। बाद में परियोजना से जुड़े कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पेयजल की लाइन के वाल्व को ज्यादा खोलकर राजपूत मोहल्ला समेत तीन कॉलोनियों की पेयजल सप्लाई बढ़ाई, जहां दो घंटे बाद करीब 10 बजे बजे लोग टंकी से उतरे। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि फिर भी पानी पर्याप्त नहीं आया तो और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# ओ.पी.आई.एस. यूनिवर्सिटी के फर्जी डिग्री मामले में फरार 25 हजार रु. की इनामी आरोपी दस्तयाब

## ए.टी.एस. ने आरोपित संगीता कडवासरा को दिल्ली के कंझावला से पकड़ा, वह मादक पदार्थ तस्करी में भी वांछित है

**जयपुर**। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) राजस्थान ने कार्रवाई करते हुए ओपीआईएस यूनिवर्सिटी के फर्जी डिग्री मामले में लंबे समय से फरार ईनामी व मादक पदार्थ तस्करी में वांछित आरोपित महिला संगीता कड़वासरा को दस्तयाब किया है। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है।

एटीएस पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ओपीआईएस यूनिवर्सिटी के फर्जी डिग्री मामले में लम्बे समय से फरार 25 हजार रुपये की इनामी वांछित आरोपित महिला संगीता कड़वासरा उर्फ भूमि निवासी हमीरवास जिला चुरु हाल कंझावला दिल्ली को दस्तयाब किया गया है। आरोपित संगीता कडवासरा इंटरनेशनल वॉलीबॉल प्लेयर थी और उसी के आधार पर खेल कोटा से रेलवे में जॉब लग गई थी। पति से तलाक के बाद सन 2014 रेलवे की नौकरी छोडने के बाद दिल्ली में रहने वाले



आरोपित महिला संगीता कड़वासरा

अपने पिता के घर रहने लगी थी। आरोपित संगीता ने बेरोजगार होने के कारण अपनी बहन सरिता के माध्यम से ओके इण्डिया न्यूज चैनल रोहतक में काम किया। इसके

- फ्लैट के दरवाजे पर बाहर से ताला लगाकर छिपती थी शातिर संगीता
- ए.टी.एस. ने फ्लैट की बिजली कटवाई और जब संगीता के भतीजे ने इसकी शिकायत केयर टेकर से की तो पकड़ी गई

बाद ओपीआईएस यूनिवर्सिटी सांखु किला राजगढ़ जिला चुरु में ऑब्जर्वर के रुप में कार्य करने लगी थी। आरोपित महिला ओपीआईएस यूनिवर्सिटी में ऑब्जर्वर के पद रहते हुए यूनिवर्सिटी के मालिक जोगेन्द्र सिंह के साथ मिलकर विभिन्न कोर्सों की हजारों फर्जी डिग्रियां पीछे की तारीखों में प्रिंट कर दलालों के माध्यम से मोटे रुपये लेकर जारी करती थी।

### सात दिनों से ए.टी.एस. इलाके में घूमती रही

विकास कुमार ने बताया कि लगभग सात दिवस से एटीएस की टीम गली इलाके में घूम रही थी, पर शातिर संगीता घर से बाहर निकलती ही नहीं थी। विश्वस्त के लोगों से मिलने भी सुबह -सुबह पड़ोस के शिव मंदिर में जाती थी। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर शिव मंदिर का पता चला। मंदिर के आस-पास की कॉलोनियों में पूछने पर बहन के बेटे का किराए पर फ्लैट लेना पता चला। पूछताछ से पुष्टि हुई कि सिर्फ भतीजा ही फ्लैट छोड़कर बाहर जाने का पता चला था। क्योंकि संगीता कमरे में छिपकर व बाहर से ताला लगाकर रहती थी। फ्लैट से भतीजे के बाहर जाने के बाद एटीएस टीम द्वारा केयर टेकर को फोन कर बिजली कट करवायी जाने के उपरान्त भतीजे के द्वारा केयर टेकर को फ्लैट में बिजली नहीं होने के लिए सम्पर्क किया। टीम द्वारा केयर टेकर को साथ लेकर ताला खुलवाया तो अन्दर संगीता बैठी थी।

### पकड़ने में इन अफसरों की विशेष भूमिका

ए.टी.एस. टीम के पुलिस निरीक्षक राजेश यादव, निशा चावरिया, एसआई अमित नागोरा, एएसआई सचिन भारद्वाज, हैड कांस्टेबल संदीप कुमार, गजराज सिंह, कांस्टेबल विकास भारद्वाज, हरिसिंह की विशेष भूमिका रही। कार्रवाई में शामिल समस्त टीमों को विशेष कार्यक्रम के दौरान एटीएस कार्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

## बीट के आधार पर तय होगी शहर की सफाई व्यवस्था की जवाबदेही

**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने मुख्यालय पर शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ऑनलाइन सर्विसेज़, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संपर्क पोर्टल, बजट घोषणा सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार सहित जोन व मुख्यालय के उपायुक्त व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने सभी जोन उपायुक्तों से सख्ती के साथ कहा कि प्रतिदिन फील्ड में जाए, मुख्य मार्गों सहित विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। साथ ही निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों की बीट तय की जाए और उसी अनुसार उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित हो। मुख्य मार्गों पर सफाई अभियान चलाकर सफाई की जाए तथा रोडसाइड कचरा पात्र भी लगवाये जाये। कचरा डिपो/जीवीपी पॉइंट (गारबेज वल्नरेबल पॉइंट) को शीघ्र सफाई कर उनका सौंदर्यीकरण किया जाए। साथ ही शहर को गंदा करने वाले दोषी व्यक्तियों से मौके पर ही कैरिंग चार्ज भी वसूल किया जाए। नगर निगम ग्रेटर द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर करने के लिये प्रतिदिन नवाचार कर रहा है सीसीटीवी कैमरो की निगरानी सहित अब मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से जयपुरवासियों से शहर को स्वच्छ करने की अपील भी की जायेगी।

## रत्नजड़ित मुकुट में दर्शन देंगे गजाजन

**जयपुर**। गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी। इसके चलते मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। वहीं सोमवार को मंदिर में एक विशेष झांकी सजाई गई। मंदिर में महंत कैलाश शर्मा की ओर से दो रत्न जड़ित स्वर्ण मुकुट विधि विधान से पूजा करके भगवान गणेश के दोनों ओर प्रदर्शित किया गया है। मंगलवार से भगवान गणेश को ये मुकुट धारण कराए जाएंगे। इससे पहले भगवान गणेश जी महाराज का विशेष श्रृंगार होगा। भगवान को विशेष पोशाक धारण करवाई जाएगी। चांदी के सिंहासन पर विराजमान होंगे। श्रृंगार के दौरान गणेश जी को नौलखा हार जिसमें मोती, सोना, पन्ना, माणक आदि के भाव स्वरूप दर्शाए गए हैं।

## अजय गुप्ता राजस्थान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने

**जयपुर**। दी राजस्थान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद पर अजय गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

वहीं कार्यकारिणी के 19 पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश अग्रवाल ने बताया कि एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव 2025-27 के लिए अध्यक्ष सहित 20 पदों पर निर्वाचन होना था। अध्यक्ष पद पर केवल एक उम्मीदवार अजय गुप्ता का नामांकन दाखिल हुआ। ऐसे में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं कार्यकारिणी के 19 पदों पर भी 19 नामांकन



दाखिल होने से सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। कार्यकारिणी में अजय शर्मा, संदीप विजय, अजय अग्रवाल, मुकेश बंसल, अनिल जोशी, आनंद नागर, विकास अग्रवाल, मुकेश जैन, अक्षत शर्मा, दीपक अग्रवाल, गौरव हरित, वेदांत दरगड़, कमल प्रकाश सैनी, अपूर्व मित्तल, निर्मल गोयल, रोहित बगड़ा, आशीष कुमार पालीवाल, नितेश पाटनी व विजय अग्रवाल शामिल है।

## जलदायकर्मियों ने गांधी नगर मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

### इंटक प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में कर्मचारी हितों पर हुई जलदाय विभाग से वार्ता

**जयपुर** (कासं)। प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक जयपुर के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों जलदाय कर्मचारियों ने एकत्रित होकर गांधी नगर स्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत के नेतृत्व में कर्मचारियों की तमाम मांगों पर जलदाय विभाग के अफसरों से बातचीत की गई।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, वृत्त अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, जिला महामंत्री रामधन सैनी, जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी एवं यूथ अध्यक्ष विनोद कुमार मीणा उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारी लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई बार अभियंताओं को अवगत करवाने के बावजूद समाधान न होने से आज मजबूरन संगठन द्वारा यह विरोध किया गया। विरोध के दौरान जयपुर शहर के सभी अधिशासी अभियंता, सहायक



**जलदाय इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुधांशु दीक्षित समेत वरिष्ठ अधिकारियों से कर्मचारी हितों के बारे में चर्चा की।**

अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता से वार्ता की गई। अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुधांशु दीक्षित ने समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए और संगठन को आश्वस्त किया कि 10 दिनों के भीतर सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

संजय सिंह शेखावत ने कहा कि, हमारी मांग है कि सभी पदों पर लंबित डीपीसी तुरंत आयोजित की जाए। राजकीय आवासों तथा पम्प हाउसों की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए। अपात्रित स्टोर मुंशियों को पात्रित किया जाए। पम्प हाउसों पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए तथा विभाग में नई भर्ती की जाए। विभाग में पद के अनुरूप ही कर्मचारियों से कार्य लिया जाए।

संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय-सीमा में मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## परकोटा गणेश मंदिर में 3 दिवसीय जन्मोत्सव शुरू

**जयपुर**। गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को विशेष योग संयोग में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में चांदपोल बाजार स्थित परकोटा गणेश मंदिर में सोमवार से तीन दिवसीय गणेश जन्मोत्सव उत्सव का आगाज हो गया है।

मंदिर महंत अमित शर्मा ने बताया ने बताया सोमवार को गणेश जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर शिखर पर ध्वजा अर्पण की गई। भगवान गणपति की फूल बंगला झांकी सजाकर 21 हजार लड्डुओं का भोग दूर्वा झांकी सजाई गई। इस दिन श्रद्धालु गणपति की पूजा-अर्चना के साथ गणेश जी महाराज को गणपति अथर्वशीर्ष व गणपति अष्टोत्तर नामावली से लड्डू अर्पित करें। भक्त लोग गणपति की पूजा अर्चना कर दुर्वा अर्पित की। इस मौके पर गणपति नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। यह क्रम सुबह से लेकर रात तक चला। तीन दिवसीय गणेश जन्मोत्सव उत्सव मंगलवार को भगवान गणपति के मेहंदी सिंजारा उत्सव मनाया जाएगा। भगवान को 101 किलो मेहंदी अर्पित की जाएगी। महंत परिवार की ओर से प्रथम पूज्य को मेहंदी अर्पण की जाएगी। महिलाएं मंदिर प्रांगण में एक दूसरे को मेहंदी लगाएंगे इस मौके पर महिला मंडल के द्वारा बधाई गान का आयोजन होगा। बुधवार को गणेशजी महाराज का अभिषेक व भव्य पूजा की जायेगी।

## महापौर डॉ. सौम्या ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने अधिकारियों की बैठक ली।**

**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में निर्माण शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी सहित अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। बैठक में वार्डों में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

महापौर ने वार्डों में किये जा रहे विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी प्रगति रिपोर्ट ली। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किये जाने व सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से तय समय में किये जाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम ग्रेटर लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। महापौर ने रामनिवास बाग में स्पोर्ट्स एकेडमी विकसित करने, उद्यान के विकास कार्यों को करने एवं सड़कों की स्थिति की जानकारी ली। तिलक नगर सामुदायिक केन्द्र के कैम्पस में उपलब्ध खाली भूमि पर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाये जाने, निगम मुख्यालय के कैम्पस गार्डन एरिया में ट्रिपल बेसमेन्ट पार्किंग बनाये जाने, यूएलबी क्लब निर्माण, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अटल स्मृति उद्यान, अटल क्लब बनाने, पार्क सौन्दर्यीकरण, 8 वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिए मानसरोवर में एक्सक्लूसिव चिल्ड्रन पार्क विकसित करने के बारे में जानकारी ली।

## आई.एच.सी.एल. ने क्लार्क्स ब्रांड से किया सेल्स, मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन एग्रीमेंट

### आगरा, जयपुर, खजुराहो और लखनऊ स्थित चार क्लार्क्स होटलों की होगी मार्केटिंग

**जयपुर**। भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी - इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स के साथ एक स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, आगरा, जयपुर, खजुराहो और लखनऊ स्थित चार क्लार्क्स होटलों का विपणन सेलेक्शंस के अंतर्गत किया जाएगा। यह अपनी विशिष्ट पहचान और विरासत के लिए जाने जाने वाले क्यूरेटेड होटलों का एक मंच है, जो यात्रियों को अनोखे और यादगार अनुभव प्रदान करता है। इस सहयोग से क्लार्क्स ब्रांड का विस्तार भी होगा।

आईएचसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पुनीत चटवाल ने इस अवसर पर कहा कि "प्रतिष्ठित क्लार्क्स परिवार के साथ हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और सुदृढ़ करते हुए, यह एग्रीमेंट भारत के ऐतिहासिक शहरों में स्थापित पर्यटन सर्किट्स में हमारी पेशकश को और बेहतर करेगा। ये होटल्स, जो प्रत्येक अपने-अपने स्थान पर लैंडमार्क हैं, वहां की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं।"

क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर्स, अपूर्व कुमार और रूपक गुप्ता ने कहा, यह केवल एक साझेदारी नहीं है, बल्कि भारतीय पर्यटन के भविष्य के लिए एक मजबूत मंच तैयार करने की



प्रतिबद्धता है। यह समझौता दो समृद्ध विरासतों का संगम है। ताज की यात्रा 1903 में मुंबई के प्रतिष्ठित ताज महल पैलेस होटल से शुरू हुई थी, जिसने भारतीय आतिथ्य के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित किए। वहीं क्लार्क्स - एक हेरिटेज ब्रांड, जो स्वतंत्र भारत जितना ही युवा है, 79 वर्ष पूर्व स्थापित यह देशभर में टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जैसे-जैसे भारत का पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ रहा है, यह सहयोग आईएचसीएल और क्लार्क्स के बीच एक ऐसा नया अध्याय रचेगा जो परंपरा का सम्मान करते हुए नवाचार को भी अपनाएगा।

यह साझेदारी आईएचसीएल के ग्लोबल मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को क्लार्क्स की विरासत और ब्रांड की ताकत के साथ जोड़ती है। होटल क्लार्क्स शिराज, आगरा, 236 कमरों वाला एक भव्य होटल है, जो मुगल वास्तुकला की प्रेरणा और आधुनिक विलासिता का सुंदर संगम है। यह होटल पिछले पांच दशकों से अतिथि सेवा का पर्याय बना हुआ है। ताजमहल और आगरा फोर्ट से कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित, यह होटल इन ऐतिहासिक धरोहरों के मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। क्लार्क्स आमेर, जयपुर, 216 कमरों वाला होटल, हरियाली के बीच स्थित राजस्थान की जीवंत संस्कृति को दर्शाता है। क्लार्क्स खजुराहो, 104 कमरों वाला यह होटल, यूनेस्को-सूचीबद्ध मंदिरों के समीप स्थित है और खजुराहो की प्रसिद्ध मूर्तिकला की भव्यता से प्रेरित एक शांत प्रवास का अनुभव प्रदान करता है। क्लार्क्स अवध, लखनऊ, 97 कमरों वाला यह होटल, ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा और सुरम्य गोमती नदी के पास है और अवधी संस्कृति की परिष्कृत भव्यता को दर्शाता है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की जनसुनवाई में उमड़ी भीड़

- प्रदेशभर से पहुंचे लोगों ने सड़क, जमीन, बिजली और पानी से जुड़ी अपनी समस्याएं बताईं, जिन पर उपमुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को सिविल लाइंस स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी परेशानियां रखीं, जिस पर उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल और समयबद्ध समाधान के लिए निर्देशित किया।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से सड़क, ज़मीन, बिजली और पानी से जुड़ी स्थानीय समस्याएं सामने आईं। उपमुख्यमंत्री ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का केवल पंजीकरण न हो, बल्कि समय पर कार्रवाई करके जनता को वास्तविक राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा, "जनसुनवाई की नियमितता यह सुनिश्चित करती है कि लोगों को अपनी बात रखने का एक निश्चित मंच मिले, जिससे समाधान की उम्मीद बनी रहती है।" उन्होंने बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका असर राज्य में सड़क की गुणवत्ता और कृषि जैसे क्षेत्रों पर दिख रहा है, जिसके लिए भविष्य में ठोस प्रयासों की आवश्यकता होगी। जनसुनवाई के दौरान कई भावुक क्षण भी देखने को मिले। सीकर के दातारामगढ़ से आई कुछ महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### आलमी मिलाद कांफ्रेंस का आयोजन



**जयपुर**। 1500वां जश्ने मिलादुन्नबी का रामगंज चौपड़ पर आलमी मिलाद कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। जहां हज़ारों अक़ीदतमंदो ने शिरकत की, जिन्हें हज़रत मुहम्मद साहब की जीवनी से लोगों को अवगत कराया। मुफ्ती-ए-शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपस्ती व सुन्नी दावते इस्लामी के संरक्षक मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब के निगरानी में 1447 हिजरी का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें शहर के औलामा, जिम्मेदार हजरात एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी के बारे में बताते हुए उनके बताए सन्मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इसी के साथ जश्ने मिलादुन्नबी के जुलूस में आने वाले लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।। जिसमें मुख्य वक्ता मालेगांव महाराष्ट्र के सैय्यद अमीन उल कादरी साहब ने 1500 वाँ मिलाद अपने अपने घरों मे हरे झंडो के साथ एक पौधा ज़रूर लगा कर मनाएं। साथ ही अन्य कई इस्लामी स्कॉलर कांफ्रेंस ने संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैय्यद मुहम्मद क़ादरी साहब ने बताया कि जुलूस में नबी दुरूदो सलाम नातो मनक़बत पढ़ते हुए चलना दुआ के साथ इख़्तेताम पज़ीर हुआ है। इसी प्रकार 30 अगस्त को वाहिद मेमोरियल वेलफेयर एंड रिलीफ सोसायटी की ओर से बड़ी चौपड़ पर कुल हिंद नातिया मुशायरा होगा। जिसमें देशभर से विख्यात शायर आएंगे। 4 सितंबर को मिलाद चोक लुहारों का खुर्रा पर पूरी रात मिलाद का कार्यक्रम होगा, 5 सितंबर को जुमा की नमाज़ के बाद जुलूस घाट गेट से रवाना होकर चार दरवाज़ा होते हुए कर्बला तक जाएगा वहाँ पर पहुँचेगा।

### ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शास्त्री नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी करने वाले एक ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक चोरी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद भी किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) मनीष अग्रवाल ने बताया कि सीएसटी ने शास्त्री नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी करने वाले एक ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर (24) निवासी जमवारामगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक चोरी का ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### महंगी साइकिल चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर**। आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूल-कोचिंग के बाहर खडी मंहगी साइकिल चोरी करने वाले एक साइकिल चोर को पकडा है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की गई नौ महंगी साइकिलों को भी बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित आरोपी को बेचकर जो रुपए मिलते थे, उनसे स्मैक खरीदता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूल-कोचिंग के बाहर खडी महंगी साइकिल चोरी करने साईकिल चोर इस्लाम उर्फ रिजवान निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया है,जिसके पास से चोरी की नौ साइकिल भी बरामद की गई। आरोपित अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए साइकिल चोरी करता था और चोरी के बाद बेचने पर जो रुपए मिलते थे। उससे स्मैक खरीदता था। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

### मजदूरों के मोबाइल चुराने वाले दबोचे

**जयपुर**। करधनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर और आदतन मोबाइल चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 19 चोरी के मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों ही आरोपित लोगों के कमरों में घुसकर और निर्माणाधीन बिल्डिंग पर काम करने वाले मजदूरों के मोबाइल चुराते थे। इसके अलावा निर्माणाधीन बिल्डिंग पर जाकर किसी भी बहाने से कुछ समय बिताते और फिर फोन उठा ले जाते थे। आरोपित पिछले छह माह से इलाके में निरंतर इसी प्रकार से चोरी की वारदात कर रहे थे। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर और आदतन मोबाइल चोरी करने वाले राहुल सिंह जादौन (22) निवासी प्रतापगढ़ जिला अलवर हाल करधनी और रोहित शर्मा उर्फ काना (27) निवासी निवासी खंडी जिला अलीगढ (उत्तर प्रदेश)हाल करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपितों से 19 चोरी के मोबाइल बरामद किए गए। दोनों बदमाश आदतन अपराधी हैं। दोनों के खिलाफ पहले भी इसी प्रकार के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### ट्रैफिक में फंसे तो ऑटो से पहुंचे कार्यालय

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर का सोमवार को एक बार फिर सहज एवं जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व देखने को मिला। जब वे वैशाली नगर स्थित जिला कार्यालय पहुंचने के लिए निकले तो जयपुर शहर के भारी ट्रैफिक में उनकी कार फंस गई। बिना समय गंवाए, गुर्जर तुरंत कार से उतरे और साधारण ऑटो में बैठकर कार्यालय पहुंचे। उनकी इस सादगीपूर्ण पहल को देखकर उपस्थित कार्यकर्ता आश्चर्यचकित रह गए और जमकर सराहना की। कई कार्यकर्ताओं ने इसे उनके "जमीन से जुड़े व्यक्तित्व" की पहचान बताया, तो कुछ ने इसे उनके "सहज एवं सरल स्वभाव" का प्रतीक माना। गौरतलब है कि राजेश गुर्जर का जन्म एवं शिक्षा ग्रामीण परिवेश में हुई है। वे वर्षों से भाजपा संगठन में विभिन्न दायित्व निभाते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में सक्रिय रहे हैं और अपने समर्पण, सादगी एवं संगठनात्मक क्षमता से सार्वजनिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई है। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने कार्यालय पहुंचकर यहां नवनियुक्त पदाधिकारियों का साफा बांधकर किया अभिनंदन किया तथा नव दायित्व की शुभकामनाएं दी। वहीं पदाधिकारियों ने भी जिलाध्यक्ष के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने तथा भाजपा जयपुर देहात दक्षिण को सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का प्रण लिया।

### नहीं खुलेंगी नॉनवेज व अंडे की दुकानें

**जयपुर**। जैन जागरूक मंच के अध्यक्ष सुरेन्द्र बज, महामंत्री महेन्द्र बोहरा व संयोजक अजय धांधिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि स्वायत शासन विभाग ने आदेश जारी किया है कि, जैन समाज के दोनों महत्वपूर्ण दिन 28 अगस्त पर्यूषण पर्व तथा 6 सितंबर अनन्त चतुर्दशी पर प्रदेशभर में अंडे की दुकानों सहित नानवेज की बिक्री सम्पूर्ण राज्य में प्रतिबंधित होगी। इस फैसले के लिए हम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आभारी है। सरकार के आदेशानुसार यह प्रतिबंध सम्पूर्ण राजस्थान पर लागू होगा। राजस्थान में पहली बार पूर्णतया नॉन वेज निषेध रहेगा। अन्डे की दुकानें, बूचड़खाने, मटन-चिकन और कच्चा मांस बेचने वाली सभी दुकानें पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। अगर कोई प्रतिबंध की पालना नहीं करता है तो नगर निगम पर स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करेगा।

### मानसरोवर में 7 अवैध निर्माण सीज



**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर कार्यवाही करते हुये मानसरोवर जोन की टीम ने सोमवार को 7 अवैध निर्माणों को सीज किया। उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकान्त कटारा ने बताया कि मानसरोवर जोन में बिना निर्माण स्वीकृति व अनुमति के 7 भवनों भूखण्ड संख्या 117/433, 38/288, 42/13/12, दुकान संख्या एस-53 व एस-54, एस-20, एस-30 को नगर निगम मानसरोवर जोन की कारवाई में अवैध निर्मित भवनों को नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 (7) (एफ) के तहत सीज किया गया।

# ARBiT it happens here...



## Honouring Our Furry Friends

Observed every year on August 26, National Dog Day is a heartfelt celebration of the loyalty, companionship, and unconditional love that dogs bring into our lives. Founded in 2004 by animal advocate Colleen Paige, the day aims to raise awareness about the plight of rescue and shelter dogs, and to encourage adoption from shelters and rescue organizations. Whether it's a trained service dog or a playful family pet, dogs play countless roles in human lives, from protectors and helpers to loyal friends. On this day, dog lovers across the world honour their furry companions and advocate for their well-being.



#HISTORY

# Bugle Of Independence

### How the 1946 Naval Revolt shook the British Empire!



In February 1946, a wave of mutiny erupted among Indian naval sailors aboard Royal Indian Navy (RIN) ships and shore establishments, culminating in what is now known as the 1946 Naval Revolt or the Royal Indian Navy Mutiny. This significant uprising shook the foundations of British colonial rule in India and played a pivotal role in accelerating the country's journey to independence.



## Background: A Navy on the Brink

At the end of World War II, the Royal Indian Navy was composed mostly of Indian sailors who had fought bravely alongside British forces. However, these sailors faced discrimination, poor living conditions, and inadequate pay, which festered deep resentment. The war had also ignited political awareness and nationalist sentiments across India, with many servicemen inspired by the burgeoning independence movement. Against this backdrop, small protests and grievances began to escalate.

## The Spark: The Mutiny Begins

On February 18, 1946, the mutiny began at the naval base in HMIS Talwar in Bombay (now Mumbai). Initially sparked by demands for better food, pay, and leave, the protest quickly spread to include political demands such as the end of British rule and release of political prisoners. Within days, the revolt spread to involve around 20,000 sailors across the Indian coastline, including ships stationed at Karachi, Calcutta, and Madras. The mutineers formed action committees, issued leaflets, and declared solidarity with workers' strikes and the wider independence struggle.

## Impact and British Response

The British authorities were caught off guard by the scale and intensity of the revolt. The mutiny spread rapidly and garnered significant public support, with civilians from all walks of life, including workers, students, and politicians, joining in solidarity. In response, the British declared martial law in Bombay and deployed troops and air strikes to suppress the uprising. However, the mutineers' determination and the widespread civil unrest demonstrated the crumbling hold of the British Empire.

## Political Ramifications

The 1946 Naval Revolt was a clear signal that the British Raj could no longer maintain control through force alone. The revolt weakened the morale of colonial administrators and military officers and emboldened the Indian National Congress and other nationalist leaders to demand faster steps towards independence.

Historians view the revolt as one of the final nails in the coffin of British colonial rule in India, occurring just over a year before India gained independence in August 1947.

## Legacy of the Revolt

The revolt is often overshadowed by other independence events, but its significance cannot be overstated. It demonstrated the power of organized resistance within the armed forces and highlighted the widespread desire for freedom among Indian servicemen. The courage shown by the sailors inspired subsequent generations and underscored the role of the military in India's liberation. Today, the 1946 Naval Revolt is remembered as a bold assertion of Indian nationalism and a critical moment in the country's struggle to end colonial domination.



Hindusthan Standard

INDIAN SAILORS IN REVOLT

SIX HOURS BATTLE WITH BRITISH TROOPS

GRAVE TURN IN R. I. N. MEN'S STRIKE IN BOMBAY

TWENTY SHIPS CAPTURED

Govt. Rushing Strong Naval And Air Reinforcements

"CEASE FIRE" ON BOTH SIDES AFTER CONCLUSION OF TRUCE

FIRING ON STRIKERS AT KARACHI

INDIANS RETALIATE WITH NAVAL GUNS

ONE KILLED AND 11 INJURED IN THE DUEL

ULTIMATUM FOR WITHDRAWAL OF MILITARY

THE BATTLE ENDS

Sit-Down Strike Continues

SARDAR SARDUL SINGH

India Govt. Order Release

---

Every political appointee in the US, from Vice President JD Vance to Secretary of State Marco Rubio, to FBI Director Kash Patel to US Treasury Secretary Scott Bessant, rushed to publicly congratulate Gor on his new appointment. There was a reason for this: Gor was the one to sign off on their antecedents when they were being considered for their jobs. In his position as director of the White House Presidential Personnel Office, he was the one responsible for research, background checks, security clearances, and recommendations on putative Federal appointees and whether or not they should be hired. Trump's first term was notable for the turnover of officials and the rapidity with which they were hired and fired. "If there was one criticism that I would level against the President, it is he didn't hire very well," Trump's former acting chief of staff, Mick Mulwaney told CNN in 2020, in what is considered an understatement. "He did not have experience at running government and didn't know how to put together a team that could work well with him." Trump was clear he did not want to make the same staffing mistakes that he did in his first tenure. Gor's intensive background checks made him a person to be both respected and feared in the new administration. And at least 4,000 people he was responsible for hiring for federal jobs owe their loyalty to the MAGA Republican Party (as opposed to the traditional Republicans) and to him personally. A source said he was 'ruthlessly efficient' and The Washington Post reported that his beagle was called Machiavelli.



# A 'Snake' In Our Yard?








Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

#SERGIO GOR

Amid ongoing tariff tensions between Washington and New Delhi, US President Donald Trump on Saturday nominated close aide Sergio Gor as the new Ambassador of India.

"That's what they call a soft landing in Trumpworld," an administration insider, familiar with the situation, told The Post.

Several sources said that the FBI recently completed a background check into Gor after he belatedly submitted his Standard Form 86 (SF-86) paperwork, which begins the process for granting a permanent security clearance. The findings of that review stoked internal intrigue over the past week as they were reviewed by West Wing bosses, with buzz mounting that Gor might be nominated as ambassador to Malta, his professed homeland, in a face-saving off-ramp.

He had maintained a temporary security clearance that was believed to have expired last month, though it's unclear whether an extension was granted. Gor had not filed the paperwork to begin the formal security-clearance process before The Post's investigation was published in mid-June.

Sources, who worked with Gor over more than a decade, said that he spoke often of being from Malta, a small Mediterranean island, but officials in that nation told The Post that they had no record of his birth. It was unclear whether Gor's murky national origin alone explained his reluctance to submit to a background check.

Incidentally, the original last name of Sergio Gor was Gorokhovsky; that is before it got shortened, when he and his parents migrated to the US. Born in Tashkent, Uzbekistan, a part of the erstwhile USSR, Gor emigrated to the US with his parents in 1999 when he was around 12, according to reports. The Times of Malta reported in July that Gor was born in Uzbekistan while it was still part of the Soviet Union.

He has no experience of trade or economic management. His publishing business was aimed at a largely captive audience. He has no particular interest in geopolitics, no specialised understanding of South Asia or India. What Sergey Gorokhovsky, or Sergio Gor, the new United States Ambassador to India, has going for him is this: he has President Donald Trump's ear. And that makes him an extremely valuable commodity for New Delhi. He represents a challenge, and an opportunity. Every political appointee in the US, from Vice President JD Vance to Secretary of State Marco Rubio, to FBI Director Kash Patel to US Treasury Secretary Scott Bessant, rushed to publicly congratulate Gor on his new appointment. There was a reason for this: Gor was the one to sign off on their antecedents when they were being considered for their jobs. In his position as director of the White House Presidential Personnel Office, he was the one responsible for research, background checks, security clearances, and recommendations on putative Federal appointees and whether or not they should be hired. Trump's first term was notable for the turnover of officials and the rapidity with which they were hired and fired. "If there was one criticism that I would level against the President, it is that he didn't hire very well," Trump's former acting chief of staff, Mick Mulwaney told CNN in 2020, in what is considered an understatement. "He did not have experience at running government and didn't know how to put together a team that could work well with him." Trump was clear that he did not want to make the same staffing mistakes that he did in his first tenure. Gor's intensive background checks made him a person to be both respected and feared in the new administration. And at least 4,000 people he was responsible for hiring for federal jobs owe their loyalty to the MAGA Republican Party (as opposed to the traditional Republicans) and to him personally. A source said that he was 'ruthlessly efficient' and The Washington Post reported that his beagle was called Machiavelli.

Gor rocketed from obscurity as a longtime aide to Sen. Rand Paul (R-Ky.) by launching a publishing company in 2021 that reaped millions publishing Trump's books. In 2022, he bought a seven-bedroom mansion near Palm Beach, Fla. He burst into the headlines in June when he convinced Trump to yank the nomination of Musk's pick to lead NASA, Jared Isaacman, after nursing a grudge and speaking of paying back the world's richest man for 'humiliating' him at a Cabinet meeting.

Musk, the CEO of Tesla and SpaceX, was departing his role leading Trump's Department of Government Efficiency when Gor allegedly exacted revenge. Gor cited Issacman's prior donations to Democrats, even though a number of high-profile former Democrats serve in Trump's Cabinet, including former Rep. Tulsi Gabbard (D-Hawaii) and Robert F. Kennedy Jr. Although Isaacman passed a Senate committee with bipartisan support, Trump withdrew the nomination, outraging Musk.

In a seismic political clash, Musk, Trump's top financial backer during the 2024 campaign, threatened to launch a third party and endorsed Trump's impeachment, causing indignation inside the White House, both over Gor's actions and their potential impact on the 2026 midterm elections.

Mr. Gor previously helped create a publishing venture that paid millions of dollars to Mr. Trump to produce his books when he was out of office, and he ran a super PAC supporting the president in 2024.

Mr. Gor would need to be confirmed by the Senate for the ambassadorship, although the special envoy role can be made simply by appointment. His nomination to the ambassadorship comes as a sudden rift has developed between the United States and India amid Mr. Trump's threats of punishing tariffs, rocking a friendship between the world's two largest democracies that had seemed to be flourishing just months ago. The president also said that "for the most populous region in the world, it is important that I have someone I can fully trust to deliver on my agenda."

"After a long spell, there is some semblance of good news for India," said Harsh V. Pant, vice president of studies and foreign policy at the Observer Research Foundation, a New Delhi-based think tank. "Ambassadorial roles are important in relationships going through a rough patch, and all the better that he has Mr. Trump's ears."

Mr. Gor was valued by the president for his perceived loyalty, and his willingness to freeze out of government people he considered insufficiently pure in that regard. But he was also criticized by others as capricious in his decisions. And he fought bitterly with Elon Musk, Mr. Trump's billionaire adviser, who ran an effort that ripped through existing government systems in the name of cutting costs and who himself often fought with others in the government. Mr. Gor was involved in providing Mr. Trump information that Jared Isaacman, a businessman and ally of Mr. Musk whom Mr. Trump picked in late 2024 to lead NASA on Mr. Musk's recommendation, had donated money to Democrats in the recent past. Mr. Trump decided to pull the nomination from the Senate confirmation process on Mr. Musk's last day working at the White House. Mr. Isaacman had directly told Mr. Trump about those donations in their 2024 meeting during the presidential transition, according to two people with knowledge of the events, but Mr. Trump claimed to be learning of them for the first time.

Mr. Gor has also been a focus of a crush of negative news stories that have raised questions about his personal back story and how he rose to prominence in Mr. Trump's world.

Mr. Gor previously worked for Senator Rand Paul, Republican of Kentucky. He has over several years had close relationships with a number of people in the president's extended orbit, including his son Donald Trump Jr. In 2024, the super PAC he ran was heavily backed by the former Marvel Entertainment executive Isaac Perlmutter, a friend and member of Mar-a-Lago, the president's private club in Florida. Back in June this year, an X user had alleged that Gor, who was reportedly tasked to hire employees across US departments, did 'not submit official paperwork about his own background needed for a permanent security clearance.'

"He's a snake," the Tesla and SpaceX boss had written in his response. Gor currently leads the White House Presidential Personnel. Addressing Gor as a 'great friend,' Trump expressed his complete trust in him while noting his contributions to the White House Office of Presidential Personnel.

"Sergio's role as Director of Presidential Personnel has been essential to delivering on the unprecedented mandate that we received from the American People," the US President added.

rajeshsharma1049@gmail.com



> Incidentally, the original last name of Sergio Gor was Gorokhovsky; that is before it got shortened, when he and his parents migrated to the US. Born in Tashkent, Uzbekistan, a part of the erstwhile USSR, Gor emigrated to the US with his parents in 1999 when he was around 12, according to reports.

> "After a long spell, there is some semblance of good news for India," said Harsh V. Pant, vice president of studies and foreign policy at the Observer Research Foundation, a New Delhi-based think tank. "Ambassadorial roles are important in relationships going through a rough patch, and all the better that he has Mr. Trump's ears."





---

#TRIED & TASTED

# Add Sweetness To Your Celebrations

If you are planning to celebrate Ganesh Chaturthi and make it a grand affair, you must have loads of sweets and savouries on the menu to offer to Ganpatiji and serve as prasad or bhog.

Modaks are sweet dumplings that are filled with grated coconut or jaggery. While this is the basic and original form of a modak, there are other exciting types too.

If you are planning to celebrate Ganesh Chaturthi and make it a grand affair, you must have loads of sweets and savouries on the menu to offer to Ganpatiji and serve as prasad or bhog. While you decide which ones to prepare and enjoy, you surely cannot miss the delicious modaks, which are considered to be one of Ganpati's most favourite sweets.

Did you know that Ganeshji is also known as Modakpriya because of his love for these sweet delights? Modaks are sweet dumplings that are filled with grated coconut or jaggery. While this is the basic and original form of a modak, there are other exciting types too that have been introduced in order to satiate evolving palates across the country. People are now experimenting with newer forms of modak fillings and you must try them too.

## Ukadiche Modak

### Ingredients

**For The Dough**
- 2 cups rice flour
- Water, as needed
- 1 tbsp oil
- 1 tsp ghee for kneading and greasing

**For The Filling**
- 1¼ cups grated jaggery
- 2 cups freshly-grated coconut
- 1 tbsp poppy seeds
- ½ tsp cardamom powder

### Preparation

**For Dough**
1. Boil 1¾ cups of water in a deep non-stick pan.
2. Place the rice flour in a bowl and add the boiled water gradually. Mix well, using a spoon in the beginning, and then knead into a soft and smooth dough with your palms. Add a little oil.
3. Cover with a lid and keep aside for 10 minutes.

### Filling
1. Heat a deep non-stick pan, add jaggery and cook on a slow flame till the jiggery melts, while stirring continuously.
2. Add the coconut, poppy seeds and cardamom powder, mix well and cook on a slow flame till all the moisture evaporates and the mixture thickens. Keep aside to cool slightly.
3. Divide the filling into equal portions and keep aside.



### To Assemble
1. Knead the dough once again using ½ tsp of ghee and keep aside.
2. Grease a modak mould using very little ghee and close it.
3. Take a portion of the dough, press it into the cavity of the modak mould till it is evenly lined on all the sides.
4. Fill the dough cavity with a portion of the filling.
5. Take a smaller portion of the dough and spread it evenly at the base of the modak mould so as to seal the filling. Demould the modak from the modak mould.
6. Repeat steps to make the remaining modaks.
7. Place a steamer plate in a steamer and place a banana leaf on it.
8. Moisten all the modaks with little water using your fingertips. Place modaks on the banana leaf and steam on medium flame for 10-12 minutes. Serve warm.

## Gulkand-Khoya-Saunf Modaks

### Ingredients

**For Dough**
- 1 cup rice flour
- 2 tbsp oil
- 1 ½ cup water
- A pinch of salt

**For Khoya-Saunf Modak**
- A few drops rose water
- 250 gm khoya (mawa)
- 70 gm sugar
- 2 tsp fennel seeds
- Handful of chopped pistachios
- 4 tbsp chopped dried apricots


**For Gulkand Modak**
- 3/4 cup gulkand, drained
- 2 paan leaves
- 1 tbsp candied fruits, chopped
- 2 tbsp supari, soft and chopped




### Preparation
1. In a thick-bottomed pan, add grated khoya, sugar, fennel seeds, chopped pistachio and chopped apricots. Cook on low heat till all the grain sugar is dissolved. Turn off the heat, add rose water and remove to a plate and cool.
2. In a thick bottom vessel, add water, oil and salt. Bring to boil. Remove half a cup of water and keep aside.
3. Remove the water from the fire and slowly add the rice flour. Keep stirring continuously till all the rice flour is used up.
4. Now, place it back on the gas and cook on slow flame till the rice flour comes together as dough. Remove and let it cool. Cover with a clean, moist cloth.
5. Apply very little of oil on your palm and place a small ball of the dough. Flatten it a bit and place the khoya mixture in the centre. Now from all sides, fold the dough and shape like a water drop.
6. Do this for the rest of the dough and mixture.
7. Now, prepare a steamer and steam the modaks for 5-7 mins. Remove, allow to cool and serve.
8. For making the gulkand modak mixture, mix all the ingredients together and stuff in the modak dough and steam them.

---

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पांच करोड़ की सायबर ठगी का पर्दाफाश, सात जने गिरफ्तार, सरगना फरार

## बड़ी मात्रा में सायबर क्राइम में प्रयुक्त सामग्री व अवैध हथियार बरामद किए

**डीडवाना, (निसं)।** जिला पुलिस ने सायबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक संगठित सिंडिकेट गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में सायबर क्राइम में प्रयुक्त सामग्री व अवैध हथियार बरामद किए हैं। वहीं गिरोह का मुख्य सरगना दिनेश रणवा पुलिस की पकड़ से फरार हो गया। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि प्राप्त सायबर शिकायतों के आधार पर सायबर सेल और डीडवाना वृताधिकारी धरम पुनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम को मौलासर थाना क्षेत्र के पीपला का बास गांव के नजदीक तलाई इलाके में एक स्कॉर्पियो कार में बैठे सायबर ठगों की सूचना मिली। टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर सात को दबोच लिया। मुख्य सरगना मौके से फरार होने में सफल हो गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों से 21 एटीएम कार्ड, 22 सिम कार्ड, 10 मोबाइल फोन, एक वाई-फाई डॉंगल,



पुलिस ने करोड़ों की ठगी मामले में सात जनों को गिरफ्तार किया।

4 चेकबुक, 9 पास बुक, 34 हजार नगद, एक स्कॉर्पियो कार, एक पिस्टल मय मैग्जीन व 12 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। शुरुआती जांच में गैंग से 5 करोड़ रुपये से अधिक की सायबर ठगी के लेनदेन का खुलासा हुआ है।

एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पीपला का बास, मौलासर निवासी शिवपाल सिंह और जितेन्द्र सिंह, चितावा थाना क्षेत्र के कुकनवाली गांव निवासी विकास कुमार, कुचामन सिटी क्षेत्र के कुकनवाली निवासी रामदेवाराम, उदयपुरा निवासी मुकेश और कमल, तथा आथूना दरवाजा, कुचामन सिटी निवासी आदिल उर्फ मोनू शामिल हैं।

एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि आरोपियों द्वारा आपराधिक षड्यंत्र के तहत भोले-भाले लोगों को कमीशन व लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक व सिम कार्ड अपने कब्जे में ले लिए जाते थे। इसके बाद सायबर ठगी की राशि इन खातों में डलवाकर एटीएम, चेक या ई-मित्र के माध्यम से

- डिजिटल अरेस्ट, लिंक भेजकर ठगी और बेरोजगार युवाओं को नौकरी का लालच देकर उन्हें फंसाने जैसी तरकीबों से लोगों को ठगी की थी

निकालकर मुख्य सरगना तक पहुंचाई जाती थी। कमीशन के रूप में गैंग के सदस्य हिस्सा पाते थे। पुलिस के अनुसार यह गैंग डिजिटल अरेस्ट, लिंक भेजकर ठगी और बेरोजगार युवाओं को नौकरी का लालच देकर उन्हें फंसाने जैसी तरकीबों से लोगों को ठगता था।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर और अजमेर रेंज आईजी राजेन्द्र सिंह के निर्देशन में, डीडवाना-कुचामन एसपी ऋचा तोमर की पर्यवेक्षण और एएसपी नेमीचंद खारिया व वृताधिकारी धरम पूनिया के सुपरविजन में हुई। इसमें मौलासर, कुचामन, चितावा थाना पुलिस व सायबर सेल डीडवाना की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई।

# छह लाख रूपये का अफीम दूध जब्त, चार अभियुक्त गिरफ्तार


सरूण्ड थाना पुलिस ने कार्रवाई की चार जनों को गिरफ्तार किया।

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने छह लाख रूपये का अफीम दूध सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया व वारदात में प्रयुक्त स्वीफ्ट गाड़ी जब्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुये बताया कि गत 24 अगस्त की रात्रि को गश्त व नाकाबंदी के दौरान सरूण्ड थाना पुलिस को डीएसटी टीम के कानि. धर्मेन्द्र द्वारा सूचना दी गई कि एक स्वीफ्ट गाड़ी गोरधनपुरा से कुजोता की ओर आ रही है। पुलिस टीम ने उक्त गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो चालक उसको भगा ले गया। इस पर पुलिस टीम द्वारा कुजोता मोड़ स्थित कंजर बस्ती के पास नाकाबंदी की गई तो उक्त स्वीफ्ट गाड़ी आती हुई दिखाई दी। जिस पर एसएचओ बाबूलाल मीणा ने गाड़ी को रोककर चालक से भागने

- पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्वीफ्ट गाड़ी जब्त की

का कारण पूछा तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया एवं घबरा गया। कार सवार युवकों ने अपना नाम मोहित मोहन, राजवीर, बलवान उर्फ बल्ले बताया। पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो सीट के नीचे प्लास्टिक की थैली में अवैध मादक पदार्थ अफीम दूध पाया गया। कार सवार लोगों से इस बाबत पूछताछ की तो उन्होंने कोई लाईसेंस अथवा अनुज्ञा पत्र होना नहीं बताया।

इस पर पुलिस ने उक्त मादक पदार्थ अफीम दूध का वजन किया तो 1 किलो 780 ग्राम वजन पाया गया, जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत मौके पर ही सील कर जप्त किया। साथ ही स्वीफ्ट गाड़ी को जप्त करते हुये अवैध मादक पदार्थ का परिवहन कर रहे आरोपी हरिन्द्र राठी (25) पुत्र सरजीत गुर्जर निवासी बार गुर्जर, थाना खेड़की दौला व मोहित मोहन (25) पुत्र मदन लाल राजपूत निवासी सदना पार्क के पास, सैक्टर 10 जिला गुड़गांव (हरियाणा) एवं राजवीर (25) पुत्र बलराम गुर्जर व बलवान उर्फ बले (25) पुत्र विश्राम गुर्जर दोनों निवासी मिलकपुर गुर्जर थाना फुलबाग, खैरथल-तिजारा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जप्त किये गये उक्त मादक पदार्थ अफीम दूध की बाजार किमत करीब छह लाख रूपये हैं। इस संबंध में थाना पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इस बाबत अनुसंधान किया जा रहा है कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों द्वारा यह अफीम दूध कहां से लाया गया एवं कहां ले जाया जा रहा था। साथ ही इस बाबत भी अनुसंधान किया जा रहा है कि इस अवैध धंधे में कौन-कौन व्यक्ति शामिल हैं।

# राष्ट्रसंत पुलक सागर ने के.के. गुप्ता के कार्यों की सराहना की

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास भव्यता के साथ संपादित हो रहा है। टाउन हॉल नगर निगम प्रांगण में ज्ञान गंगा महोत्सव के विशेष प्रवचन के अवसर पर रविवार प्रात: स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता सम्मिलित हुए और आचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस विशेष अवसर गौ माता संवर्धन कार्यक्रम में के. के. गुप्ता द्वारा उपस्थित हुकमचंद सावला केंद्रीय परामर्श समिति सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्र संत पुलक सागर को गौ माता की मूर्ति भेंट की तथा स्वच्छ भारत

- गुप्ता ने स्वच्छता, जल और पर्यावरण संरक्षण में अथक परिश्रम करके डूंगरपुर को श्रेष्ठ बनाया : पुलक सागर महाराज

मिशन पर्यावरण जल संरक्षण जल संचय एवं गौ माता संरक्षण के पोस्टर का विमोचन राष्ट्रीय संत पुलक सागर महाराज के निर्देशन में करवाया गया।

महाराज ने कहा कि गुप्ता ने स्वच्छता, जल और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अथक परिश्रम करके डूंगरपुर नगर को नंबर एक बनाने के प्रयास किए और इन्हें शत प्रतिशत सफलता भी प्राप्त हुई है। वर्ष 2018 में डूंगरपुर नगर का प्रवास हुआ था, उस समय डूंगरपुर नगर को नजदीक से देखा था लेकिन, आज के समय में डूंगरपुर नगर एक स्वच्छ, सुंदर, हरा भरा और जल युक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर



राष्ट्रसंत पुलक सागर को के.के. गुप्ता ने गौ माता की मूर्ति भेंट की।

का नगर बन चुका है। गुप्ताजी के इन अनुकरणीय कार्यों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी के.के. गुप्ता को सम्मानित किया गया है। महाराज ने कहा कि गुप्ताजी जैसा व्यक्तित्व देश के प्रत्येक शहर में मिल जाए तो इस देश में स्वच्छता की क्रांति आने में देर नहीं लगेगी और हमारा भारतवर्ष पुन: विश्वगुरु की उपाधि को प्राप्त करेगा। गुप्ताजी को मेरा अत्यंत आत्मीय आशीर्वाद है।

इस अवसर पर गुप्ता ने बताया कि आचार्य पुलक सागर महाराज का आशीर्वाद मेरे ऊपर बहुत वर्षो से बना हुआ है और मैं वैश्य अग्रवाल समाज से आता हूं, लेकिन जैन समुदाय के साधु संतों का मेरे प्रति विशेष स्नेह है तथा मुझमें भी जैन साधुओं के प्रति अत्यंत श्रद्धा है। नेक नियति से किए जाने वाले कार्यो मे ईश्वर के साथ-साथ साधु संतों का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है और उसी का परिणाम रहा कि डूंगरपुर शहर को नीत नए सोपानों पर लाकर खड़ा कर दिया तथा विश्व पटल पर डूंगरपुर स्वच्छता के क्षेत्र में मिसाल बनकर उभर गया। गुप्ता ने कहा कि मैं डूंगरपुर नगर परिषद का सभापति रहा। हमारे शहर में राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत गुरुदेव तरुण सागर महाराज का सबसे पहले जब प्रवेश हुआ इसके बाद राष्ट्र संत आचार्य पुलक सागर महाराज, आनंद सागर महाराज, सुनील सागर महाराज, नवरत्न सागर, प्रद्युम्न विमल महाराज, अभय देव सूरीश्वर महाराज, हेमचंद सूरीश्वर महाराज आदि जब जब किसी भी संत का शहर में प्रवेश हुआ, हमने उन्हें शहर में किसी भी प्रकार की समस्याएं नहीं आने दीं तथा जब भी संत हमारे शहर में प्रवेश करते थे तो हम उनके आगे-आगे फायर ब्रिगेड गाड़ी चलाते थे तथा पानी का छिड़काव पर करते थे, जिससे संत को गर्म सड़क पर चलने में दिक्कत नहीं हो।

# एनएसयूआई कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

## परीक्षा परिणाम में अधिकतर छात्रों को शून्य मार्क्स देने का मामला

**अजमेर, (कासं)।** एमडीएस यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणामों में अधिकतर छात्रों को शून्य मार्क्स देने सहित अन्य मांगों को लेकर एनएसयूआई के देहात जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को छात्र नेताओं सहित स्टूडेंट्स ने एमडीएस यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर टायर जलाकर अपनी नाराजगी जताई।

प्रदर्शन के दौरान यूनिवर्सिटी परिसर में घुसने और कुलपति को बाहर बुलाने को लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हो गई। मौके पर पहुंचे कुलगुरु को छात्र नेताओं ने ज्ञापन सौंपा। कुलगुरु ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मांगों पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। वहीं छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

एनएसयूआई देहात जिला अध्यक्ष अंकित घारू के नेतृत्व में सोमवार को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्टूडेंट पहुंचे और टायर जलाकर हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बद कुछ देर के लिए मुख्य दरवाजे को बंद कर उस पर चढ़कर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन करते हुए कुलपति भवन पहुंचे। इसके बाद कुलपति को बाहर बुलाने को लेकर धरना दिया। कुलपति के बाहर नहीं आने पर कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। काफी देर बाद कुलगुरु प्रो. सुरेशचंद्र बाहर आए और स्टूडेंट्स ने अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन

- एनएसयूआई कार्यकताओं की पुलिस से धक्का-मुक्की हुई, कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन

दिया। उन्होंने मांग की कि यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं, जिसमें अधिकतर छात्रों को शून्य मार्क्स दिए गए हैं, जिससे समस्त छात्र असंतुष्ट हैं, जिससे जाहिर होता है कि एग्जाम रिजल्ट में कहीं ना कहीं अनियमित बरती गई है। परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष जांच की जाए। यूनिवर्सिटी में जो सेमेस्टर सिस्टम शुरू किया गया उसे बंद किया जाए। इससे छात्रों पर भार बढ़ा है, जो ग्रेजुएट 3 वर्ष में होती थी वह सेमेस्टर के चलते 5 से 6 वर्ष में हो रही है, जिससे अगर इन छात्रों को कंपटीशन की तैयारी करनी हो तो उन्हें काफी परेशानी से गुजरना पड़ेगा। यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर में डबल परीक्षा फीस ली जा रही है, उससे छात्रों पर आर्थिक भार बढ़ेगा। इसे तुरंत प्रभाव से एक वर्ष में एक बार ही ली जाए। यूनिवर्सिटी में परीक्षा परिणाम घोषित किए जाते हैं जो तय समय से काफी देरी से घोषित होते हैं। जिससे छात्रों को काफी परेशानी उत्पन्न होती है। कुलगुरु ने मामले में जांच कर जल्द मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

देहात जिला अध्यक्ष अंकित घारू ने कहा कि यदि छात्र हितों में उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# तीस लाख रूपये मुआवजे पर सहमति बनी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के डबोक थाना क्षेत्र में कुंवारी माइंस में रविवार को पानी में डूबने से 4 नाबालिगों की मौत के मामले में सोमवार अलसुबह मुआवजे पर सहमति बन पाई। इसके बाद चारों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमबी हॉस्पिटल मॉर्च्युरी में शिफ्ट किया गया, जहां पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सुपूर्द कर दिए। इससे पहले रविवार शाम चार बजे से सोमवार सुबह चार बजे तक ग्रामीण और उनके परिजन चारों मृतक बच्चों के शवों के लेकर माइंस के बाहर बैठे रहे। कई बार पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में माइंस प्रतिनिधि और ग्रामीणों की वार्ता विफल रही।

वार्ता में मौजूद रहे बीटीपी नेता अंगूरलाल गमेती ने बताया कि प्रत्येक मृतक बच्चे को 10-10 लाख के हिसाब से कुल 50 लाख मुआवजा और परिवार में एक को माइंस में नौकरी की मांग कर रहे थे। आखिरकार कुल 30 लाख यानी प्रत्येक मृतक परिवार को 7.30 लाख मुआवजा दिए जाने पर सहमति बन पाई। इसके बाद शवों को उठाया गया।

# ग्राफ्टिंग विधि से किसान ने परम्परागत सोच को बदला

**बीकानेर, (निसं)।** खेतों में विभिन्न वनस्पति ऐसी होती हैं जो अपने आप उगती है। किसान इन्हें खरपतवार, अनुपयोगी और नुकसानदेह मानते हैं, लेकिन बीकानेर के हिम्मतासर निवासी किसान रामेश्वर लाल खींचड़ ने इस सोच को बदला है। उन्होंने न सिर्फ अपने खेत में उगी जंगली झाड़ियों को उपयोगी बनाया बल्कि दो किस्मों का पेटेंट भी लिया है। रामेश्वर अब तक 963 किसानों को इसका प्रशिक्षण देकर ट्रेनर बना चुके हैं।

किसान रामेश्वर लाल ने बताया कि 30 साल पहले इजरायल का एक डॉक्टर बीकानेर आया था। उसने अंग्रेजी में भाषण दिया। मैंने एक पढ़े-लिखे सज्जन से पूछा कि इन्होंने ऐसा क्या कह दिया। सज्जन ने बताया कि कोई भी वनस्पति बेकार नहीं होती, राजस्थान के किसान ग्राफ्टिंग विधि से पेड़-पौधों की किस्म बदलना सीख लें तो यहां की धरती सोना उगल सकती है। बस, वहीं से मैंने ठान लिया कि खरपतवार और जंगली अनुपयोगी झाड़ियों को उपयोगी बनाऊंगा। इसके बाद मैं श्रीगंगानगर में एक शिविर में गया, दो दिन रहकर ग्राफ्टिंग विधि सीखी। फिर बाड़मेर-जैसलमेर जाकर बिना कांटों वाली खेजड़ी की टहनियां लाया। उन्हें अपने बंजर खेत में कांटों वाली अनुपयोगी कुछ झाड़ियों पर चढ़ाकर प्रयोग किया। उनमें 8-10 दिन में कोंपलें फूटने लगीं और कुछ दिन बाद बेर आने लगे। खेजड़ी पर प्रयोग कर कांटों वाली खेजड़ी को कांटों रहित बनाया। अब तक मैं खेजड़ी की 18 और बेर (हाइब्रिड, आकार में बड़े) की 8 किस्में विकसित कर चुका हूं। इनमें से खेजड़ी की 2 किस्मों थार हरित और धोरों की तरकारी का पेटेंट भी अपने नाम कराया है।

किसान खींचड़ ने बताया मैंने अब तक जिन झाड़ियों को कांटों से मुक्त किया, वे साग-सब्जी बनाने और पशुओं के पौष्टिक चारे के काम आ रही हैं। इससे पहले कांटे होने के कारण उनका उपयोग नहीं हो पा रहा था। इससे चारा फ्री में मिल रहा है जबकि पहले बाजार से सूख चारा 1500 से 2000 और 1000 से 1200 रुपए क्विंटल के भाव से लाना पड़ रहा था। मिट्टी और पानी की समस्या वाले इलाकों में ग्राफ्टिंग विधि से बिना पानी के फलदार पौधे सफलता पूर्वक उगाए जा सकते हैं।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आदर्श डिफेंस एवं स्पोर्ट्स एकेडमी का किया लोकार्पण

**जोधपुर, (कासं)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश विरोधी ताकतों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि भारत को छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने पहलगाम घटना का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकियों ने वहां लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की थी, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को धर्म नहीं बल्कि कर्म देखकर मार गिराया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां हनवंत आदर्श विद्यामंदिर लालसागर परिसर में आदर्श डिफेंस एवं स्पोर्ट्स एकेडमी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने लाल सागर स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में लालसागर परियोजना के तहत तैयार की गई आदर्श डिफेंस एवं स्पोर्ट्स एकेडमी का लोकार्पण किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों ने सशस्त्र बलों को पूर्ण समर्थन दिया, जो इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सरकार या सेना की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि नागरिक, विशेषकर युवा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहे तो देश किसी भी कठिनाई का सामना कर सकता है और मजबूत


केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथसिंह ने मारवाड़ राजपूत सभा भवन में शहीद वीरांगनाओं का सम्मान किया।

बन सकता है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युवाओं द्वारा दिखाए गए उत्साह और दृढ़ संकल्प की सराहना की। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, उन्होंने कहा कि जहां पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों के धर्म के आधार पर उनकी हत्या की, वहीं भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वालों को उनके कृत्य के आधार पर खात्मा किया। उन्होंने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और शिक्षा का संगम अनूठा होता है और जब इसमें खेल का भी समावेश होता है, तो यह और भी विशेष बन जाता है। उनके अनुसार यहां से निकलने वाले विद्यार्थी न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है। दृढ़ता, अनुशासन, धैर्य और दृढ़ संकल्प जैसे गुण एक सैनिक के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने एक खिलाड़ी के लिए। रक्षा, शिक्षा और खेल के इस संगम से निकले छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का आव्हान किया जो ज्ञान, संस्कृति और शक्ति के मामले में दुनिया में अग्रणी हो।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि विद्या भारती पिछले छह दशक से संस्कारमय शिक्षा दे रही है। जोधपुर में यह यात्रा 1964 से जारी है और वर्तमान में 17 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। विद्या भारती के संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में यह बड़ा प्रकल्प विकसित किया जा रहा है। परियोजना समिति अध्यक्ष डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि यह केंद्र रक्षा, खेल, आचार्य प्रशिक्षण, प्रशासनिक सेवाओं, कौशल विकास तथा शोध-आधारित शिक्षा का उत्कृष्ट मॉडल होगा। विद्या भारती जोधपुर प्रांत अध्यक्ष प्रो. नरपत सिंह

- पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा, लेकिन हमने कर्म देखकर मारा : रक्षा मंत्री

शेखावत ने बताया कि यह केंद्र शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के मूल्यों पर आधारित एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित होगा। परियोजना के लिए आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व सांसद कैलाश चौधरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक निंबाराम, ससंदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सहित देश-प्रदेश के सांसद, विधायक, सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

वहीं केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथसिंह ने सोमवार को दोपहर में मारवाड़ राजपूत सभा भवन में शहीद वीरांगनाओं का सम्मान किया। सभा के अध्यक्ष हनुमानसिंह खांगटा ने बताया कि मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से रक्षामंत्री का अभिनंदन भी किया गया। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे।

# ग्राम मेघा में मिले दुर्लभ डायनासोर प्रजाति के जीवाश्म की जांच की

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर जिले की पंचायत समिति फतेहगढ़ के ग्राम मेघा में एक अत्यंत दुर्लभ वर्टिब्रेट स्केलेटन (कशेरुकी जीवाश्म) प्राप्त हुआ है। इसकी जांच रविवार को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के भू-विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं जीवाश्म वैज्ञानिक प्रो. वीरेंद्र सिंह परिहार द्वारा भूवैज्ञानिक डॉ.

- 'यह फाइटासौर नामक डायनासोर प्रजाति का जीवाश्म है, जो जुरासिक काल में पाया जाता था'
- 'यह प्राणी मूलतः मगरमच्छ के आकार का था, जिसकी अनुमानित लंबाई लगभग तीन मीटर थी। ये जीव मुख्यतः घने जंगलों में रहते थे'

नारायण दास इणखिया की सक्रिय भागीदारी एवं उपस्थिति में की गई।

प्रो. परिहार ने विस्तृत अध्ययन के बाद बताया कि यह फाइटासौर नामक डायनासोर प्रजाति का जीवाश्म है, जो जुरासिक काल में पाया जाता था। यह प्राणी मूलतः मगरमच्छ के आकार का था, जिसकी अनुमानित लंबाई लगभग तीन मीटर थी। ये जीव मुख्यतः घने जंगलों में रहते थे और मीठे जल स्त्रोतों के आसपास विचरण करते थे। डॉ. नारायण दास इणखिया ने बताया कि यह खोज जैसलमेर ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेघा गांव में मिला जीवाश्म करीब दो मीटर लंबा है, जिसमें सिर, रीढ़ की हड्डी एवं पंजे जीवाश्म रूप में स्पष्ट रूप से संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि भारत में गोंडवाना क्षेत्र के बाद केवल जैसलमेर में ही इस प्रकार का जीवाश्म रिपोर्ट हुआ है, जिससे जैसलमेर की जीवाश्मीय विविधता और महत्व एक बार फिर सामने आया है।


जयनारायण व्यास विवि के भू-विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं जीवाश्म वैज्ञानिक प्रो. वीरेंद्रसिंह ने जीवाश्म का अध्ययन किया।

जैसलमेर जिले के मेघा गांव में मिले दुर्लभ डायनासोर प्रजाति के जीवाश्म के संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह व फतेहगढ़ उपखण्ड अधिकारी लगातार निगरानी रखते हुए आवश्यक निर्देश जारी कर रहे हैं। शीघ्र ही इस ऐतिहासिक जीवाश्म को सुरक्षित संरक्षित कर आमजन के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। यह खोज पुरा-जीव विज्ञान एवं भू-विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को नई दिशा देने के साथ-साथ जैसलमेर को वैश्विक फॉसिल मानचित्र पर और सशक्त रूप से स्थापित करेगी।

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**
(पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, हवामहल के पीछे, बड़ी चौपड़ के पास, जयपुर)
क्रमांक एफ ()/उपायुक्त लैण्ड/नगनि (हैरिटेज)/2025/555 — **सार्वजनिक सूचना** — दिनांक 25.08.2025

श्री रितेश कुमार पाल पुत्र श्री अनिल कुमार पाल द्वारा आवेदन पेश कर भूखण्ड संख्या 1003 राम नगर, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर जयपुर का नाम हस्तांतरण व पट्टा चाहा गया है। भूखण्ड का आवंटन नगर विकास न्यास द्वारा दिनांक 17.01.81 श्री रूडमल पारीक पुत्र श्री हरदेव पारीक के नाम 125 वर्गगज जारी किया। जिसमें पंजीकृत मुख्तयारनामा, विक्रय पत्र, हकत्याग व मृत्यु प्रमाण-पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए गये हैं। इस हेतु वचन बद्धता (अण्डरटेकिंग) प्रस्तुत किया गया है। इस बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म/कम्पनी को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज के कार्यालय में अपनी आपत्ति मय कारणों सहित पेश करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तांतरण व पट्टा दिये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
(तनुजा सोलंकी)
उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

## खोया पाया

जेडीए योजना- हीरालाल शास्त्री नगर के भूखण्ड सं. E/58 का मूल आवंटन पत्र जो कि श्रीमती कमला देवी के नाम जारी है कहीं गुम हो गया है, कृप्या मिलने पर सूचित करें। 9351342146

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की आवासीय योजना-अनन्तपुरा, ग्राम अनन्तपुरा, तहसील चौमू, जयपुर के प्लॉट नम्बर 256 व 306 का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करे। अशोक कुमार अग्रवाल, मो.नं. 9829055733

मेरे भूखण्ड संख्या- J-254 अभिनव विहार विस्तार योजना का मूल आवंटन पत्र व कब्ज़ा पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें अजय सिंह फोन नंबर - 9829781480

मेरे भूखण्ड संख्या- G-194 अभिनव विहार विस्तार योजना का मूल कब्ज़ा पत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें रीना राठौर फोन नंबर - 9529455538

**न्यायालय आयुक्त नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम**
रा.प्र.क्र.0067/अपील/वर्ष 2025-26
नियत दिनांक-09/09/2025
पक्षकार-मंजु कुमावत बनाम रामसिंह बगैरह
सूचना का प्रकाशन
क्रमांक / 601/प्रवाचक-1/2025
नर्मदापुरम, दिनांक 20/08/2025
प्रति,
उत्तरवादीगण :-
क्र.01-रामसिंह आत्मज स्व0 मूलचंद माली
क्र.02-श्रीमती शांतिबाई पत्नि स्व0 मूलचंद माली
दोनों निवासी प्लाट नं.59, एन.ए. रूपबिहार, कालवाड़ रोड हातोद, जयपुर, तहसील व जिला जयपुर (राजस्थान)
एतद द्वारा उपरोक्तानुसार उत्तरवादी क्र.1 एवं क्र.2 को इस पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्रीमति मंजु कुमावत पत्नि सत्यनारायण कुमावत पुत्री स्व0 मूलचंद माली, निवासी वार्ड नं.48, मीनावाला, सिरसी रोड, जयपुर (राजस्थान) द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा के प्र.क्र.0058 / अपील / 2024-25 पक्षकार रामसिंह माली व अन्य बनाम रूपराम लौवंशी में पारित आदेश दिनांक 05/06/2025 के विरूद्ध एक अपील आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-44 म.प्र. भूराजस्व संहिता का प्रस्तुत कर उक्त आदेश आदेश निरस्त करने का अनुरोध किया गया है।
अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील आवेदन पत्र पर उपरोक्तानुसार उत्तरवादी क्र.1 व क्र.2 को कोई आपत्ति हो तो वह आगामी नियत दिनांक 09/09/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं उपस्थित होकर अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में जबाव / तर्क प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त जबाव / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा
आदेशानुसार-
मोहर अदालत
प्रर्वाचक, आयुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनूसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश स्थान क्रम.सं.10 सांगानेर जयपुर महानगर प्रथम
श्यामवती विरूद्ध अमर सिंह मीना
वाद/प्रार्थना पत्र उद्घोषणा करने विवाह विच्छेद
प्रार्थना-पत्र संख्या 470 CIS No. 112/24 सन् 2024
नाम अमर सिंह मीना पुत्र श्री ठन्डी राम जाति मीना पता वार्ड नं.35, स्टेडियम के सामने, जिला. करोली
उक्त प्रार्थिया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि...
अतः अपाको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 4 माह 9 सन् 2025 को 10 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेंगें तो उक्तआदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा
यह आज दिनांक 25 माह 8 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
मोहर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय सांगानेर

## नाम परिवर्तन

I Tarang Bhartiya S/o Vishnu Bhartiya residing at Flat No.-A-405, Star Pratishtha, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan-302039. Do hereby solemnly affirm that I have changed my name from Tarang Kumar Bhartiya to Tarang Bhartiya. In future I will be known by changed name

I army no. 15694503L Mangal Chand Daroga R/o Village Hatupura Distt. Jaipur Raj. have changed my son name from Jaswant Singh is wrong enterd in record to my son name Jasvant Singh Panwar vide affidavit date 25/8/2025 before distt. notary Dudu Jaipur.

I, Mohan Lal Choubdar S/O Ram Pratap R/O P. No. 281 Ghatada Toda, Jaisinghpura PO Dariba, Distt. Alwar-301410 have changed my name to Mohan Lal for all future purposes.

विवाहोपरांत मैंने अपना नाम नीलम बक्सानी से बदलकर प्राची फुलवानी कर लिया है। प्राची फुलवानी पत्नी श्री विजय फुलवानी निवासी- प्लॉट नं- 3, न्यू जोशी कॉलोनी, ब्रह्मपुरी जयपुर-302002


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# युवा नशे की चपेट में, चोरी की घटनाएं बढ़ी



फुलेरा व्यापार संघ के सम्मेलन में अतिथियों का सम्मान किया।

■ फुलेरा व्यापार महासंघ की वार्षिक बैठक आयोजित

**फुलेरा।** व्यापार महासंघ फुलेरा का वार्षिक बैठक सोमवार को समीपवर्ती आस्थाधाम बंधे बालाजी में कुमावत समाज के भवन में महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजपा ओबीसी के राष्ट्रीय महामंत्री व पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी भामाशाह राधेश्याम गर्ग, साम्भर उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल व पूर्व पार्षद डॉ. पुखराज स्वामी थे। व्यापार महासंघ पदाधिकारी ने आगंतुक अतिथियों का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने किया। बैठक में फुलेरा कस्बे में निरंतर बढती चोरीयो पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ साथ हर व्यापारी को सर्तक रहने के साथ अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी केमरा लगाना चाहिए। महासंघ अध्यक्ष आहुजा ने कहा कि पुलिस प्रशासन की मदद के लिए चोकीदार भी लगाना होगा, इसके लिए प्रति व्यापारी को 100 रुपए महिना देना होगा। बढती चोरी की घटनाओं का मुख्य कारण सुखा नशा है, जिसकी चपेट युवा पीढी आ रही है। इसकी रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन को अभियान चलाकर कारवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर भीषण गर्मी मे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को आरो का ठण्डा पानी पिलाने वाले दैनिक रेल यात्री महासंघ ओर दैनिक रेल यात्री एकीकृत को सहायता स्वरुप 11-11 हजार रूपये नकद व गत दीपावली पर श्रेष्ठ सजावट करने वाले व्यापारी त्रिपाठी वस्त्रालय, बालाजी टॉवर ओर हेप्पी मोबाइल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आलोक तिवारी, प्यारेलाल कुमावत, चेतन बडीवाल, जेपी ककरालिया, सुजाराम, मोहित कारडीया, मोहित धांधल, सुरेश सारस्वत, त्रिलोक शर्मा, निर्मल शर्मा, हरीश बडीवाल सहित सैकडो व्यापारी मोजूद थे।

## बीएफएसआई में प्रवेश प्रारम्भ

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में नया जॉब ओरिएंटेड पाठ्यक्रम (बीएफएसआई) में प्रवेश प्रारम्भ हो गये हैं। प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के सत्र 2025-26 में एईडीपी (अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम के अंतर्गत बैंकिंग) फाइनेंशियल सर्विसेस एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) विषय में डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारम्भ हो गये है। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में उपस्थित होकर ऑफलाईन कॉमन एडमिशन फॉर्म महाविद्यालय के कक्ष सं. 101 में जमा करवायें।

फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर हैं। महाविद्यालय में सेमेस्टर प्रथम (वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय) में प्रवेश से वंचित विद्यार्थी भी इस डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। इसमें किसी भी संकाय के 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषता यह है कि तृतीय वर्ष में अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 09 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाइपेंड प्रदान किया जायेगा। पाठ्यक्रम का सिलेबस व प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिये कॉलेज की वेबसाईट तथा नोटिस बोर्ड का अवलोकन करें।

## सड़क पर पानी जमा होने से लोग दुखी

**शाहपुरा।** शाहपुरा के वार्ड नंबर 5 में विनायक फोर कॉलोनी के पास मुख्य पुराना खोरी रोड पर पिछले दो महिनों से बारिश का पानी भरा हुआ है जिससे राहगीर व दो पहिया वाहन चालक आये दिन पानी में गिरकर चोटिल हो रहे है।

अब तक सैकडों लोग बारिश के गंदे पानी में गिर चुके है। इसके बावजूद भी नगर परिषद शाहपुरा ने इस बारिश के पानी को आज तक निकलवाने का प्रयास नही किया है। सोमवार को विधायक मनीष यादव ने टैंक भेजकर सडक से पानी निकलवाया। लोगों ने रोड पर नाली का निर्माण करवाने की मांग की है। इस मौके शाहपुरा नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश खुडानिया व वार्ड नंबर 5 के युवा नेता ओमप्रकाश सैनी मौके पर पहुंचे और सडक पर दो महिने से भरे बारिश के गंदे पानी को खाली करवाया।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-5927 — दिनांक- 30/07/25

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 51/40 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर,) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती रजना श्रीवास्तव पत्नी श्री एस. के श्रीवास्तव को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3454 दिनांक 29.03.2000 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 708 दिनांक 27.06.2000 को जारी किया गया। श्रीमती रजना श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती पूर्णिमा कुमार पत्नी श्री अलोक कुमार को दिनांक 19.07.2000 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती पूर्णिमा कुमार के द्वारा मुख्यारनामा आम की हैसियत से श्रीमती रजना श्रीवास्तव के पक्ष मे पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहाँ दिनांक 17.12.2008 को पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती पूर्णिमा कुमार द्वारा मुख्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 20.03.2009 के द्वारा श्रीमती अनु गुप्ता पत्नी श्री राजआनन्द गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती अनु गुप्ता द्वारा उक्त आवास को दिनांक 16.07.2009 के द्वारा श्री धमेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री माणक चन्द जैन को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री धमेन्द्र कुमार जैन के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 3356 दिनांक 19.07.2012 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री धमेन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 30.01.2024 के द्वारा डॉ. प्रकाश चन्द गुप्ता पुत्र श्री रामजी लाल गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक अष्टम मानसरोवर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती डॉ. प्रकाश चन्द गुप्ता पुत्र श्री रामजी लाल गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास के रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, डॉ. प्रकाश चन्द गुप्ता पुत्र श्री रामजी लाल गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय- अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर
**रवि कॉल बनाम शुभन कॉल व अन्य**
वाद बाबत दावा बाबत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद संख्या - 33 सन् 2024
बनाम श्रीमती रूचि कॉल कनोडिया पुत्री श्री शुभन कॉल पत्नी श्री शशांक कनोडिया निवासी 31 कृष्णा विहार न्यू सांगानेर रोड जयपुर ने आपके विरूद्ध.... के लिये वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 08 सन् 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों कों उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद दिनांक 19 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
प्रस्तुतकार
सील
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय

# उत्तराखंड में लापता जवान के घर पहुंची भाजपा नेता रत्ना कुमारी



भाजपा नेता रत्ना कुमारी ने उत्तराखंड में लापता हुए जवान भीम सिंह शेखावत के परिजनों से भेंट कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी नेत्री रत्ना कुमारी (शाहपुरा) ने उत्तराखंड के हर्षिल घाटी क्षेत्र में बादल फटने की घटना के दौरान लापता हुए भारतीय सेना के वीर जवान भीम सिंह शेखावत (निवासी ग्राम भोनावास, कोटपूतली) के परिजनों से उनके निवास स्थान पर जाकर भेंट की और इस कठिन घडी में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

रत्ना कुमारी ने कहा कि इस आपदा से प्रभावित हमारे परिवार के सदस्य भीम सिंह शेखावत जी के परिजनों के साथ हम सभी और हमारी सरकार मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि इस विषय में उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी को पत्र लिखा तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी से दूरभाष पर विस्तृत वार्ता कर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। केंद्र सरकार, गृह एवं रक्षा मंत्रालय, उत्तराखंड एवं राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन तथा राहत एवं बचाव टीमें पूरी तत्परता एवं मुस्तैदी से कार्य में जुटी हुई हैं।

# खुराना रोज़ मुफ्त चाय पिलाकर बने मिसाल

**किशनगढ बास।** हर छोटे-बड़े रेलवे स्टेशन पर और ट्रेनों में हम सबने कभी न कभी चाय-चाय की आवाज ज़रूर सुनी होगी। आमतौर पर यह आवाज चाय बेचने वाले की होती है, जो पैसे लेकर चाय पिलाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कोई शख्स बिना पैसे लिए, केवल सेवा भावना से, सड़कों पर घूम-घूमकर चाय पिलाता हो? शायद ही किसी को ऐसा अनुभव हुआ होगा। मगर किशनगढ़ बास के 65 वर्षीय इंद्रपाल खुराना इस अनोखी मिसाल को अपने जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। इंद्रपाल खुराना रोज़ सुबह 5 बजे उठकर सबसे पहले लोगों के लिए घर पर चाय तैयार करते हैं। थरमस में भरकर वे गलियों और सड़कों पर निकलते हैं और चाय-चाय की आवाज लगाते हुए लोगों को मुफ्त चाय पिलाते हैं। उनकी इस सेवा से रोजाना 40 से 50 लोग लाभान्वित होते हैं। इंद्रपाल खुराना बताते हैं कि मुफ्त चाय पिलाने की शुरुआत उन्होंने कोरोना महामारी के समय की थी। उस दौर में जब चारों तरफ भय का माहौल था और लोग अपने घरों से बाहर निकलने से भी डरते थे, तब उन्होंने अपने स्तर पर समाज के लिए कुछ करने की ठानी। वे रोज़ घर पर चाय बनाकर पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और सफाईकर्मियों तक पहुंचाते और उन्हें चाय पिलाकर हौसला बढाते। धीरे-धीरे यह आदत और सेवा भावना उनके जीवन का हिस्सा बन गई, जिसे उन्होंने आज तक नहीं छोडा। इंद्रपाल खुराना का परिवार भी इस सेवा कार्य में उनका पूरा सहयोग करता है। उनके एक बेटा और दो बेटियां हैं। सभी बच्चों की शादी हो चुकी है। बेटा कोयले का व्यापार करता है और साथ ही अपनी पत्नी के साथ रेडीमेड कपड़ों की दुकान भी चलाता है। खुराना चौक पर उनका अपना मकान और दुकानें भी हैं, जिन्हें किराए पर दिया हुआ है। वे केवल चाय सेवा तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में सक्रिय भूमिका निभाते रहते हैं। जो लोग धार्मिक स्थलों पर अकेले जाने से हिचकिचाते हैं या रास्तों से अनभिज्ञ रहते हैं, उनके आग्रह पर इंद्रपाल खुराना स्वयं उन्हें महाकाल और शनिधाम जैसे धार्मिक स्थलों पर ले जाते हैं।

**आम सूचना** — दिनांक :- 25-08-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य लक्ष्मीनारायण पुत्र रघुनाथ, उम्र 61 वर्ष, निवासी ग्राम लखेसरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राज.) द्वारा ग्राम म्वालिनि, पटवार हल्का माधोगढ़, भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र तूंगा, तहसील तूंगा, जिला जयपुर मे स्थित आराजी कृषि भूमि खसरा नम्बर-1324 रकबा 0.3600 हैक्टेयर, खसरा नम्बर-1334 रकबा 0.0600 हैक्टेयर, खसरा नम्बर-1335 रकबा 0.7500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 1339 रकबा 0.1000 हैक्टेयर, कुल किता-4 कुल रकबा 1.2700 हैक्टेयर, के 1/2 हिस्से, खसरा नम्बर-1435 रकबा 0.2500 हैक्टेयर के 13/19 हिस्से, खसरा नम्बर 1434 रकबा 0.3000 हैक्टेयर, खसरा नम्बर-1437 रकबा 1.0000 हैक्टेयर, खसरा नम्बर-1438 रकबा 0.0100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर-1439 रकबा 0.8000 हैक्टेयर, कुल किता 4 कुल रकबा 2.1100 हैक्टेयर मे से 0.1320 हैक्टेयर भूमि, इस प्रकार कुल 3 बीघा 14.3.3712 बिस्वा भूमि का सौदा 60,00,000/- रूपये अक्षरे साठ लाख रूपये प्रति बीघा के हिसाब से कुल 2,23,00,000/- रूपये अक्षरे दो करोड तेईस लाख रूपये मे जरिये इकरारनामा दिनांक 05.02.2025 को श्री सोनू नागर पुत्र श्री हेमराज नागर, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम पोस्ट तूंगा, तहसील तूंगा, जिला जयपुर (राज.) से किया गया था, जिसके इकरारनामे की प्रति मेरे अभिभाष्य को नहीं दी गयी थी तथा धोखाधडीपूर्वक हस्ताक्षर करवाये थे तथा सोनू नागर द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए इकरारनामा निष्पादित करवाये जाने एवं उसमें मनमानी राशि नकद अदा किया जाना दर्शित किये जाने एवं शर्तों के मुताबिक बकाया विक्रय प्रतिफल राशि 2,08,00,000/- रूपये अक्षरे दो करोड आठ लाख रूपये का भुगतान नहीं किये जाने के कारण मेरे अभिभाष्य ने उक्त सौदा निरस्त कर दिया है तथा इस सम्बन्ध मे एक नोटिस भी सोनू नागर को प्रेषित कर उसके द्वारा दी गयी वास्तविक एडवान्स राशि 15,00,000/- रूपये वापस प्राप्त करने हेतु सूचित कर दिया है अब मेरा अभिभाष्य उक्त आराजी के अपने हिस्से को किसी भी व्यक्ति को हर प्रकार से हस्तांतरित करने, बेचान करने आदि के लिये पूर्णतया स्वतन्त्र है, यदि कोई भी व्यक्ति सोनू नागर से उक्त आराजी के सम्बन्ध मे किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो वह मेरे अभिभाष्य के अधिकारो के आगे शून्य व निष्प्रभावी होगा, अतः सूचित रहे।
जयपुर
दिनांक :- 25.08.25
(शमशेर पठान) एडवोकेट
मो.-9928370876

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय- अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर
**रवि कॉल बनाम शुभन कॉल व अन्य**
वाद बाबत - दावा बाबत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद संख्या - 33 सन् 2024
बनाम श्रीमती कुसुम कॉल पत्नी श्री विजय कॉल निवासी बी-55, लक्ष्मण कॉलोनी, श्याम नगर, जयपुर ने आपके विरूद्ध..... के लिये वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 08 सन् 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों कों उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद दिनांक 19 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
प्रस्तुतकार
सील
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय- अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर
**रवि कॉल बनाम शुभन कॉल व अन्य**
वाद बाबत दावा बाबत् घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
वाद संख्या - 33 सन् 2024
बनाम शुभन कॉल पुत्र स्व. श्री किशनलाल कॉल आयु 74 वर्ष निवासी फ्लेट संख्या 505 श्री गोवर्धन हाईट्स मुहाना मण्डी रोड, इस्कॉन मन्दिर के पीछे मानसरोवर जयपुर स्थायी निवासी 255 एवं 256 पदमावती- ए कॉलोनी निर्माण नगर जयपुर राजस्थान। ने आपके विरूद्ध..... के लिये वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 08 सन् 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों कों उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद दिनांक 19 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
प्रस्तुतकार
सील
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय

## रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज अलवर में आयोजित 'बहनों का सम्मान- शक्ति का सम्मान' रक्षा सूत्रा कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में वन राज्य मंत्री शर्मा को 1500 से अधिक बहनों ने रक्षा सूत्रा बांधे जिस पर मंत्री शर्मा ने बहनों को शगुन स्वरूप उपहार भेंट किए। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने रक्षा सूत्र कार्यक्रम में बहनों का बडी संख्या में पधार कर आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आप पर आने वाले किसी भी प्रकार के संकट में मैं ढाल बनकर खडा होऊंगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश के कल्याण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# जल भराव से गुस्सायें लोगों का नगरपरिषद् कार्यालय पर विरोध

■ आक्रोशित लोग पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में सोमवार सुबह करीब 11 बजे मुख्य चौराहा स्थित नगर परिषद भवन पहुंचे।

**कोटपूतली।** कस्बे में विभिन्न स्थानों पर दुकानों सहित मकानों में जल भराव, पानी की निकासी नहीं होने, जगह-जगह व्याप्त गंदगी एवं कचरा नहीं उठाये जाने से गुस्सायें लोगों का आक्रोश सोमवार को नगर परिषद प्रशासन के प्रति जमकर फुटा। बड़ी संख्या में आक्रोशित लोग पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में सोमवार सुबह करीब 11 बजे मुख्य चौराहा स्थित नगर परिषद भवन पहुंचे। जहां मुख्य द्वार पर ताला जडते हुये मौके पर ही धरने पर बैठ कर नारेबाजी भी करने लगे। प्रदर्शन की सूचना पाकर डीएसपी राजेन्द्र बुरडक मय जाप्ता मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने नगर परिषद का मुख्य द्वार खुलवाया। लेकिन प्रदर्शनकारी सांकेतिक धरने पर डटे रहे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व पार्षद तारा पूतली ने बताया कि जल भराव से कस्बे में आमजन के साथ-साथ दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। कस्बे का ड्रेनेज सिस्टम फेल होने एवं नगर परिषद की तकनीकी कमियों के चलते कस्बे के मुख्य व्यावसायिक प्लाजाओं में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। कस्बे के मुख्य चौराहा के पास गोर्वधन प्लाजा व सिटी सैंटर के सामने वाली नाली नगर परिषद द्वारा 09 माह पूर्व तोड दी गई थी। जिससे प्लाजा में आने वाले दुकान मालिकों समेत ग्राहकों को भारी समस्या होती हैं। आवागमन में परेशानी के साथ-साथ दोनों प्लाजाओं में जल भराव की स्थिति बनी रहती हैं जो कि वर्षा के दिनों में दुकानदारों को बेहद परेशान करती हैं। उन्होंने बताया कि जल भराव के साथ-साथ कस्बे में व्याप्त गंदगी, पानी निकासी ना होने एवं कचरा नहीं उठाये जाने से भारी समस्या का सामना करना पड रहा हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे तारा पूतली की नगर परिषद अधिकारियों से तिखी-नोंक-झोंक भी हो गई। बाद में डीएसपी बुरडक की समझाईश पर उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद एक्सईएन दीपक मीणा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रमोद यादव, नीरज भारतीय, मोहित जांगिड़, विनोद सैनी, पवन सैनी, सुभाष रहीसा, आशीष आर्य, सावन मीणा, अरूण मीणा, राजेश सैनी, रमेश सैनी, रमेश ठेकेदार, रूप स्वामी, गोलू सैनी, कर्मवीर गुर्जर, गोलू वाल्मिकी, सुमित गोयल, भूपसिंह पूतली, देशराज आर्य, प्रशांत आर्य, बबलू सिरोहीवाल, अशोक लखेरा, अशोक बंसल, अभिषेक, धर्मपाल कुमावत, कुलदीप यादव, दीपचंद यादव, निहाल, वेदप्रकाश शर्मा, गिरिराज सैनी, देवीलाल गुर्जर, अक्षय गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं 0141-2744283, फैक्स नं 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ-9 ( )/खेल उपकरण/2025-26/199 — दिनांक :- 22/08/2025
**निविदा संख्या 35/2025-26**
राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर की ओर से निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खेल उपकरण (रिकर्व) की आपूर्ति हेतु सीलबन्द लिफाफों में एतद् द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर कार्यालय में दिनांक 22.08.2025 को प्रकाशित कर दिनांक 29.08.2025 को अपराह 1.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। निविदा का सम्पूर्ण विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. : RSC2526GSOB00037
राज.संवाद/सी/25/8687 — सचिव

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
क्रमांक :- ज.स.अ./2025/179 — दिनांक :- 22/08/2025
**RFP (Request For Proposal) सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 53/2025-26**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित आर एफ पी आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2526WSOB01215 पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/25/8693

## पाण्डूपोल हनुमान जी का मेला आज

**अलवर।** पांडुपोल हनुमानजी का तीन दिवसीय मेला आज से शुरू हो गया है। इस बार सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है और उमरी तिराहे से मंदिर तक सफाई की गई है। मेला कमेटी ने लाइटिंग और वाटरप्रूफ टेंट भी लगाए हैं। प्रशासन दर्शनार्थियों को राजस्थान रोडवेज बस से लाने की व्यवस्था कर रहा है।

कलक्टर आर्तिका शुक्ला ने 26 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पांडुपोल हनुमान जी के मेले के लिए सोमवार को मेला स्पेशल बसों का संचालन किया गया है। सुबह 6 बजे बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। अलवर व मत्स्य नगर डिपो की ओर से कुल 88 बसें चलाई जाएंगी जो 24 घंटे यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। आवश्यकता पडने में इनकी संख्या में कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है।

पांडुपोल मंदिर महंत पंडित चेतन शर्मा के अनुसार आज सोमवार रात जागरण का आयोजन होगा। मंगलवार को भर मेला रहेगा और सुबह से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिमा का दोबारा से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। 56 भोग लगाए जाएंगे। सुबह 4 बजे हनुमान जी की आरती का आयोजन होगा। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत टोडाराय सिंह में लगाए जाएंगे 60 हजार पौधे



भाजपा टोंक जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह आदि ने लाडपुरा वन भूमि का निरीक्षण किया, जहां 60 हजार पौधे लगाये जायेगे।

■ कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सबको अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी है

**टोंक।** जिले के टोडारायसिंह कस्बे में एक पेड़ मां के नाम हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को एक घंटे में 60 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे, जिस हेतु कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा ही है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह समेत अन्य अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस दौरान लाडपुरा वन भूमि का निरीक्षण किया, जहां 60 हजार पौधे लगाये जायेगे। वही कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने टोडारायसिंह के एसडीएम कपिल शर्मा एवं मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी, जिला वन अधिकारी साहिन मरियन ए सहित सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सबको अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी है। जलदाय मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में सीएम का दौरा प्रस्तावित है, उनके लिए सीनियर सैकंडरी के पीछे खेल मैदान पर हैलीपैड बनवाया जा रहा है तथा पौधरोपण के बाद सीएम की सभा भी होगी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री संतकुमार जैन, नगर पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी, प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र गुर्जर, पार्षद प्रहलाद चावला, करुणानिधि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नेत्रदान पखवाड़े का शुभारंभ

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक संचालित होने वाले नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर पखवाडे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री शर्मा ने भगवान धन्वंतरि की पूजा- अर्चना कर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढाने एवं इस पुनीत कार्य को प्रोत्साहित करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि नेत्रदान पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य नेत्रदान के प्रति आमजन में जागरूकता उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए गए नेत्रदान से रोशनी से महरूम व्यक्ति के जीवन में उजियारा लाया जा सकता है। इसके उपरान्त वन राज्य मंत्री शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय परिसर में अपने नियमित पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डॉ. सुरेश गेरा, डॉ. मधु स्वरूप सक्सेना, डॉ. दीपा जैन, डॉ. विजय पाल यादव, पुष्पेंद्र शर्मा, राजपाल यादव सहित सामान्य चिकित्सालय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

**BEFORE THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR BENCH, JAIPUR**
S.B/D.B __________ NO. ______/2024
**ANY PERSON**
**VERSUS**
**JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY,**
Through its SECRETARY, JAIPUR

**APPLICATION UNDER RULE 159 OF RAJASTHAN HIGH COURT RULE FOR ENTERING INTO CAVEAT**
TO,
The Hon'ble Chief Justice and his Companion Judges of the Rajasthan High Court, at Jaipur Bench, Jaipur
**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS:**
That the Humble Applicant above named most humbly and respectfully submit to enter into caveat under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules, 1952 and prays that let nothing be done till the applicants are heard in the matter.
The Writ Petition may be filed by any person against the Greenal Warehouse Scheme near the road connecting Village Ajayrajpura to Sirani to Ganpatpura on its khatedari land bearing Khasra no. 811, 812, 813, 814, 815, 986, 988, 989, 997, 998, 999, 1000, 1001, 1001/1, 1002, 1003 at Village- Sirani to Ganpatpura, Tehsil- Sanganer, District- Jaipur..
That the Writ is likely to be filed against:-
1. **Jaipur Development Authority,** through its secretary, having its registered office address at, Ram Kishore Vyas Bhawan, Indira Circle, JLN Marg, Jaipur Rajasthan 302026.
2. **Deputy Commissioner Zone-11,** Jaipur Development Authority, having its registered office address at, Ram Kishore Vyas Bhawan, Indira Circle, JLN Marg, Jaipur Rajasthan 302026.
That the Vakalatnama on behalf of **Jaipur Development Authority** is submitted herewith.
It is, therefore, humbly prayed that nothing be done in the case till the applicants are heard.
**Humble Applicants**
**Through its Counsel:-**
**Adv. Abhilasha Sharma**
**Counsel, Jaipur Development Authority**
**Rajasthan High Court, Jaipur**
**R/2763/2015, 07229906222**
Dated:
Place: Jaipur
Raj.Samwad/C/25/8716

## संक्षिप्त

### विधायक बैरवा ने मृतक के परिवार की आर्थिक मदद की

**चाकसू।** नगर पालिका चाकसू क्षेत्र में हाल ही में बनवारी लाल खटीक का आकस्मिक होने पर मृतक परिवार को सांत्वना देने आए क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने व्यक्तिगत रूप से एक लाख रूपये की नगद आर्थिक सहायता एक डेयरी बूथ टीगरिया मोड पर एवं सरकार की प्रत्येक योजना का फायदा दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने मृतक परिवार के तीनों बच्चों को 18 वर्ष होने तक बतौर पढ़ाई खर्च के रूप में हर साल दस हजार रूपये देने का आश्वासन दिया। पूर्व पार्षद नारायण सांवरिया ने भी मृतक परिवार को हर हाल में मदद करने का आश्वासन दिया। बैठक में त्रिवेणी शर्मा, मेराज खान, हरफूल गुर्जर आदि रहे।

### सत्संग में उमड़े श्रद्धालु

**चाकसू।** वार्ड 8 शिव सत्संग भवन में बजरंग सत्संग मंडल द्वारा नंदोत्सव का आयोजन किया गया। भजन गायक कलाकार कन्हैया लाल सैनी, केसिका, कालीचरण व सुमन सहित आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी वहीं इस अवसर बधाई उछाल कार्यक्रम देवाचार्य बजरंग दास महाराज के सानिध्य में हुआ भक्त लोगों ने सत्संग का आनंद लिया। कार्यक्रम कमल किशोर घीया ,ताराचंद तेली ,प्रहलाद लाभी, ओम प्रकाश घीया, जगदीश लाभी, राधा मोहन माहेश्वरी, जुगल किशोर, पुरुषोत्तम घीया आदि भक्तों ने भाग लिया।

### प्रवेश के लिये आवेदन प्रारम्भ

**कोटपूतली।** डाबला रोड स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 हेतु स्नातक प्रथम सेमेस्टर (गणित समूह) में रिक्त रही सीटों में प्रवेश के लिये ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। प्राचार्य प्रो. आर. पी. गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय में बी.एस.सी. गणित समूह (प्रथम सेमेस्टर) में कुछ स्थान रिक्त हैं। प्रवेश के लिये इच्छुक छात्रायें ऑफलाईन प्रवेश फॉर्म कॉमन एडमिशन फॉर्म भरकर 25 से 30 अगस्त तक महाविद्यालय में जमा करा सकती हैं।

### आज निकलेगी विशाल वाहन रैली

**निवाई।** सकल गुर्जर समाज के तत्वावधान में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती को लेकर मंगलवार को सुबह 11 बजे विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। समाजसेवी अशोक लांगडी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर पर सम्राट मिहिर भोज जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जयंती को लेकर मंगलवार को सुबह 11 बजे वीर गुर्जर छात्रावास से विशाल वाहन रैली डीजे के साथ देवभूमि विश्राम स्थल हाडा वाली ढाणी के लिए रवाना होगी। इस दौरान देवभूमि विश्राम स्थल हाडावाली ढाणी पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उसे पुष्प अर्पित किए जाएंगे।

### 6.57 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**निवाई।** थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को 6.57 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि गश्त के दौरान दशहरा मैदान पर पहुंचे के दौरान एक व्यक्ति पुलिस की जीप को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकडा और पूछताछ की। पुलिस को संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध स्मैक मिली। इस पर आरोपी प्रदीप उर्फ छुट्टन पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी चौहटटी बाजार पंडों का मोहल्ला को गिरफ्तार किया है।

### सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** ग्राम पंचायत चैनपुरा के ग्रामीणों ने ग्राम कैरोद में पद स्थापित प्रधानाचार्य शिवजीलाल खंगार के खिलाफ पंचायत प्रशासक मदनलाल मीणा व पंचायत एलिमेंट्री एजुकेशन ऑफिसर प्रिया बुंदेल को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान पूर्व सरपंच मनोहर लाल बैरवा व वार्ड पंच पूरणमल बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रधानाचार्य द्वारा एसएमसी की नियमित बैठक नहीं करने, फर्जी तरीके से एसएमसी का गठन करने, जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों से अभद्रता करने सहित अनेक आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में प्रधानाचार्य को हटाने की मांग की गई है।

# नाथ समाज के हॉस्टल निर्माण को लेकर विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत

**कोटपूतली।** कोटपूतली में सोमवार को नाथ समाज की आम सभा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के हॉस्टल निर्माण योजना को लेकर विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करना और समाज के भविष्य निर्माण हेतु आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श करना रहा।

- समाज के हॉस्टल निर्माण योजना को लेकर विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करना और समाज के भविष्य निर्माण हेतु आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श किया



कोटपूतली में नाथ समाज की बैठक में हॉस्टल निर्माण पर चर्चा की ।

अध्यक्षता करते हुये समाज के वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल योगी ने समाज के हॉस्टल निर्माण हेतु प्रस्तावित योजना को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने इस निर्माण की उपयोगिता, संभावित स्थान, आर्थिक व्यवस्था और समाज हित में इसके दूरगामी लाभों पर प्रकाश डाला।

साथ ही यह भी निर्णय लिया कि इस प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा एवं अंतिम निर्णय हेतु आगामी 14 सितम्बर को बैठक आयोजित की जायेगी।

गणमान्य सदस्यों ने समाज हित में हर रहे । इस कार्य को सराहा एवं हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सभा का समापन समाज में एकजुटता, विकास व सामाजिक उत्थान की भावना के साथ किया गया।

इस दौरान लीलाराम गुरुजी, सत्यम सुरेलिया, डॉ. दिलीप पंवार, कबुल योगी, अशोक योगी, लक्ष्मण योगी, दिलीप योगी, गोकुल योगी, ओमप्रकाश योगी, चितरंजन योगी, हंसराज योगी, रमेश योगी, राहुल योगी, धर्मेंद्र योगी, मोनू योगी, मनीष योगी, सतीश योगी, प्रवीण योगी, रोहित योगी, विजय योगी, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

### विधायक धनकड़ ने की परिजनों से मुलाकात

**पावटा।** ग्राम पंचायत भोनावास का 20 वर्षीय सेना का जवान भीम सिंह उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा के बाद 20 दिन से लापता है। जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। वही जवान की किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं मिलने से परिवार चिंताग्रस्त है। जवान भीम सिंह शेखावत 5 जून को आर्मी ट्रेनिंग के बाद 15 दिन की छुट्टी लेकर गांव आया था। तत्पश्चात 20 जून को 14 राजपूताना राइफल्स आर्मी बैस कैंप हर्षिल (उत्तराखंड) में नौकरी ज्वाइन कर ली थी, लेकिन 5 अगस्त को अचानक उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने से पानी के बहाव में हर्षिल स्थित सेना के कैंप में मलबा व पानी घुसने से कई जवान लापता हो गए। जिसे लेकर शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने जवान के परिजनों से मुलाकात की। जहां जवान भीम सिंह के दादा ओनाडसिंह ने उनसे लापता जवान का जल्द सुराग लगाने व जवान को सकुशल ढूंढ कर जल्दी वापस लाने की गुहार लगाई। परिजनों ने सरकार से सर्च ऑपरेशन को तेज करने और जवान की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास की मांग की है। जिस पर विधायक कुलदीप धनकड ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## सार-समाचार

### श्री कृष्ण-रुकमणी विवाह का मंचन



**कोटपूतली।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर के पास श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन निरन्तर जारी है। कथा वाचक महाराज पं. बृजभूषण शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। जिसमें पूतना वध, गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाना, माखन चोरी, यशोदा मां के साथ शरारतें और कालिया नाग का मर्दन जैसे प्रसंग शामिल थे। कथा में भगवान श्री गोवर्धन की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं श्री कृष्ण–रुकमणी विवाह का वर्णन, महारास लीला, भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। साथ ही गोवर्धन पर्वत उठाने और कंस वध जैसे प्रसंगों का भी वर्णन हुआ। कथा के दौरान श्री कृष्ण रुकमणी का विवाह रचाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने वस्त्र व नकदी देकर कन्यादान किया। इस मौके पर गौड ब्राह्मण महासभा युवा प्रदेशाध्यक्ष पंकज पचलंगिया को पं. बृजभूषण शास्त्री द्वारा माला व दुपट्टा पहनाया गया। इस दौरान आचार्य राजेश शास्त्री, विजयानंद भारद्वाज, एड. नितिन भारद्वाज, आदित्य भारद्वाज, विवेक शर्मा, प्रेमचंद टेकेदार, संतराम कष्यप, जितेश, अभय समेत बडी संख्या में महिलायें मौजूद रही।

### देवधाम जोधपुरिया के रास्तों पर चल रहा है मरम्मत कार्य

**निवाई।** श्री देवधाम जोधपुरिया में तीन दिवसीय लक्खी मेले का शुभारंभ 27 अगस्त से होगा। मूसलाधार बारिश के चलते देवधाम जोधपुरिया में जाने वाले क्षतिग्रस्त हुए सडक मार्गो को युद्ध स्तर पर मरम्मत का कार्य किया जा है। क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से देवधाम जोधपुरिया को जाने वाला वनस्थली से लोटेडा, मनोहरपुरिया से जोधपुरिया, डांगरथल से मनोहरपुरिया, छोरिया से जगतपुरा व डीडावता व मुकुनपुरा के बीच सडक मार्ग क्षतिग्रस्त होकर पूर्ण रूप से बंद हो था। देवधाम जोधपुरिया के लक्खी मेले के चलते प्रशासन व देवधाम ट्रस्ट ने रास्तों की मरम्मत करवाना शुरू कर दिया है। ट्रस्ट अध्यक्ष रामफूलचन्द लांगडी, पूर्व अध्यक्ष सुरज्ञानसिंह खाटरा व कानाराम गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से देवधाम जोधपुरिया जाने वाले सारे मार्ग बंद हो गए। जिसको लेकर उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह व तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर के नेतृत्व में मंदिर ट्रस्ट द्वारा पदयात्रियों की सुविधाओं को लेकर रास्तों को दर्जनों जेसीबी, क्रेन, एलएनटी व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से युद्ध स्तर पर समस्त रास्तों को सुचारू किया जा रहा है। वहीं कई स्थानों से आ रहे पद यात्रियों को जेसीबी, क्रेन, एलएनटी व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित रस्सों की सहायता से देवधाम जोधपुरिया पहुंचाया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष सुरज्ञानसिंह खाटरा ने बताया कि देवधाम जोधपुरिया आने वाले वाला सडक मार्ग डीडावता व मुकुनपुरा के बिच पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसको लेकर डीडावता उपखंड अधिकारी राजेश मीणा, तहसीलदार तनू शर्मा, विकास अधिकारी मदनलाल बैरवा, सरपंच नन्दलाल सैनी व पीडब्लूडी सहायक अभियंता सियाराम मीणा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी जेसीबी मशीनों, क्रेन, एलएनटी व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से समस्त रास्तों को सुचारू करवा दिया है। इसी प्रकार जोधपुरिया जाने वाले बंद रास्तों को ट्रस्ट के महामंत्री शैलेंद्र धाबाई, कोषाध्यक्ष सुरज्ञान हरसाणा, कानाराम गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, हरिराम बागडी, कालूराम छावडी, दयाराम बागडी, कांस्टेबल धर्मराज गुर्जर, श्रवण भोपा, हंसराज गुर्जर, देवलाल पीटीआईव रोहित रग्गल सहित कई ग्रामीण जेसीबी, क्रेन, एलएनटी व ट्रैक्टर–ट्रॉलियों की मदद से समस्त रास्तों को सुचारू करवा रहे हैं। इधर लक्खी मेले में शामिल होने के लिए पदयात्राएं देवधाम पहुंचने लगी हैं।

### पदाधिकारियों ने किसानों से की चर्चा

**निवाई।** किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने ने अतिवृष्टि से हुए किसानों के नुकसान एवं उनकी मदद के लिए निवाई क्षेत्र के गांवों का दौरा किया। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि अतिवृष्टि से हुए किसानों के नुकसान एवं उनकी मदद के लिए निवाई क्षेत्र के गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को अधिक से अधिक अपनी फसल की गिरदावरी करवानी चाहिए। उन्होंने किसानों से कहा कि अतिवृष्टि से पशुओं की सुरक्षा करनी करें और ऐसे स्थानों पर ना जाएं जहां पर खतरा हो। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। अपने क्षेत्र की कोई भी समस्या हो उसे तत्काल प्रशासन को अवगत करायें जिससे समय पर मदद मिल सके। किसान महापंचायत द्वारा ग्राम पंचायत सैदरिया, चैनपुरा, दहलोद, ललवाड़ी व श्रीरामपुरा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी, ब्लाक महासचिव गोविंद चौधरी, शंकरलाल मीणा, लक्ष्मण मीणा, राजाराम चौधरी, ब्लाक कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, मदुलाल मीणा, देवराज गुर्जर, मुकेश डोई, व श्योजीलाल बैरवा सहित कई किसान मौजूद थे।

### वनस्थली विद्यापीठ में अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**निवाई।** विश्व विख्यात वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी में ऊर्जा,जलवायु और सततता पर स्वदेशी दृष्टिकोण को केंद्र में रखा गया। इस अवसर पर शिक्षा, विज्ञान और नीति से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर आए। एआईसीटीई वाणी योजना के अंतर्गत आयोजित इस संगोष्ठी का शीर्षक मंत्रों से लोकगीत तक ऊर्जा, जलवायु और सततता पर संस्कृत और मैथिली ज्ञान परंपरा की दृष्टि। इस आयोजन की शुरुआत विद्यापीठ की कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर एआई निदेशक डॉ. अंशुमान शास्त्री, रूसी दूतावास के अधिकारी, भारतीय रिज़र्व बैंक और एटॉमिक मिनरल निदेशालय के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। चर्चाओं का मुख्य विषय प्राचीन ज्ञान परंपरा को समकालीन चुनौतियों से जोड़ना रहा। संस्कृत और वैदिक विद्वान कृष्ण शर्मा ने वेद ज्ञान को वैज्ञानिक प्रयोगधर्मिता से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, सुभार्ती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़कर नए उत्साह के साथ आगे बढ़ाने का आ ान किया। एटॉमिक मिनरल निदेशालय से एस.के. शर्मा और उर्वशी सिंह ने परमाणु ऊर्जा को सतत विकास का अहम साधन बताया। जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक की सहायक महा प्रबंधक मृदुला महेश्वरी ने युवाओं में वित्तीय जागरूकता और जिम्मेदारी को राष्ट्रीय प्रगति की आधारशिला बताया। संगोष्ठी में कार्यशालाएँ, व्याख्यान और संवाद सत्र भी शामिल रहे, जिनका उद्देश्य स्वदेशी परंपराओं और आधुनिक सततता दृष्टिकोण के बीच पुल बनाना था।

### स्मार्ट मीटर लगाने का पावटा कस्बे में विरोध

**पावटा।** उपखंड पावटा अंतर्गत सोमवार को पावटा कस्बा स्थित इंदिरा कॉलोनी में बिजली कंपनी जयपुर द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ठेका कंपनी घरों में घुसकर बगैर कोई सूचना दिए मीटर लगा रही है। स्मार्ट लगाए जाने की प्रक्रिया का विरोध भी शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर में विसंगति आने का हवाला देते हुए विरोध करना शुरू कर दिया है। सोमवार को पावटा कस्बा स्थित इंदिरा कॉलोनी में ठेका कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही थी। कई घरों में ठेका कर्मचारी बगैर कोई सूचना दिए अंदर घुसकर मीटर लगा रहे थे तो लोगों ने एकजुट होकर विरोध किया। लोगों ने कहा कि इस तरह की मनमानी नहीं बर्दाश्त की जाएगी। विरोध के बाद मीटर लगाने वाले कर्मचारी भी वहां से चलते बने। ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर सिर्फ लूट करने के लिए लगाया जा रहा है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदेह साबित होंगे। ऑन डिमांड ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने चाहिए। लोगों ने घरों में जबरदस्ती घुस–घुसकर मीटर बदले जा रहे हैं। जिसका विरोध किया जा रहा है। ग्राहक और सेवा प्रदाता के बीच प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। इस पूरे सिस्टम में खामी है। इस मीटर में रिचार्ज सिस्टम रहेगा, जो और भी समस्याप्रद रहेगा।

### फर्जी पट्टा बनाने के मामले में पुलिस ने पकड़ा

**पावटा।** ग्राम पंचायत पावटा तत्कालीन पदेन सचिव महेंद्र गुर्जर को फर्जी पट्टा मामले में गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि रामोतार सिंह पुत्र भंवर सिंह उम्र 52 साल निवासी भोनावास ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया था कि आराजी खसरा न.1901,1902 वाके मोजा शिवनगर, पावटा तहसील पावटा, जिला जयपुर में स्थित है। उक्त भूमि से मेरे द्वारा 450 वर्गगज भूमि जारी विक्रय पत्र द्वारा कार्य की गई है। जिस पर चारदिवारी लगाकर मौके पर काबिज हूं।

# नौजवानों को अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता : संजय बियानी

- बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा कोटपूतली में भव्य सम्मान समारोह आयोजित
- सैंकड़ों शिक्षकों व श्रेष्ठ अंक लाने वाली प्रतिभाएं हुई सम्मानित

**कोटपूतली।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा कोटपूतली के एक निजी होटल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा व समाज में प्रेरणा का स्रोत बनकर सामने आया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. संजय बियानी (काउंसलर एवं यूथ मोटिवेशनल गुरु, निदेशक अकादमिक, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस) ने की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, नौजवानों को केवल अंक नहीं, अपितु अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता है। शिक्षकों का मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत, दोनों ही समाज की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रखर मंच संचालक एडवोकेट विकास जागल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कोटपूतली देवेंद्र बिश्नोई, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओ.पी. सहारण, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, विधायक ललित यादव, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल, भाजपा नेत्री व ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी अंजू सैनी, श्री श्री 1008 श्री मंगलदास महाराज, सीताराम जी महाराज तथा विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस से सीए अभिषेक बियानी, कॉलेज प्राचार्य ध्यान सिंह गोठवाल, सीए साक्षी बियानी उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावकगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन ने शिक्षा और सम्मान की संस्कृति को सशक्त करते हुए, प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय कार्य किया।

# जिले को टीबी मुक्त करने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा : कलेक्टर



जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की मौजूदगी में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम एवं योजनाओं में प्रगति पर चर्चा की।

- बैठक में जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम एवं चिकित्सा विभाग की आमजन को प्रदान की जा रही योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की

**टोंक।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम एवं चिकित्सा विभाग की आमजन को प्रदान की जा रही योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि जिले को टीबी की बीमारी से मुक्त करने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा।

विभाग टीबी की निशुल्क जांच ओर पोषण को लेकर एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। साथ ही जन भागीदारी से निक्षय मित्र बनाकर टीबी रोगियों को पोषण किट उपलब्ध करांए। निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र जैसी पहल से टीबी का इलाज और बेहतर हुआ है। रोगियों एवं उनके पास रहने वाले लोगों की समय पर स्क्रीनिंग और इलाज का पूरा कोर्स लेना बेहद जरुरी है, तभी हम टीबी को हरा पाऐंगे।

जिला कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं कार्यो की समीक्षा कर सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी को जिले में अत्यधिक बारिश को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना की ब्लॉकवार जानकारी लेते हुए सभी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, परिवार कल्याण, संस्थागत प्रसव, सम्पूर्ण टीकारण, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजनाओं की समीक्षा कर कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों को बेहतर प्रगति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के पोर्टल पर किये गये कार्य की अपडेट स्थिति का डाटा अवश्य दर्ज करें। बैठक में आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल, डिप्टी कंट्रोलर डॉ. चेतन कुमार जैन समेत सभी ब्लॉक बीसीएमओ एवं जिले में चयनित नये चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहें।

# जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा भव्य स्वागत

**पावटा।** रविवार को कोटपूतली के दौरे पर पहुंची जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा का प्रागपुरा कस्बे में पहुंचने पर पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल व एड. रामनिवास के नेतृत्व में स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि सांसद शर्मा भाजपा व जनसंघ के वरिष्ठ नेता रहे स्व. भंवर लाल शर्मा की सुपुत्री है। देश में आपातकाल से पूर्व व बाद के समय में स्व. भंवर लाल शर्मा कोटपूतली परिक्षेत्र में जनसंघ व आरएसएस की गतिविधियों को लेकर बेहद सक्रिय रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्र के कई पुराने परिवारों से उनके पारिवारिक सम्बंध भी रहे। इसी के चलते सांसद मंजू शर्मा प्रागपुरा कस्बा पहुंची।

इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि केंद्र सरकार ने गांव, गरीब की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं चलाई है। पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने सांसद मंजू शर्मा का शॉल ओढ़ाकर और श्याम बाबा का प्रतिक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने धीमा कर दिया था, लेकिन अब केंद्र और भाजपा की राजस्थान सरकार में नित नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मंजू शर्मा जयपुर शहर की सांसद हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वह महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए काम करती हैं और शहर के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इस दौरान पावटा अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, कोटपूतली अभिभाषक संघ पूर्व कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, नगरपालिका पावटा–प्रागपुरा उपाध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, पूजा मेड़िकल स्टोर से विजय यादव, भाजपा नेता मुजिफ खान, एडवोकेट नागेन्द्र यादव, पंकज सिंह शेखावत, महेन्द्र कुमार शर्मा, सुरेश सैनी, भूरीभाडुज प्रशासक कैलाश चंद स्वामी, प्रदीप बंसल पावटा, उमेश कुमावत, बाबूलाल यादव, कमलेश शर्मा, मोहित जांगिड़, सचिन जांगिड़ पावटा, फिरोज खान, देवी सहाय, कैलाश चंद गुर्जर, सीताराम स्वामी, डॉ. सुभाष चंद यादव, डॉ. राकेश यादव, छाजूराम सैनी, महेन्द्र यादव, अमीचंद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई



राजगढ़ के मांचाड़ी मार्ग स्थित छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया।

- मंगलवार 26 अगस्त को आकर्षक शोभायात्रा झांकी एवं विशाल मेले का आयोजन होगा।

**राजगढ़ ।** मांचाडी मार्ग स्थित छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर सोमवार को आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर मंदिर में भव्य झांकियों के साथ आकर्षक रोशनी की गई।

मंगलवार 26 अगस्त को आकर्षक शोभायात्रा झांकी एवं विशाल मेले का आयोजन होगा। हनुमान मंदिर के महंत पंडित राम अवतार शर्मा ने बताया कि सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज के दर्शन कर मनौती मांगी। इसी दौरान भारी संख्या में महिला पुरुष एवं अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। माचाडी मार्ग स्थित हनुमान मंदिर पर भव्य सजावट एवं रोशनी प्रमुख आकर्षण रही। इससे पूर्व रामायण एवं सुंदरकांड के पठन के बाद सोमवार प्रातः हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित होने वाले मेले को लेकर कस्बे सहित आसपास के श्रद्धालुओं में श्रद्धा एवं भक्ति का आलम है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर निराश्रित गौ वंशों का जमावड़ा

**पावटा।** पावटा कस्बा क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 48 पर पावटा कस्बा क्षेत्र में बारिश के मौसम के चलते जगह–जगह निराश्रित गौ वंशो के रूप में बैठे रहते हैं। ऐसे में तेज गति से आने वाले वाहनों की चपेट में आने से अब तक कई गौ वंशों की मौत हो चुकी है। वहीं इन गौ वंशों से टकराने से कई वाहन चालक भी दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है। जबकि इस समस्या पर न तो नेशनल हाईवे प्रशासन का ध्यान है और ना ही जिला प्रशासन की ओर से ध्यान दिया जा रहा है।

नेशनल हाईवे 48 पर इन निराश्रित गौ वंशों के जमावडे का खामियाजा इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों सहित निराश्रित गौ वंशों को भुगतना पड़ रहा है। अभी हाल ही में पावटा कस्बे में नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कई गौ वंशों की दर्दनाक मौत भी हो चुकी है। इसके बाउजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पावटा कस्बे में नेशनल हाईवे पर तो रोजाना बड़ी संख्या में निराश्रित गौ वंशो का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में वाहन चालकों को रोजाना काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे पर जगह–जगह डिवाइडर के किनारे ये पशु बैठे रहते हैं। बारिश के दिनों में ये पशु सूखे की तलाश में यहां बैठते हैं। इन पशुओं को गुजरते वाहनों से लगने वाली हवा से मक्खी और मच्छरों से राहत मिलती है, लेकिन ये हमारे लिए बड़े घातक सिद्ध होते हैं।

पशुओं के कारण कई लोगों की दुर्घटना में जान तक चली गई। इस समस्या का समाधान करने के लिए अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं। नगरपालिका प्रशासन की ओर से दुर्घटना के बाद मृत पशुओं को उठाने के लिए ठेके जरूर दिए जाते हैं लेकिन ऐसी स्थिति पैदा ही न हो इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन निराश्रित पशुओं की इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि पावटा कस्बे में नई गौशाला खोलने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई शुरू नहीं हो पाई है। ऐसे में निराश्रित गौ वंश को दर–दर की ठोकरें खाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।



अगर हमारे फिजियो किसी खिलाड़ी को काम के बोझ के प्रबंधन के लिए कह रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमें उनकी बात सुननी चाहिए क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझते हैं। - **चेतन शर्मा**

पूर्व भारतीय गेंदबजा, जसप्रीत बुमराह को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## सानिया चंडोक



**मुंबई** की हाई-प्रोफाइल सोसाइटी में नाम सानिया चंडोक इन दिनों खासी चर्चा में है। दरअसल, सानिया भारतीय क्रिकेट के महान दिग्गज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की मंगेतर हैं। बल्कि इसलिए भी कि वह एक ऐसे कारोबारी घराने से आती हैं जिसकी पहचान भारत के हॉस्पिटैलिटी और फूड इंडस्ट्री में दशकों से स्थापित है। सानिया का परिवार बैकग्राउंड, शिक्षा और खुद के बिजनेस वेंचर उन्हें एक अलग पहचान दिलाते हैं। सानिया चंडोक मुबई के मशहूर घई परिवार से है। उनके नाना रवि इकबाल घई ठाविस हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के चेयरमैन हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एशिया कप में आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है। श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है।

## सावर की हैट्रिक ने बीकानेर पोलो टीम को महाराज जगत सिंह मेमोरियल कप के फाइनल में पहुंचाया

जयपुर, 25 अगस्त। तीन दिन के मानसून के विराम के बाद,जयपुर राइडिंग एंड पोलो क्लब, बिंदैयाका में महाराज जगत सिंह मेमोरियल कप का रोमांच फिर से लौट आया। शानदार प्रदर्शन करते हुए, टीम बीकानेर पोलो ने टीम जेआरपीसी को5-0 के अंतिम स्कोर से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। साविर गोदारा मैदान पर अजेय रहे,उन्होंने बीकानेर पोलो के लिए सभी पाँच गोल दागे और एक ऐसी हैट्रिक लगाई जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नरेंद्र और योगेंद्र के कड़े प्रयासों के बावजूद,टीम जेआरपीसी रक्षा पंक्ति को भेदने या अपनी गति को गोल में बदलने में विफल रही। हालाँकि मैदान पर हाल ही में हुई बारिश के निशान थे,फिर भी पोलो का उत्साह अडिग रहा, जो दृढ़ ता,शालीनता और सरपट दौड़ के साथ आगे बढ़ता रहा।

## भारत ने अंडर-11 और नेपाल ने जीती अंडर-14 रिबाउंडर बॉल चैम्पियनशिप



जयपुर, 25 अगस्त। भारत और नेपाल के बीच पोखरा (नेपाल) मे आयोजित मिनी- सब जूनियर सब -जूनियर वर्ग की रिबाउंडर बॉल चैंपियनशिप में भारत ने अंडर-11 बालक वर्ग और नेपाल ने अंडर-14 बालक वर्ग की चैंपियनशिप जीती। रिबाउंडर बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रमेश सिंह के अनुसार अंडर-11 वर्ग में तीन मैचों की चैंपियनशिप में भारत ने 3-0 से जीत दर्ज की। भारत ने पहला टेस्ट 4-3 से, दूसरा टेस्ट 13-3 से और तीसरा टेस्ट 7-2 से जीती। सब जूनियर अंडर-14 वर्ग में पहला मुकाबला भारत ने 6-2 से जीता लेकिन नेपाल ने दूसरा मैच 2-1 से जीत 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक मुकाबले में नेपाल ने 3-2 की रोमाचक जीत के साथ चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। समापन समारोह में विजेताओं को फेडरेशन के महासचिव रमेश सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए।

## सागरमल मेहता बैडमिंटन में सतवीर ने तिहरे एवं स्तुति ने जीते दोहरे खिताब

जयपुर, 25 अगस्त। सागर मेहता मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप के आज अंतिम दिन सभी फाइनल खेले गए राजस्थान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र शांडिल्य व रमित पारीक ने बताया आज न्यायाधीश समीर जैन व न्यायाधीश सुदेश बंसल एवम पूर्व उपमाधिवक्ता अनिल मेहता ने प्रदर्शन मैच खेला साथ ही खिलाड़ियों की हौसला बढ़ाया। आज खेले गये अडर 40 फाइनल में सतवीर ने एकल, युगल व मिश्रित युगल का खिताब जीता। एकल के फाइनल मे सतवीर ने राहुल त्यागी को हराया ,मिक्स्ड डबल्स फाइनल मैच में सतबीर गुर्जर व भुवनेश्वरी ने पार्थ वशिष्ठ व किंजल सुराणा को 21- 12 ,21 -14 से हरा फाइनल जीता ,अंडर 40 पुरुष युगल में सतवीर गुर्जर व आयुष बिश्नोई ने फाइनल में व्युमेश शर्मा और अजय खेदड़ को 21- 13 21- 15 से हरा तीसरा खिताब भी सतवीर ने अपने नाम किया। आज खेले गए पुरुष एकल 40 वर्ष आयु से अधिक के खिलाड़ियों में संदीप खींची ने भरत सिंह को 15-13 ,15- 3 से हराया वहीं महिला एकल में स्तुति भंसाली ने भुवनेश्वरी को हराया। महिला युगल में स्तुति भंसाली व अनीमा चतुर्वेदी की जोड़ी ने तन्वीशा व किंजल की जोड़ी को फाइनल में संघर्ष भरे तीन गेमों में 21 -14, 19- 21 ,21 -18 से हरा खिताब जीता तथा 60 प्लस आयु वर्ग में टी. पी पांडे ने 21-9 21-10 से रमेश को फाइनल में हराया वही मेंस डबल्स 40 प्लस आयु के फाइनल में अमित पुनिया व भीष्म सिंह सिसोदिया की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अजय शर्मा व भवानी की जोड़ी को 21-13, 21-10 से पराजित किया।

# वेटलिफ्टर मीराबाई चानू की गोल्डन वापसी

## कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप में गोल्ड जीता, पेरिस ओलिंपिक के बाद पहला मुकाबला खेल रही थी



नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में चल रही कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया है। 48 वेट कैटेगरी में शिरकत करते हुए चानू ने कुल 193 वेट उठाया। स्नैच में उनकी बेस्ट लिफ्ट 84 की रही, वहीं क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 वजन उठाया।

चानू पेरिस ओलिंपिक के बाद पहली बार किसी इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उतरी थीं। 2020 टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट चानू पेरिस ओलिंपिक में मेडल जीतने से चूक गई थीं। तब वे चौथे स्थान पर रही थीं।

स्नैच में 1 प्रयास ही सफल हो पाया चोट की वजह से चानू करीब 1 साल से इंटरनेशनल इवेंट्स से दूर रही थीं। तैयारी की कमी का असर उनके प्रदर्शन से जाहिर हो रहा था। उन्होंने स्नैच में 3 प्रयासों में केवल एक सफल लिफ्ट किया।

पहले प्रयास में वे 84 वेट लिफ्ट करने में फेल रहीं और दाहिने घुटने को पकड़ते दिखाई दी। हालांकि दूसरे प्रयास में उन्होंने यही वजन आराम से उठा लिया। तीसरे प्रयास में उन्होंने 89 उठाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सकीं।


स्नैच के बाद क्लीन एंड जर्क की लिफ्टिंग हुई। चानू ने पहले अटैम्प्ट में 105 उठाया। दूसरे प्रयास में उन्होंने 109 वेट भी आसानी से उठा लिया। तीसरे प्रयास में चानू ने 113 वेट उठाने की कोशिश की लेकिन विफल रहीं। इस तरह स्नैच में 84 और क्लीन एंड जर्क में 109 की बेस्ट लिफ्ट के साथ चानू ने ओवलऑल 193 वेट उठाया और गोल्ड अपने नाम कर लिया। मलेशिया की आइरीन हेनरी ने कुल 161 (73 88) उठाकर सिल्वर मेडल जीता, जबकि वेल्स की निकोल रॉबर्ट्स ने कुल 150 किलो (70 80) के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

49 कैटेगरी से 48 में शिफ्ट हुई हैं चानू 31 वर्षीय चानू पहले 49 किलो वर्ग में वेटलिफ्टिंग करती थी। हालांकि पिछले ओलिंपिक में 49 किलो वर्ग हटा दिया गया, जिस वजह से उन्हें 48 किलो वर्ग में शिफ्ट होना पड़ा।

पर्सनल बेस्ट से अभी काफी दूर हैं चानू चानू ने भले ही कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में गोल्ड जीता हो लेकिन अभी वे अपने पर्सनल बेस्ट से काफी दूर हैं। स्नैच में उनका पर्सनल बेस्ट 88 और क्लीन एंड जर्क में 119 है। इस तरह उनका कंबाइंड पर्सनल बेस्ट 207 है। पेरिस ओलिंपिक में चानू ने टोटल 199 वेट उठाया था। वहीं, टोक्यो ओलिंपिक में उन्होंने 202 वेट उठाया था।

# ऐश्वर्य ने जीता एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड

## अद्रियानका जूनियर पुरुष 3 में एशियाई रिकॉर्ड, 25 गोल्ड के साथ भारत टॉप पर



नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 16वें एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के 50 मीटर मेंस राइफल 3 पोजीशन (3) इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में 462.5 स्कोर किया। कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही चैंपियनशिप में ऐश्वर्य ने शुरू से ही बढ़त बना ली। पहले पांच शॉट्स (नीलिंग पोजीशन) के बाद वे आगे निकल गए और फिर लगातार अपनी बढ़त को मजबूत करते रहे। 13वें शॉट के बाद झाओ और ऐश्वर्य के बीच केवल 0.3 अंकों का अंतर था। ऐश्वर्य ने 14वें शॉट में 10.8 का स्कोर बनाकर फिर से एक अंक से ज्यादा की बढ़त हासिल की, जो अंत तक बनी रही। उन्होंने 0.5 अंकों के अंतर से गोल्ड मेडल जीता। जापान के नाओया ओकाडा (448.8) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि चैन सिंह (435.7) और अखिल श्योरान (424.9) क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत के तीनों शूटरों ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया पुरुष 3 स्पर्धा में भारत के तीनों निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। ऐश्वर्य ने 584 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल कर सबसे ऊंचा क्वालिफिकेशन स्कोर बनाया। अनुभवी निशानेबाज चैन सिंह 582 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप ब्रॉन्ज मेडल विजेता अखिल श्योरान ने 581 अंकों के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। चीन के भी तीनों निशानेबाज फाइनल में पहुंचे, जबकि जापान और कोरिया के एक-एक शूटर फाइनल के लिए क्वालिफाई किए। हालांकि, भारत को टीम गोल्ड मेडल से चूकना पड़ा। भारत का कुल स्कोर 1747 रहा, जो चीन के 1750 से तीन अंक कम था। ऐश्वर्य इस टूर्नामेंट में दूसरी बार गोल्ड मेडल जीता ऐश्वर्य का इस टूर्नामेंट में यह दूसरा गोल्ड है। वह एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुके हैं। चीन के झाओ वेन्यू ने सिल्वर और जापान के नाओया ओकाडा ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। जूनियर में अद्रियान और वेदांत ने भारत को मेडल दिलाए जूनियर के मेंस राइफ थ्री पोजीसन में भारत को दो मेडल मिले। अद्रियान ने गोल्ड और वेदांत ने ब्रॉन्ज मेंडल जीता। फाइनल में अद्रियान ने शानदार शुरुआत की।

# संजू ने केरल क्रिकेट लीग में शतक लगाया

## एशिया कप के प्लेइंग इलेवन के लिए दावेदारी पेश की



नई दिल्ली, 25 अगस्त। एशिया कप से ठीक पहले संजू सैमसन ने डोमेस्टिक टी-20 लीग केरल क्रिकेट में शतक लगा दिया है। उन्होंने इस शतक से भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। एशिया कप 9 सितंबर से में खेला जाएगा। संजू ने कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से खेलते हुए सिर्फ 51 गेंदों में 121 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उन्होंने 16 गेंदों पर हाफ सेंचुरी पूरी की जबकि 42 गेंदों पर शतक पूरा किया। इस मैच में वह ओपनिंग करने उतरे थे। संजू की टीम कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने एरीज कोल्लम सेलर्स को 4 विकेट से हराया।

एरीज कोल्लम सेलर्स ने 236 रन बनाए टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एरीज कोल्लम सेलर्स ने 20 ओवर में 236 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज विश्नु विनोद ने 94 रन (41 गेंदों पर) और सचिन बेबी ने 91 रन (44 गेंदों पर) की शानदार पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 66 गेंदों में 143 रनों की साझेदारी की। एरीज ने शुरुआती 6 ओवर में 1 विकेट पर 100 रन बनाकर टूर्नामेंट का रिकॉर्ड बनाया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोच्चि ब्लू टाइगर्स को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे। मोहम्मद आशिक ने पहले दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर मैच को रोमांचक कर दिया। अगले तीन गेंदों में सिर्फ एक रन आए और एक विकेट भी गिरा।

आखिरी गेंद पर टीम को 6 रन चाहिए थे। आशिक ने सामने की तरफ सिक्स लगाकर कोच्चि ब्लू टाइगर्स को जीत दिला दी। आशिक ने 18 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 5 सिक्स भी शामिल थे।

एशिया कप के प्लेइंग-11 में संजू के लिए जगह बनाना मुश्किल एशिया कप 9 सितंबर को में शुरू होगा। फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत ने 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में संजू को भी जगह दी गई है। एशिया कप के लिए घोषित टीम में इस बार टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को भी जगह दी गई है। टीम में दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा को भी शामिल किया गया है।

## राजस्थान के इतिहास में पहली बार अरशान बने बॉडी बिल्डिंग के एशिया चैम्पियन

जयपुर, 25 अगस्त। बैंकोक, थाईलैण्ड में 18 से 25 अगस्त को आयोजित हुई 57वीं एशियन बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिजिक स्पोर्टस चैम्पियनशिप में राजस्थान के बॉडी बिल्डर अरशान खान ने 100 किलो भार वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल कर सभी 10 किग्रा भार वर्गों के विजेताओं से प्रतियोगिता में सम्पूर्ण एशिया के नम्बर वन चैम्पियन बने। राजस्थान बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि बॉडी बिल्डर अरशान खान मिस्टर एशिया बनने से पहले ऑल इण्डिया फैडरेशन कप में सिल्वर मैडल, ऑल इण्डिया इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में वर्ष 2019, 2021, 2023 में गोल्ड मैडल जीता, जूनियर मिस्टर नोर्थ इण्डिया ने 2016, 2017 में गोल्ड मैडल जीता, मिस्टर राजस्थान में वर्ष 2014, 2015, 2016, 2017, 2021 व 2022 में गोल्ड मैडल जीत के साथ ही चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब जीता।

## शाकिब टी-20 में 500 विकेट लेने वाले 5वें गेंदबाज बने



नई दिल्ली, 25 अगस्त। बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी-20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। शाकिब ने कैरेबियन प्रीमियर लीग ( 2025) में रविवार को सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ एंटिगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स की ओर से खेलते हुए यह अचीवमेंट हासिल की। शाकिब ने दो ओवर की गेंदबाजी में 11 रन देकर 3 विकेट झटके। उनके गेंदबाजी से फाल्कन्स ने 7 विकेट की जीत हासिल की। टीम पॉइंट टेबल में टॉप पर बरकरार है। इस मैच से पहले शाकिब को 500 विकेट पूरे करने के लिए सिर्फ एक विकेट की जरूरत थी, जो उन्होंने अपनी छठी गेंद पर हासिल कर लिया। पैट्रियट्स टीम के 4 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे पहले बल्लेबाजी करने उतरी पैट्रियट्स की टीम 133/9 बना सकी।

# शटलर लक्ष्य सेन बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप से बाहर

## व्लर्ड नंबर-1 चीन के शी यू की ने हराया, सिंधु और प्रणय के मैच बाकी



नई दिल्ली, 25 अगस्त। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन को हारकर बाहर होना पड़ा है। सोमवार को राउंड ऑफ 64 मैच में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू की ने सीधे गेम में हरा दिया।

पेरिस के अडीडास एरिना में चीनी प्लेयर ने 21-17, 21-19 से बाजी मारी और अगले राउंड में एंट्री की। चीनी प्लेयर ने चौथी बार हराया शी यू की और लक्ष्य के बीच बैडमिंटन में पांचवां ही मैच खेला गया। शी ने इनमें चौथी बार बाजी मारी, लक्ष्य 1 बार ही चीनी प्लेयर को हरा सके। 54 मिनट तक चले मैच में शी हावी ही दिखे। उन्होंने 21-17 से पहला गेम जीतने के बाद 21-19 से दूसरा गेम भी जीत लिया।

दोनों प्लेयर्स इसी साल जून में आखिरी बार इंडोनेशिया ओपन के दौरान भी भिड़े थे। तब भी शी ने बाजी मारी थी। हालांकि, तब मुकाबला 3 गेम तक चला था। शी के खिलाफ लक्ष्य की इकलौती जीत 2022 के एशियन गेम्स में आई थी। तब लक्ष्य ने 22-20, 14-21, 21-18 से मैच जीता था। सिंगल्स में प्रणौय और सिंधु बाकी वर्ल्ड चैंपियनशिप में 24 साल के लक्ष्य सेन की हार के साथ मेंस सिंगल्स में भारत की चुनौती कम हो गई। अब सिंगल्स में एचएस प्रणौय ही बचे हैं, उनका राउड ऑफ 64 मैच मंगलवार को होगा। विमेंस सिंगल्स में पीवी सिंधु का राउंड ऑफ 64 मैच भी मंगलवार को ही होना है।

प्रणौय फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से भिड़ेंगे। वहीं सिंधु बुल्गारिया की काल्योना नाल्बांतोवा का सामना करेंगी। मेंस और मिक्स्ड डबल्स में भारत की एक-एक जोड़ी टूर्नामेंट खेल रही हैं। दोनों के मैच मंगलवार को होंगे। विमेंस डबल्स में 2 भारतीय जोड़ियां हिस्सा ले रही हैं।

# एशिया कप 2025 में भारत-पाक मैच को लेकर विवाद गहरा

## कांग्रेस ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर मैच रद्द करने की मांग की

नई दिल्ली, 25 अगस्त। एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर विवाद गहरा गया है। कांग्रेस ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर मैच रद्द करने की मांग की है। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के तनावपूर्ण संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि इस समय पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना देश हित के खिलाफ है।नई दिल्ली।अगले महीने से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप-2025 में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मैच खेलेंगी। इस मैच को लेकर काफी हंगामा मचा हुआ है।

मामले पर राजनीति काफी गहरा गई है और विपक्षी पार्टी कांग्रेस का सांसद गौरव गोगोई ने ये मुद्दा एक बार फिर उठाया है। गौरव ने बीसीसीआई को एक पत्र लिखा है जिसमें साफ तौर पर कहा है कि भारत को ये मैच नहीं खेलना चाहिए। अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंध काफी खराब हो गए हैं। इसके बाद से भारत में हर मोर्चे पर पाकिस्तान का विरोध किया जा रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर कर इस हमले का बदला लिया और लगातार पाकिस्तान को घेर रहा है। इसी के चलते इस मैच का विरोध भी हो रहा है और बीसीसीआई के साथ-साथ भारतीय सरकार पर भी सवाल उठ रहे हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 14 सितंबर को खेला जाना है। लोकसभा सांसद गौरव ने अपनी बात रखते हुए कहा कि इस समय पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना देश हित के खिलाफ है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकया को लिखे पत्र में गौरव ने लिखा, "वैसे क्रिकेट हमेशा से एक ऐसा माध्यम रहा है जो लोगों के चेहरे पर हंसी लेकर आया है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए इस तरह के आयोजनों को देश हित के ऊपर तरजीह नहीं दी जा सकती।"

## गौतम गंभीर फाउंडेशन को राहत नहीं

नई दिल्ली, 25 अगस्त। दिल्ली हाई कोर्ट ने गौतम गंभीर फाउंडेशन और उसके सदस्यों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। बता दें कि, गंभीर के इस फाउंडेशन में उनके अलावा उनकी पत्नी और मा सीमा गंभीर शामिल हैं। दरअसल, मामला कोरोना महामारी के दौरान 21 में बैगर लाइसेंस के दवा बांटने से जुड़ा है।सितंबर 2021 में हाईकोर्ट ने दिल्ली के औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा गौतम गंभीर फाउंडेशन के खिलाफ रोहिणी कोर्ट में दायर एक आपराधिक शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।


## हमारा लक्ष्य हीरो एशिया कप जीत कर हॉकी विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई करना : हरमनप्रीत

पटना, 25 अगस्त । भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि हमारा लक्ष्य हीरो एशियाकप जीतकर हॉकी विश्वकप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। सिंह ने आज यहां यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि इस प्रतियोगिता में भारत किसी भी टीम को हल्के में नही ले रही है और हम हर मैच को पूरी मुस्तैदी से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की एक नर्सरी तैयार है जो भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान ने कहा कि हाल ही में अपने बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करने के किये ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 24 सदस्यों की भारतीय हॉकी टीम गयी थी। पहले दो प्रयोगात्मक मैच हम हारे लेकिन बाद के दो मुकाबलों में एक हमने ऑस्ट्रेलिया जैसी सशक्त टीम को हराया।हरमनप्रीत तीन ओलम्पिक खेलो 2016,2021 और 2024 में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और दो बार कांस्य पदक हासिल करने में सफल रहे हैं। 2024 के पेरिस ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीन के वह कप्तान भी थे।

2016 के ओलम्पिक खेलो में हरमनजीत की हॉकी स्टिक कोई गोल किये बिना खामोश रह गयी थी, इस सवाल के जवाब में भारतीय कप्तान ने कहा कि एक साल पहले ही भारतीय टीम में उनका चयन हुआ था। उस समय अनुभव की कमी थी और सीनियर खिलाड़ियों का दबदबा था लेकिन उस अनुभव से बहुत कुछ सीखा गया। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई स्थानापन्न नही होता है, मैंने ठान लिया कि आगे देश के लिए कुछ करना है, इसके बाद सफलता मिलती गयी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहली बार राज्य में कोई एशिया स्तर की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इससे पहले बिहार ने महिलाओं की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। उन्होंने कहा कि खेलकूद के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ हमारी आयोजन क्षमता बढ़ रही है। महिलाओं की हॉकी टीम को हमने बोधगया में ठहराया था लेकिन इस बार पुरूष टीम खेलकूद के स्थल के पास ही राजगीर में ठहरेगी। उन्होंने कहा कि राजगीर में पहले हमारे पास केवल एक हॉकी ट्रैक था लेकिन अब दूसरा भी बन गया है जिससे मैचो को समय सीमा में आयोजित करना आसान हो गया है।

# 32वीं मुथरादास माथुर अवार्ड : महीपाल, कार्तिक व यथार्थ अवार्ड्स से सम्मानित



जयपुर, 25 अगस्त। 32वें मथुरादास माथुर अवार्ड के लिए वर्ष 2024-25 में सीनियर वर्ग में महीपाल लोमरोर, जूनियर वर्ग में कार्तीक शर्मा व सब जूनियर वर्ग में यथार्थ भारद्वाज सर्वश्रेष्ठ किकेटर चुने गये। पूर्व रणजी खिलाडी वेद आहुजा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने राजस्थान के खिलाडियों की वर्ष भर के प्रर्दशन के आधार पर सर्वसम्मत से चयन किया है। चयन समिति में अन्य सदस्य पूर्व कप्तान संजय व्यास, शरद जौशी, रोहित झालानी व गौरव शर्मा उपस्थित थे।

अवार्डस के तहत सीनियर वर्ग में 15000 (पन्द्रह हजार) तथा जूनियर व सब जूनियर वर्ग में क्रमश: साडे सात हजार रुपये नकद व सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस, स्मृति चिन्ह, व सम्पूर्ण किट बैग प्रदान किये जाएंगे। अवार्डस हर वर्ष की भाँति 6 सितम्बर को होटल हिल्टन में, हवा सडक, प्रात: 11 बजे स्व. मथुरादास माथुर की जन्म तिथि पर दिये जाएंगे। इससे पहले महिपाल लोगरोर को अवार्ड 2017 में मिला था। 5 वर्ष बाद अवार्ड दूसरी बार दिया जा सकता है। इससे पहले यह अवार्ड पंकज सिंह, अनिकेत चौधरी, अशोक मेनारिया को 2 बार मिल चुका है।

### सीनियर कैटेगरी

**महिपाल लोमरोर:** नागौर, बायें हाथ के बल्लेबाज व गेन्दबाज।

1. मुस्ताक अली: 7 मैच, 6 पारी, 2 नॉट आउट, 146 रन, गेंदबाजी 7 मैच, 2 पारी, ओवर 4.10-29-2
2. विजय हजारे 8 मैच, 8 पारी, 2 नॉट आउट, 438 रन, 2 शतक, 134 नाबाद उच्चतम, 73 औसत। गेंदबाजी 1 मैच, 1 पारी, ओवर 1.3-0-09-0
3. रणजी ट्रॉफी 7 मैच, 10 पारी, 1 नॉट आउट, 616 रन, 300 रन नॉट आउट उच्चतम, 68. 44 औसत । गेंदबाजी, ओवर 43.1-1-198-5।

### जूनियर कैटेगरी

**कार्तीक शर्मा:** भरतपुर, दायें हाथ के बल्लेबाज व विकेट किपर।

**बीनू मंकड ट्रॉफी:** बल्लेबाजी: 5 मैच, 5 पारी, 1 नॉट आउट, 492 रन, 225 उच्चतम, 123 औसत, 2शतक, 4 कैच, 4 स्टम्प।

**कूच बिहार ट्रॉफी:** 3 मैच, 5 पारी, 0 नॉट आउट, 379 रन, 181 उच्चतम, 45.4 औसत, 3 अर्धशतक, 5 यौच, 3 स्टम्प।

मुस्ताक अली ट्रॉफी 7 मैच, 6 पारी, 201 रन, 58 उच्चतम, 33.5 औसत, 2अर्धशतक, 3 कैच।

विजय हजारे ट्रॉफी 9 मैच, 8 पारी, 0 नॉट आउट, 445 रन, 123 उच्चतम, 55.6 औसत, 2 शतक, 2 अर्धशतक, 27 कैच।

रणजी ट्रॉफी 3 मैच, 5 पारी, 0 नॉट आउट, 148 रन, 113 उच्चतम, 29.6 औसत, 1 शतक, 2 कैच।

## बोन्जी ने मेदवेदेव को हराकर यूएस ओपन में किया उलटफेर

न्यूयॉर्क, 25 अगस्त। फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने यूएस ओपन में उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन डेनियल मेदवेदेव को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गये मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने पांच सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विंबलडन में भी मेदवेदेव को हराया था।

उन्होंने एक बार फिर रूसी खिलाड़ी को पहले ही दौर में हराकर ग्रैंड स्लैम से बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेटों की मैराथन जीत के बाद सांस फूलने की हालत में स्वीकार करते हुए कहा, मैंने ऐसा पहले कभी अनुभव नहीं किया था। यह परिदृश्य अद्भुत था तीसरे सेट में मैच पॉइंट, चौथे सेट में थकावट, फिर पांचवें सेट में पूरी ताकत। मेरे लिए, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

# राजस्थान की गोवा पर 201 से ऐतिहासिक जीत



जयपुर, 25 अगस्त। राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता में राजस्थान का पहला मुकाबला गोवा से हुआ जिसमें राजस्थान ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए गोआ जैसी मजबूत फुटबॉल टीम को 2-1 से हराकर अपने पूल का पहला मैच जीत लिया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान सब जूनियर बालिका टीम छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित हो रही राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप के पूल के पहले मैच में गोआ के सामने खेलते हुए शानदार टीम गेम दिखाते हुए शानदार फुटबॉल खेला और राजस्थान की ओर से राधिका ने 25वें मिनट में शानदार गोल करके राजस्थान को बढ़ त दिलाई। बाद में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल खेला और गोआ ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पेनल्टी हासिल की और मैच के 47वें मिनट में गोवा ने पेनल्टी किक से गोल करके मैच में 1- 1 गोल से बराबरी कर ली। राजस्थान की खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल दिखाया और 49वें मिनट में एक बार फिर राधिका ने शानदार गोल करके राजस्थान को 2- 1 बढ़त दिला दी। अन्तिम समय तक गोवा टीम ने गोल करने का भरसक प्रयास किया लेकिन राजस्थान की ओर से गोलकीपर पायल, आसमान, मनीषा और रूचिका ने शानदार खेल दिखाते हुए संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की। राजस्थान फुटबॉल टीम की जीत पर राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कर्नल मानवेन्द्र सिंह, सचिव दिलीप सिंह शेखावत, महिला विंग की चेयरमैन रोशनी टाक और विभिन्न जिला संघो के महेंद्रसिंह बिजरानिया, कैलाश खटीक, अरविंद सिंह, मदन बेनीवाल, अब्दुल जब्बार, हरिराम डारा, सतीश जांगिड़, फरहत अली, दिनेश सिंह, दिलीप सिंह चुण्डावत, अमरसिंह, मनोज जाट, शकील अहमद, तीर्थ सांगा और राजस्थान के सभी भूतपूर्व फुटबॉल खिलाड़ीयों तथा सभी जिला संघो ने टीम की जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी। ज्ञात रहे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं जिसकी मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ कर रहा है। ग्रुप में राजस्थान की टीम का अगला मुकाबला मेजबान छत्तीसगढ़ से 29 अगस्त को होगा। राजस्थान की टीम का प्रशिक्षण शिविर पहली बार राजस्थान से बाहर हिसार, हरियाणा में आयोजित हुआ जिसे फुटबाल संघ की अंतर्राष्ट्रीय सीनियर टीम की खिलाड़ी रेणु और एशिया कप क्वालीफाईड निशा रानी ने प्रक्षिक्षण दिया।

## हिमाचल में भारी बारिश 5 की मौत

शिमला/धर्मशाला, 25 अगस्त। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच सोमवार को कांगड़ा, बिलासपुर, कुल्लू, हमीरपुर, मंडी में भारी बारिश हुई। बारिश-भूस्खलन के चलते कई जगह भारी नुकसान हुआ है। मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। प्रशासन ने यात्रा पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। दो हजार से ज्यादा श्रद्धालु

- **मृतकों में से चार मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के श्रद्धालू थे। बारिश के कारण मणिमहेश यात्रा रोक दी गई है।**

अभी भी बीच रास्ते में फंसे हुए हैं। हालांकि, सभी सुरक्षित स्थानों पर हैं। नूरपुर में डडवाड़ा गांव का गुरुदेव सिंह (72) की खड्ड में बहने से मौत हो गई। प्रदेश की ऊंची चोटियों, शिंकुला दर्रा, कुगती जोत, बारालाचा में 10 से 20 सेंमी तक बर्फबारी हुई है।

खराब मौसम को देखते हुए मंगलवार को ऊना, चंबा, कुल्लू, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर, सोलन, हमीरपुर में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

# भारत ने पाकिस्तान को बाढ़ की अग्रिम चेतावनी दी

### सिंधु जल संधि खत्म होने के बाद भी भारत द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना हो रही है

नई दिल्ली, 25 अगस्त। जम्मू में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी जारी की है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि ठंडे बस्ते में है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि मई में सैन्य संघर्ष के बाद यह दोनों पड़ोसियों के बीच पहला बड़ा संपर्क है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग ने 24 अगस्त को पाकिस्तानी अधिकारियों को जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की संभावना के बारे में बताया। भारत के इस कदम के बाद पाकिस्तान ने भी अपने यहां चेतावनी जारी की। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव हुआ। इसी दौरान प्रधानमंत्रीनरेंद्र

- **जियो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग ने जम्मु की तवी नदी में बाढ़ की चेतावनी दी थी, इसके बाद पाकिस्तान ने भी रैड अलर्ट जारी किया है।**

मोदीने सिंधु जल संधि को रद्द करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान में बाढ़ अलर्ट ऐसे समय आया है जब यह संधि स्थगित है।

न्यूज़पेपर द न्यूज़ ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने बाढ़ से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए पाकिस्तान से संपर्क किया है। हालांकि अभी तक भारत या पाकिस्तान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आमतौर पर इस तरह की सूचनाएं सिंधु जल आयुक्तों के माध्यम से साझा की जाती हैं।

सूत्रों के अनुसार, भारत ने जम्मू की तवी नदी में संभावित भीषण बाढ़ के बारे में इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के जरिए पाकिस्तान को आगाह किया। खबर में यह भी दावा किया गया है कि मई में दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष के बाद यह पहली बड़ी बातचीत है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 30 अगस्त तक पाकिस्तान के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मानसून की बारिश से जूझ रहे पाकिस्तान में अब तक 788 से अधिक लोगों की मौत और 1,018 लोगों के घायल होने की खबर है।

## डूंगरपुर में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ओर से आवागमन बंद कर दिया गया है तथा एहतिहात के तौर पर डूंगरपुर-उदयपुर जिला प्रशासन ने पुलिस जाब्ता तथा प्रशासनिक अधिकारियों को नियुक्त किया है।

डूंगरपुर में सुबह के समय भी आसमान में घनघोर काले बादल छाए हुए हैं और रुक-रुककर बरसात हो रही है। लगातार बारिश की वजह से डूंगरपुर के अमरपुरा बांध छलक गया है। इसके अलावा आकरसोल का नाका, मारगिया, अमरपुरा, टामटिया, पूंजपुरा और बोडीगामा बांध तालाब ओवरफ्लो चल रहे हैं। सभी पर 1 से 2 फीट की चादर चल रही है। जिले में सोमवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश कनवा ने 87 एमएम हुई है।

वहीं देवल में 69 एमएम, डूंगरपुर में 64 एमएम, आसपुर में 44 एमएम, गणेशपुर में 4० एमएम, निठाउवा में 40 एमएम, सोम कमला आंबा बांध क्षेत्र में 28 एमएम, धम्बोला में 30 एमएम, सागवाडा में 26 एमएम, चिखली में 23 एमएम, सावला में 24 एमएम, वेंजा में 27 एमएम बारिश हुई है।

# बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले में ईडी की बड़ी कार्यवाही

### सत्तारुढ़ तृणमूल के विधायक जीवनकृष्ण साहा को गिरफ्तार किया

कोलकाता, 25 अगस्त। प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में छापेमारी के बाद सोमवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार कर लिया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में उनके आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी ने हिरासत में लिया। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान विधायक ने दीवार कूदकर अपने घर से भागने की कोशिश की। उन्होंने अपने फोन भी घर के पीछे एक नाले में फेंक दिए, जो बरामद कर लिए गए हैं।

छापेमारी के वीडियो और तस्वीरों में एक भीगे हुए विधायक को ईडी और सीआरपीएफ के अधिकारी उस जगह से ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां चारों ओर झाड़ियां और कचरा फैला हुआ था।

- **ईडी के सूत्रों ने बताया कि विधायक ने दीवार फांदकर भागने की कोशिश की और अपने फोन भी घर के पीछे नाले में फेंक दिए जिन्हें बरामद कर लिया गया है।**

सूत्रों ने बताया कि बुरवान विधानसभा क्षेत्र के विधायक को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एजेंसी के साथ सहयोग न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि छापेमारी में विधायक के कुछ रिश्तेदार और सहयोगी भी शामिल हैं।

साहा को 2023 में सीबीआई ने इस घोटाले से कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया था और बाद में रिहा कर दिया गया था। ईडी का धन शोधन मामला सीबीआई की ओर से दर्ज एक प्राथमिकी से उपजा है, जिसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने समूह ग और घ के कर्मचारियों, कक्षा 9 से 12 तक के सहायक शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच करने का निर्देश दिया था। ईडी ने इससे पहले पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी कथित सहयोगी अर्पिता मुखर्जी, टीएमसी विधायक और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के अलावा कुछ अन्य लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी की ओर से गिरफ्तारी के बाद चटर्जी को टीएमसी ने निलंबित कर दिया था। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल चार आरोपपत्र दाखिल किए हैं।

## भारत ने ट्रंप से डील करने के लिए ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तकनीकी साझेदारियों से लेकर ऊर्जा आयात तक, की बारीकी से निगरानी कर रहा है। इस लॉबिइंग अभियान की टाइमिंग भी अहम है। ट्रम्प का नया टैरिफ पैकेज भारतीय सामानों पर शुल्क को दोगुना कर 50 प्रतिशत तक ले जाता है, 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क और 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना। इसके समानांतर, वाइट हाउस ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी है, जिससे आर्थिक असर व्यापार से कहीं आगे तक पहुँच सकता है।

भारत के लिए यह लड़ाई सिर्फ आर्थिक नहीं है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, एक अहम तकनीकी साझेदार है और इंडो-पैसिफिक रणनीति में एक आवश्यक संतुलन है। नई दिल्ली के सामने चुनौती है कि वह अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करे, लेकिन वॉशिंगटन के साथ उसकी रणनीतिक समीपता भी बरकरार रहे। इसीलिए लॉबिइंग के जरिये भारत यह दांव खेल रहा है कि प्रभाव, पहुँच और सुनियोजित संदेश के ज़रिये ट्रम्प की संरक्षणवादी नीति के सबसे कठोर प्रभावों को रोका जा सके।

यह कदम वॉशिंगटन के प्रभाव के बाजार में चल रही व्यापक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को भी दर्शाता है। पाकिस्तान, जो गहरे आर्थिक संकट में है, ने भी लॉबिइंग बजट में भारी इजाफा कर दिया है। एफएआरए के अनुसार, इस्लामाबाद हर महीने लगभग 600,000 (5.2 करोड़) छह से अधिक फर्मों पर खर्च कर रहा है, ताकि वह वाइट हाउस, कांग्रेस और संघीय एजेंसियों को दक्षिण एशिया से जुड़े मुद्दों पर अपनी ओर झुका सके।

इस पृष्ठभूमि में भारत की लॉबिइंग सम्बंधी तेजी से सिर्फ टैरिफ का जवाब नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वह किसी भी वैश्विक ताकत से अपने प्रभाव के क्षेत्र में पीछे न रह जाए। वॉशिंगटन हमेशा से ही विचार -विमर्श का युद्धक्षेत्र रहा है, और जब दंडात्मक व्यापारिक नीतियाँ सामने हों, तो नई दिल्ली यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसकी आवाज़ बुलंद हो, उसकी बात मजबूती से रखी जाए और उसके हितों की रक्षा वास्तविक समय में हो। अंततः, भारत की यह लॉबिंग मुहिम यह दर्शाती है कि वॉशिंगटन के साथ संबंध अब कूटनीति और राजनीतिक वकालत के मेल से तय होते हैं। जब टैरिफ और प्रतिबंध आसन्न हों, तब लड़ाई केवल व्यापार आंकड़ों या घोषणाओं में नहीं, बल्कि प्रभाव, लॉबिइंग और सत्ता केन्द्रों की नज़दीकी तक सीमित रह जाती है।

इस प्रतिस्पर्धा में नई दिल्ली ने साफ कर दिया है कि वह मूकदर्शक नहीं बनेगी। ट्रम्प की आंतरिक सर्कल तक सीधी पहुँच रखने वाले लॉबिइंग नेटवर्क में निवेश कर भारत यह संकेत दे रहा है कि वह अपने आर्थिक हितों और रणनीतिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा - चाहे राजनीतिक माहौल कितना ही चुनौतीपूर्ण क्यों न हो।

## संघ का तीन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अगस्त को सरसंघचालक मोहन भागवत संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में समाज की प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

आंबेकर ने कहा कि संवाद कार्यक्रम में नोबेल पुरस्कार प्राप्त कैलाश सत्यार्थी और डॉ. त्रेहान भाग लेंगे। हर धर्म के लोग इसमें भाग लेंगे। संवाद कार्यक्रम में दो दिन उद्बोधन का सत्र रखा है। दो दिन में 100 वर्ष की यात्रा के बारे में बताएंगे। तीसरे दिन आमंत्रित अतिथि भी संबोधन देंगे। साथ ही लोगों के प्रश्नों के जवाब देंगे।

## पंचायत चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पद से हटाया गया था। अपील में कहा गया कि इन हटाए गए प्रशासकों की किसी प्रकार की विधिक क्षति नहीं हुई है। दोनों पक्षों की दलील सुवनकर खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी।

## 'धनखड़ के बारे में सच-झूठ की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्याख्या विपक्ष की बातों पर आधारित नहीं होनी चाहिए। हमें इस सबका तमाशा नहीं बनाना चाहिए। धनखड़ ने एक संवैधानिक पद संभाला था और संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

उन्होंने निजी स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया। इस पर ज्यादा विचार विमर्श नहीं होना चाहिए।"

हालांकि, कांग्रेस नेता शाह की सफाई से संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि यह समझ से परे है कि हमेशा मुखर और जीवंत रहने वाले धनखड़ इस्तीफे के बाद से पूरी तरह से मौन क्यों हैं।

रमेश ने कहा, यह समझ में नहीं आता कि किसानों की आवाज़ बनने वाले, सदैव उत्साही और स्पष्टवादी श्री धनखड़ पिछले एक महीने से पूरी तरह संपर्क से बाहर क्यों हैं। यह पूरा इस्तीफा प्रकरण अजीब है और यह दिखाता है कि जी2 कैसे काम करता है।

धनखड़ ने 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा, स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सा सलाह का पालन करने के लिए, मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से अनुच्छेद 67(क) के तहत इस्तीफा देता हूं।

हालांकि, उनके अचानक और अप्रत्याशित तरीके से इस्तीफा देने और उसके बाद से सार्वजनिक जीवन से पूरी तरह गायब रहने ने राजनीतिक अटकलों को जन्म दे दिया है।

कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करने के उनके निर्णय से सरकार नाराज़ थी और इसलिए उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। कुछ रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया कि सरकार स्वयं धनखड़ के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रही थी।

## जंतर-मंतर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देकर उन्हें जीवित बचे रहने में सहयोग करना चाहिए। हरियाणा के किसान और संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) के सदस्य किशन पाल चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में बहुत कम राशि तय की है। इससे छोटे से छोटे किसान को भी अपनी आवश्यकता पूरी करने में मदद नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हर किसान परिवार को हर साल कम से कम 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष की सहायता करनी चाहिए।

## 'सुदर्शन रेड्डी पर शाह की टिप्पणी पूर्वाग्रह...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के. कन्नन, के. चंद्रू, बी. चंद्रकुमार और कैलाश गंभीर शामिल हैं। प्रोफेसर मोहन गोपाल और वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने भी बयान पर हस्ताक्षर किए हैं।

शुक्रवार को केरल में बोलते हुए शाह ने कहा था, सुदर्शन रेड्डी वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने नक्सलवाद को बढ़ावा दिया। उन्होंने सलवा जुडूम का फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम का फैसला नहीं सुनाया गया होता, तो नक्सली आतंकवाद 2020 तक समाप्त हो गया होता। वह वह व्यक्ति हैं, जो सलवा जुडूम का फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित थे।

रेड्डी ने शनिवार को कहा था कि वह गृह मंत्री के साथ किसी भी मुद्दे पर बहस नहीं करना चाहते। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह फैसला उनका नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट का है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर शाह ने पूरा फैसला पढ़ा होता, तो वे ऐसी टिप्पणी नहीं करते।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908